THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-29 अंक : 274 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) पौष कृ.11 2081 गुरुवार, 26 दिसंबर-2024

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ❊ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये









THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-29 अंक : 274 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) पौष कृ.11 2081 गुरुवार, 26 दिसंबर-2024

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ❊ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## केंद्र ने 5 राज्यों के राज्यपाल बदले

**पूर्व गृह सचिव अजय भल्ला मणिपुर, वीके सिंह मिजोरम गवर्नर बने-आरिफ मोहम्मद केरल से बिहार भेजे गए**

नई दिल्ली, 25 दिसंबर (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने 3 राज्यों में नए राज्यपाल नियुक्ति किए, जबकि दो राज्यों में राज्यपालों की अदला-बदली की। पूर्व गृह सचिव अजय कुमार भल्ला को मणिपुर का राज्यपाल और पूर्व सेना प्रमुख वीके सिंह को मिजोरम का नया गवर्नर बनाया गया है। इसके अलावा डॉ. हरि बाबू कंभमपति को ओडिशा का राज्यपाल नियुक्त किया है। उधर बिहार और केरल के राज्यपालों की अदल-बदली की गई। केरल के मौजूदा राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को बिहार का और बिहार के मौजूदा राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर को केरल भेजा गया है।

### पीएम ने खजुराहो में केन-बेतवा लिंक परियोजना का शिलान्यास किया

# ऐसी योजनाओं का श्रेय अंबेडकर को

खजुराहो, 25 दिसंबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्य प्रदेश के खजुराहो में बुधवार को केन-बेतवा लिंक परियोजना का शिलान्यास किया। इसके अलावा उन्होंने ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट का उद्घाटन भी किया। इस मौके पर पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन पर आधारित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। वाजपेयी पर डाक टिकट जारी किया गया। प्रधानमंत्री ने यहां अपनी स्पीच की शुरुआत बुंदेलखंडी में की। कहा- वीरों की धरती ई बुंदेलखंड पर रहवे वारे सभी जनन को हमाई तरफ से हाथ जोड़के राम-राम पहुंचे।

उन्होंने अपनी स्पीच में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और डॉ. भीम राव अंबेडकर का जिक्र किया। उन्होंने कहा, देश में पानी से जुड़ी योजनाओं का क्रेडिट अंबेडकर को जाता है, लेकिन कांग्रेस ने कभी बाबा साहेब को इसका श्रेय नहीं दिया, लोगों को पता भी नहीं चलने दिया।

## कांग्रेस ने कभी उन्हें क्रेडिट नहीं दिया



**पीएम मोदी की स्पीच, 3 नेताओं का जिक्र**

**❊ अटल बिहारी वाजपेयी :** प्रधानमंत्री ने कहा, एमपी में आज हजारों करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं की शुरुआत हुई है। आज बहुत प्रेरणादायी दिन है। आज अटलजी की जन्म जयंती है। आज उनके जन्म के 100 साल हो रहे हैं। उन्होंने मुझ जैसे कई कार्यकर्ताओं को सिखाया है। देश के विकास में अटलजी का योगदान हमारे स्मृति पटल पर अटल रहेगा।

**❊ भीम राव अंबेडकर :** पीएम ने कहा, भारत में जो बड़ी नदी परियोजनाएं बनीं, इनके पीछे डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर का ही विजन था। आज जो केंद्रीय जल आयोग है इसके पीछे भी डॉ. अंबेडकर के ही प्रयास थे, लेकिन कांग्रेस ने कभी जल संरक्षण के प्रयासों और बांधों के लिए बाबा साहेब को क्रेडिट नहीं दिया। किसी को पता भी नहीं चलने दिया।

**❊ जवाहर लाल नेहरू :** मोदी ने नेहरू का नाम नहीं लिया पर इशारा देते हुए बोले, पानी के लिए दूरदर्शी आयोजन पर सोचने का क्रेडिट एक ही व्यक्ति (जवाहर लाल नेहरू) को देने के नशे में सच्चे सेवक को भुला दिया गया। आज मैं बताता हूं, देश आजाद होने के बाद भारत की जल शक्ति, भारत के जल संसाधन, भारत में पानी के लिए बांधों की रचना... इन सबकी दूरदृष्टि किसी एक महापुरुष को क्रेडिट जाता है तो उस महापुरुष का नाम है बाबा साहेब अंबेडकर।

# पीड़ित बच्चे के परिवार को मिले दो करोड़

> अल्लू अर्जुन ने 1 करोड़ और मेकर्स ने 50-50 लाख दिए

हैदराबाद, 25 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। बुधवार को अल्लू अर्जुन के पिता तेलंगाना राज्य फिल्म विकास निगम (एफडीसी) के अध्यक्ष और प्रमुख निर्माता दिल राजू के साथ डाक्टरों से मिले और भगदड़ में घायल बच्चे का हाल जाना। इस दौरान उन्होंने पीड़ित के परिवार को 2 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता के चेक प्रदान किए।

अभिनेता अल्लू अर्जुन और 'पुष्पा' के निर्माताओं ने भगदड़ में घायल हुए व्यक्ति के परिवार को 2 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। इस बीच, तेलंगाना राज्य फिल्म विकास निगम (एफडीसी) के अध्यक्ष और प्रमुख निर्माता दिल राजू ने कहा कि फिल्मी हस्तियों का एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी से मुलाकात करेगा ताकि सरकार और फिल्म उद्योग के बीच संबंधों को बढ़ावा दिया जा सके।

**डाक्टरों से मिले अल्लू अर्जुन के पिता**

अल्लू अर्जुन के पिता और दिग्गज निर्माता अल्लू अरविंद, दिल राजू और अन्य लोगों के साथ एक निजी अस्पताल गए, जहां भगदड़ में घायल हुए एक लड़के का इलाज चल रहा है। अल्लू अरविंद ने डॉक्टरों से बात की, जिन्होंने बताया कि लड़का ठीक हो रहा है और अब खुद सांस ले सकता है।

**दो करोड़ रुपये का चेक दिया**

इस दौरान अल्लू अर्जुन के पिता ने घोषणा की कि अल्लू अर्जुन ने एक करोड़ रुपये, पुष्पा प्रोडक्शन कंपनी मैत्री मूवी मेकर्स ने 50 लाख रुपये और फिल्म के निर्देशक सुकुमार ने 50 लाख रुपये की सहायता बच्चे के परिवार को दी है। अरविंद ने दिल राजू को चेक सौंपे और उनसे अनुरोध किया कि वह इसे लड़के के परिवार तक पहुंचा दें। उन्होंने बताया कि कानूनी बाध्यताओं के कारण बिना पूर्व मंजूरी के परिवार से सीधे संपर्क नहीं किया जा सकता।




# कजाखस्तान में 67 लोगों को ले जा रहा विमान दुर्घटनाग्रस्त

## 42 से ज्यादा की मौत, 28 को बचाया गया



अस्ताना, 25 दिसंबर (एजेंसियां)। कजाखस्तान के अक्तौ हवाई अड्डे के पास एक विमान हादसे का शिकार हो गया है। विमान में 62 यात्री और चालक दल के पांच सदस्य सवार थे। हादसे में अब तक 28 लोगों को बचा लिया गया है, जबकि 42 लोगों के मारे जाने की खबर है। हालांकि, मृतकों की आधिकारिक संख्या अब तक सामने नहीं आई है, लेकिन हादसे का वीडियो देखते हुए आशंका जताई जा रही है कि हताहतों की संख्या काफी अधिक होगी।

प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, अक्तौ शहर में विमान लैंडिंग के वक्त क्रैश हो गया और आग के गोले में तब्दील हो गया। शुरुआती रिपोर्टों से पता चला है कि अजरबैजान एयरलाइंस का विमान अजरबैजान से रूस जा रहा था। इस बीच इसमें कुछ तकनीकी खराबी आ गई। इसके बाद विमान की ओर से अक्तौ हवाई अड्डे से आपातकालीन लैंडिंग की अनुमति मांगी गई। हालांकि, इस दौरान विमान क्रैश हो गया। इससे पहले समाचार एजेंसी ने मध्य एशियाई देश के आपातकालीन मंत्रालय के हवाले से बताया कि विमान में कुछ लोग जीवित बचे हैं। आपातकालीन सेवाएं मौके पर मौजूद हैं। वहीं, कजाखस्तान की मीडिया ने स्वास्थ्य मंत्री अकमारल अलनाजारोवा के हवाले से बताया था कि एक बच्चे समेत 12 यात्रियों को जीवित बचा लिया गया है।

# भाजपा प्रमुख के आवास पर एनडीए नेताओं की बैठक

नई दिल्ली, 25 दिसंबर (एजेंसियां)। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के नेताओं ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आवास पर बैठक की। बैठक पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के मौके पर आयोजित की गई थी। वाजपेयी को उनकी मजबूत नेतृत्व क्षमता और भारत में पहली पूर्णकालिक गठबंधन सरकार को सफलतापूर्वक चलाने के लिए याद किया जाता है।

**एनडीए की बैठक में कौन-कौन नेता शामिल हुए**

बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) के प्रमुख और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू, जनता दल

## एक-देश एक चुनाव सहित इन मुद्दों पर चर्चा


(यूनाइटेड) के नेता और केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह, अपना दल (एस) की अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल और जनता दल (सेक्युलर) के नेता और केंद्रीय मंत्री मंत्री एच.डी.कुमार स्वामी शामिल हुए। इसके अलावा, बैठक में हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (एस) के नेता जीतन राम मांझी, राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम) के अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा, भारत धर्मजन सेना के प्रमुख तुषार वेलापल्ली भी मौजूद थे।

**सुशासन और राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा**

एनडीए के नेताओं ने देश की राजनीति से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। हालांकि, बैठक के एजेंडे के बारे में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया। लेकिन, सूत्रों ने बताया कि इसमें खासतौर पर 'सुशासन' और राजनीतिक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया।

इसके अलावा, बैठक में एनडीए के नेताओं ने आगामी चुनावों और एक देश-एक चुनाव के मुद्दे पर भी विचार-विमर्श किया। गठबंधन के सभी सदस्य इस प्रस्ताव के समर्थन में हैं और इसे आगामी चुनावों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम मान रहे हैं। एक देश-एक चुनाव पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की आठ जनवरी को बैठक होगी, जिसमें इस मुद्दे पर चर्चा होगी।

# कश्मीर-पूर्वोत्तर में शांति और नक्सल समस्या खत्म करने के लिए बेहतरीन काम कर रही सीआरपीएफ : अमित शाह



नई दिल्ली, 25 दिसंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने नक्सलवाद का मुकाबला करने और जम्मू-कश्मीर, पूर्वोत्तर में शांति स्थापित करने के लिए बेहतरीन काम किया है। शाह ने कहा कि सीआरपीएफ ने हमेशा से देश की आंतरिक सुरक्षा और शांति स्थापना सुनिश्चित करने के लिए अहम भूमिका निभाती रही है।

गृह मंत्री ने यह बातें सीआरपीएफ मुख्यालय के दौरे के दौरान कहीं। यहां उन्होंने सीआरपीएफ के महानिदेशक अनीश दयाल सिंह समेत कई वरिष्ठ अधिकारियों से भी मुलाकात की। शाह ने यहां दुनिया के सबसे बड़े अर्धसैनिक बल की संचालन और प्रशासनिक दक्षता की भी समीक्षा की। सीआरपीएफ प्रमुख ने इस दौरान गृह मंत्री को बल के शहीद हुए जवानों के लिए लागू हो रही कल्याण योजनाओं की भी जानकारी दी। इसमें जवानों के परिवार के सदस्य को नियुक्ति देने से जुड़ी योजना भी शामिल है। शाह ने अर्धसैनिक बल के रोजमर्रा के कार्यों में हिंदी का चलन बढ़ाने पर जोर दिया, ताकि भाषाई एकता को बढ़ावा दिया जा सके। इसके अलावा उन्होंने जवानों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए श्री अन्न के ज्यादा से ज्यादा प्रयोग पर भी जोर दिया। उन्होंने जवानों को आयुर्वेद के लाभ उठाने और प्रकृति परीक्षण अभियान में हिस्सा लेने के लिए भी कहा। बताया गया है कि अमित शाह के इस दौरे के समय गृह मंत्रालय के सचिव गोविंग मोहन समेत कई वरिष्ठ अफसर भी मौजूद रहे।

# लोकतंत्र में समस्याओं का एकमात्र समाधान बातचीत : उपराष्ट्रपति

हैदराबाद , 25 दिसंबर (एजेंसियां)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने तेलंगाना के मेडक में जैविक किसानों के एक सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने नागरिकों को भारत की प्रगति को स्वीकार करने के लिए राष्ट्र पहले मानसिकता अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उपराष्ट्रपति ने इस बात पर जोर दिया कि लोकतंत्र में समस्याओं का एकमात्र समाधान बातचीत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर समस्याओं के समाधान के लिए बातचीत पर जोर दिया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा, आज मैं देख रहा हूं कि किसान अपने मुद्दों को लेकर परेशान हैं। यदि समाज का कोई भी वर्ग परेशान है तो उसका सकारात्मक समाधान करना आवश्यक है। लोकतंत्र में मुद्दों को सुलझाने का एकमात्र तरीका बातचीत है। मैंने कई मौकों पर इस बात पर जोर भी दिया। उन्होंने आगे कहा, दुनिया में जो आग लगी है, उसका एकमात्र समाधान बातचीत ही है।

जगदीप धनखड़ ने जोर देकर कहा कि देश के खिलाफ ताकतों को हराने के लिए प्रत्येक भारतीय को राष्ट्रवाद में अटूट विश्वास बनाए रखना चाहिए। उन्होंने कहा, हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। मैं अपने चारों ओर भारत की प्रगति को रोकने वाली शक्तियों का अनुभव करता हूं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि ऐसी ताकतें एक कहानी शुरू करती हैं जो बाद में आंदोलन का रूप ले लेती है। उन्होंने इस स्थिति में नागरिकों से राष्ट्रवाद में अटूट विश्वास बनाए रखने का आह्वान किया।

# अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती



> पीएम-राष्ट्रपति ने श्रद्धांजलि दी
> मोदी बोले-उन्होंने कभी खरीद-फरोख्त की राजनीति नहीं की थी

नई दिल्ली, 25 दिसंबर (एजेंसियां)। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की आज 100वीं जयंती है। दिल्ली में स्थित उनके समाधि सदैव अटल पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम शुरू हुआ। इसमें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह समेत कई नेताओं ने श्रद्धांजलि दी। अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म 25 दिसंबर 1924 को मध्य प्रदेश के ग्वालियर में हुआ था। 16 अगस्त 2018 को 93 साल की उम्र में उनका निधन हो गया था। वे 3 बार देश के प्रधानमंत्री रहे। उन्हें 27 मार्च 2025 को भारत रत्न से नवाजा गया था। पीएम मोदी ने अटल बिहारी वाजपेयी को याद करते हुए लेख लिखा है। इसमें उन्होंने लिखा- 25 दिसंबर का ये दिन भारतीय राजनीति और भारतीय जनमानस के लिए एक तरह से सुशासन का अटल दिवस है। वे स्टेट्समैन की तरह खड़े रहे और लोगों को प्रेरित करते रहे हैं। पीएम ने आगे लिखा-अटल बिहारी वाजपेयी ने खरीद-फरोख्त नहीं की। डर्टी पॉलिटिक्स के रास्ते पर चलने के बजाय 1996 में इस्तीफा देना पसंद किया। 1999 में उनकी सरकार 1 वोट से गिर गई थी।

# कुशासन को समाप्त कर सुशासन लाना हमारी सरकार का सबसे बड़ा संकल्प : राजनाथ

❊ दूरदर्शिता ने भारत को सड़क, टेलीकॉम और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में नई दिशा दी



लखनऊ, 25 दिसंबर (एजेंसियां)। भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की 100वीं जयंती के अवसर पर लोकभवन में सुशासन दिवस समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और अटल जी के जीवन और कार्यों को याद किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि अटल जी ने भारत को ऐसा सुशासन दिया, जिसने देश को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। उनकी सरकार के दौरान विकास दर 8.4 प्रतिशत तक पहुंची, जो आजाद भारत में एक ऐतिहासिक उपलब्धि थी। उन्होंने अटल जी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनकी गवर्नेंस की दुनिया भर में प्रशंसा होती थी। राजनाथ सिंह ने सुशासन की परिभाषा को स्पष्ट करते हुए कहा कि, एक अच्छा शासन वही है, जहां हर व्यक्ति की आवश्यकताएं पूरी हों, वह खुद को सुरक्षित महसूस करे और उसके पास अपनी बात कहने का अवसर हो। यही अटल जी का विजन था, जिसे आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगे बढ़ा रहे हैं।

राजनाथ सिंह ने अटल जी की ऐतिहासिक योजनाओं को याद करते हुए कहा कि उनकी दूरदर्शिता ने भारत को सड़क, टेलीकॉम और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में नई दिशा दी। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और अंत्योदय योजना जैसे अभियानों ने भारत के गांवों और गरीबों के जीवन को बदल दिया। उन्होंने कहा कि, अटल जी ने न केवल शहरों को सड़कों से जोड़ा, बल्कि गांवों को भी पक्की और बेहतर सड़कों से जोड़ा। टेलीकॉम सेक्टर में क्रांति लाकर उन्होंने मोबाइल को हर हाथ तक पहुंचाने का सपना साकार किया। रक्षा मंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सुशासन के तहत हुई प्रगति को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने 1,500 से अधिक अनावश्यक कानूनों को समाप्त कर 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' में भारत को 50वें स्थान तक पहुंचाया है। जल्द ही भारत शीर्ष 20 देशों में शामिल होगा।

# दिल्ली चुनाव में संघ-छोटी बैठकों के जरिए बनाएगा माहौल

नई दिल्ली , 25 दिसंबर (एजेंसियां)। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी सक्रिय हो चुका है। संगठन पूरी दिल्ली में हजारों छोटी-छोटी बैठकें कर लोगों को विकास के मुद्दे पर जागृत करेगा और एक राष्ट्रवादी सरकार के गठन के लिए लोगों को वोट करने के लिए प्रेरित करेगा। संघ और भाजपा के शीर्ष पदाधिकारियों के बीच पार्टी के कार्यालय में हुई एक मीटिंग में इसका खाका तैयार कर लिया गया है।

आरएसएस ने इसी तरह की रणनीति हरियाणा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के दौरान भी आजमाई थी जो बहुत सफल रही थी। अब दिल्ली में भी उसी तरह का मॉडल अपनाने की कोशिश की जा रही है। इसमें मुख्य संगठन के सीधे सामने आने की बजाय अनुषांगिक संगठनों से जुड़े पदाधिकारियों को छोटी-छोटी बैठकें करने का निर्देश दिया गया है। ये बैठकें वर्तमान में शुरू की जा चुकी हैं। इसमें स्थानीय स्तर पर लोगों को बुलाकर राष्ट्रीय और सामाजिक महत्व के विषयों की चर्चा की जा रही है।

आरएसएस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, इन बैठकों में किसी पार्टी या दल के विषय में लोगों से कोई बात नहीं की जा रही है, लेकिन लोगों से राष्ट्रीय, सामाजिक महत्त्व के विषयों को ध्यान में रखते हुए अपने मतदान को करने की अपील अवश्य की जा रही है। आरएसएस के शताब्दी वर्ष में जिन पांच विषयों को अपना मूल विचार घोषित किया गया है, उसे भी लोगों को बताया जा रहा है। इसमें राष्ट्रीय महत्त्व को ध्यान में रखते हुए मतदान करने से लेकर पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए अपने कर्तव्य तय करने की सोच को प्रमुखता दी जा रही है।

**बूथ स्तर तक सक्रिय हुए आरएसएस कार्यकर्ता**

संघ के कार्यकर्ता दिल्ली में जिला से लेकर बूथ स्तर तक संगठन की बैठकों को ले रहे हैं और कार्यकर्ताओं को लोगों को अपने साथ जोड़ने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। कार्यकर्ताओं की बैठकों में इस बात का प्रशिक्षण दिया जा रहा है कि किस वर्ग की बैठकों में भाजपा के कार्यकर्ताओं को कौन से मुद्दे उठाने हैं। संगठन का यह कार्य मतदान के समय तक चलता रहेगा।

# महरौली पुरातत्व पार्क के अंदर की संरचनाओं का धार्मिक महत्व है



## सुप्रीम कोर्ट में एएसआई ने दी जानकारी

नई दिल्ली, 25 दिसंबर (एजेंसियां)। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि महरौली पुरातत्व पार्क के अंदर दो संरचनाएं धार्मिक महत्व रखती हैं, क्योंकि मुस्लिम श्रद्धालु प्रतिदिन आशिक अल्लाह दरगाह और 13वीं शताब्दी के सूफी संत बाबा फरीद की चिल्लागाह पर आते हैं। शीर्ष अदालत के समक्ष पेश एक रिपोर्ट में, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने कहा कि शेख शहीबुद्दीन (आशिक अल्लाह) की कब्र पर एक शिलालेख कहता है कि इसका निर्माण वर्ष 1317 ईस्वी में हुआ था।

**'अनुमति के बाद ही किया जाए मरम्मत और नवीनीकरण'**

एएसआई ने कहा, 'पुनर्स्थापना और संरक्षण के लिए संरचनात्मक संशोधनों और परिवर्तनों ने इस स्थान की ऐतिहासिकता को प्रभावित किया है।' एएसआई ने कहा कि यह मकबरा पृथ्वीराज चौहान के गढ़ के करीब है और प्राचीन स्मारक और पुरातत्व स्थल और अवशेष अधिनियम के अनुसार 200 मीटर के विनियमित क्षेत्र में आता है।

एएसआई के अनुसार, किसी भी मरम्मत, नवीनीकरण या निर्माण कार्य को सक्षम प्राधिकारी से अनुमति लेने के बाद ही किया जाना चाहिए। 'दोनों संरचनाओं का अक्सर दौरा किया जाता है। भक्त अपनी इच्छाओं की पूर्ति के लिए आशिक दरगाह पर दीपक जलाते हैं। वहीं बुरी आत्माओं और बुरे शगुन से छुटकारा पाने के लिए चिल्लागाह जाते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह स्थान एक विशेष धार्मिक समुदाय की धार्मिक भावना और आस्था से भी जुड़ा हुआ है।

**डीडीए ने संरचनाओं को ध्वस्त करने की योजना बनाई-जुमलाना**

बता दें कि, शीर्ष अदालत जमीर अहमद जुमलाना की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें दिल्ली के महरौली पुरातत्व पार्क के अंदर सदियों पुरानी धार्मिक संरचनाओं के संरक्षण की मांग की गई थी, जिसमें 13वीं शताब्दी की आशिक अल्लाह दरगाह (1317 ईस्वी) और बाबा फरीद की चिल्लागाह शामिल हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने अतिक्रमण हटाने के नाम पर संरचनाओं को उनकी ऐतिहासिकता का आकलन किए बिना ध्वस्त करने की योजना बनाई है।

**दिल्ली एचसी के आदेश के खिलाफ एससी गए जुमलाना**

जुमलाना ने 8 फरवरी के दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया है, जिसमें कहा गया था कि दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना की अगुवाई वाली धार्मिक समिति इस मामले पर विचार कर सकती है। जुमलाना ने तर्क दिया कि समिति किसी संरचना की प्राचीनता तय करने के लिए उपयुक्त मंच नहीं है।

## दिव्यांग बालिका की बोरे में मिली लाश, अपहरण के बाद हत्या की आशंका

वाराणसी, 25 दिसंबर (एजेंसियां)। वाराणसी के रामनगर थाना क्षेत्र से लापता हुई आठ वर्षीय दिव्यांग बालिका का शव बुधवार की सुबह बोरे में बहादुरपुर के प्राथमिक विद्यालय के पास फेंका मिला। देखते ही देखते मौके पर भीड़ जुट गई। सूचना पाकर रामनगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। रामनगर थाने के सूजाबाद क्षेत्र के कामिल शहीद मजार के पास रहने वाले एक शख्स की दिव्यांग बेटी मंगलवार की शाम सात बजे से लापता थी। उन्होंने बताया कि मंगलवार की शाम सात बजे उसकी बेटी घर से सामान लेने दुकान गई थी। उसके बाद वह घर नहीं आई। काफी खोजबीन की गई और पुलिस को सूचना दी गई, लेकिन उसका कहीं पता नहीं लगा। बुधवार की सुबह पता लगा कि उसकी बेटी का शव बहादुरपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय के पास बोरे में भर कर फेंका हुआ है। इस संबंध में रामनगर थानाध्यक्ष राजू सिंह ने बताया कि फॉरेंसिक टीम की फील्ड यूनिट को मौके पर बुलाया गया है। सीसी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## 1.5 करोड़ की विदेशी सिगरेट के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर, 25 दिसंबर (एजेंसियां)। जिले में नशीले पदार्थ के खिलाफ चल रहे अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मुजफ्फरपुर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक कंटेनर से विदेशी सिगरेट की बड़ी खेप को जब्त किया है। बाजार में इसकी कीमत डेढ़ करोड़ रुपए बताई जा रही है। तस्कर ने विदेशी सिगरेट की खेप को बांस के नीचे छिपा रखा था। मुजफ्फरपुर में डीआरआई टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए डेढ़ करोड़ रुपए से अधिक की विदेशी सिगरेट की एक बड़ी खेप को जब्त किया है। तस्कर ने विदेशी सिगरेट की खेप को बांस के नीचे छिपा रख था। जानकारी के अनुसार, जब्त की गई सिगरेट नॉर्थ ईस्ट म्यांमार से निर्मित बताई जा रही है। सिगरेट की खेप को गुवाहाटी के रास्ते दिल्ली ले जाया जा रहा था। डीआरआई की टीम ने छापेमारी के दौरान मौके से यूपी के मुरादाबाद जिले के रहने वाले दो तस्करों को गिरफ्तार भी किया है।

# 'नीतीश ने बिहार को बर्बादी से बचाया,भारत रत्न मिलना चाहिए'

## गिरिराज बोले- लालू लाख कोशिश करें 2025 में नीतीश के नेतृत्व में लड़ेंगे और जीतेंगे

बेगूसराय, 25 दिसंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बुधवार को बेगूसराय में कहा कि '2025 का बिहार विधानसभा चुनाव एनडीए नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ेंगे। उन्होंने नीतीश कुमार और नवीन पटनायक को भारत रत्न देने की मांग की है। गिरिराज सिंह ने कहा कि 'बिहार को एक ऊंचाई पर ले जाने का काम नीतीश कुमार ने किया है। ओडिशा में नवीन पटनायक ने भी सालों तक सेवा की। ऐसे व्यक्ति को देश में पुरस्कृत किए जाने की जरूरत है। चाहे वह जिस भी पद पड़ रहा हो, काम करने वाले को भारत रत्न से नवाजा जाए।'

### नीतीश के साथ रहने और अलग होने का नफा नुकसान

नीतीश ने 2014 में अकेले चलने की कोशिश की, लेकिन उन्हें करारी हार मिली थी। इसके बाद उन्होंने वापस गठबंधन की राजनीति शुरू की। अब दोबारा ऐसी गलती नहीं करेंगे। किसी न किसी पार्टी से गठबंधन जरूर कर सकते हैं। अगर दोबारा आरजेडी से गठबंधन हुआ तो एक बार फिर राज्य में पिछड़ा, अतिपिछड़ा और दलित वोटों की गोलबंदी होगी। इससे बीजेपी की स्थिति 2015 वाली हो सकती है।

### भाजपा के लिए नीतीश मजबूरी क्यों



बीते विधानसभा चुनावों के आंकड़ों को देखें तो पता चलता है कि नीतीश कुमार के साथ जाने वाली पार्टियों के वोट शेयर में तो मामूली बढ़ोत्तरी होती है, लेकिन सीटों में भारी इजाफा हो जाता है। जैसे 2015 और 2020 विधानसभा चुनाव के आंकड़े को ले लीजिए। 2015 में नीतीश कुमार ने लालू यादव और कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़ा। तब महागठबंधन (जेडीयू+आरजेडी+कांग्रेस) को 41.84% वोट मिला और सीटें 178 पहुंच गई। वहीं, एनडीए 34.59% वोट पाकर 58 सीट पर सिमट गई, लेकिन 2020 में जैसे ही बीजेपी ने नीतीश कुमार से हाथ मिलाया, एनडीए 37.26% वोट शेयर के साथ 125 सीट जीतने में कामयाब रही। जबकि, महागठबंधन (राजद+कांग्रेस+सीपीआई+सीपीआईए ममाले) का वोट शेयर एनडीए से सिर्फ 0.23% ही कम था, लेकिन उससे सीटें 15 कम हो गई।

2010 के विधानसभा चुनाव में भी नीतीश के साथ रहने पर एनडीए ने 39.07% वोट शेयर के साथ 206 सीट जीती थी। हालांकि, उस वक्त कांग्रेस आरजेडी और एलजेपी के साथ न लड़कर अकेले लड़ी और 8.37% वोट शेयर के साथ 4 सीट जीतने में कामयाब रही थी। जबकि, आरजेडी और एलजेपी ने चुनाव साथ लड़ा था और 25.58% वोट शेयर के साथ 25 सीट पर सिमट गई थी।

### केजरीवाल नौटंकी करते हैं

गिरिराज सिंह ने आगे कहा 'जनता अरविंद केजरीवाल जैसे भ्रष्ट की बात नहीं मानेगी। अब वह कोई भी नौटंकी कर लें, दिल्ली उन्हें स्वीकार नहीं कर सकता है। मैं आज अटल जी की जन्म जयंती पर इतना ही कहूंगा कि 2025 में जो बिहार विधानसभा का चुनाव होने वाला है, उसमें किसी को कंफ्यूजन में नहीं रहना चाहिए।'

### बांग्लादेशी घुसपैठियों को बाहर निकालने की कही बात

दिल्ली में बांग्लादेशी घुसपैठियों के आगमन के सवाल पर गिरिराज सिंह ने कहा कि 'अब समय आ गया है कि बांग्लादेशियों को समाज और सरकार चिह्नित करने की कोशिश करें। बांग्लादेशियों को चिह्नित करके उन्हें सरकार के हवाले करना चाहिए। उसे देश से बाहर निकलना चाहिए। सामाजिक समरसता के लिए बांग्लादेशी केवल पूर्णिया, अररिया, कटिहार, किशनगंज ही नहीं, बल्कि बिहार और तमाम राज्यों में खतरा है।'

## वंदे भारत एक्सप्रेस की चपेट में आने से चार गोवंश की मौत

प्रतापगढ़, 25 दिसंबर (एजेंसियां)। प्रयागराज से गोरखपुर जा रही वंदे भारत ट्रेन की चपेट में आने से परियावां रेलवे क्रासिंग के पास चार गोवंश की मौत हो गई। इससे लोको पायलट को ट्रेन रोकनी पड़ी। गनीमत थी कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। सूचना पर पहुंचे रेलकर्मियों ने गोवंश को ट्रैक से हटाया। 21 मिनट तक ट्रेन वहीं पर खड़ी रही। प्रयागराज से चलकर लखनऊ होते हुए गोरखपुर को जाने वाली वंदे भारत ट्रेन शाम 4:25 बजे परियावां रेलवे क्रासिंग के पास पहुंची थी कि इसी बीच अचानक गोवंश का झुंड ट्रैक पार करने लगा। इसमें तीन गाय व एक बछड़ा था। चारों की मौके पर ही मौत हो गई। लोको पायलट ने आनन-फानन रेक लगाकर ट्रेन रोकी। इसके बाद गैंगमैन थानेश्वर ट्रेन के नीचे से चारों मवेशियों को हटाया। इस दौरान ट्रेन का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। यहां से ट्रेन को शाम 4.46 बजे गंतव्य के लिए रवाना किया गया।

# केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल का सीएम योगी को पत्र

## मांग रही हैं पोस्टमार्टम हाउस



मिर्जापुर, 25 दिसंबर (एजेंसियां)। भारत सरकार की केंद्रीय राज्य मंत्री व जिले की सांसद अनुप्रिया पटेल ने एक बार फिर सीएम योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखी हैं। इस बार अनुप्रिया पटेल ने चुनार के पोस्टमार्टम हाउस को दुबारा शुरू कराने की मांग की है। अपने पत्र में उन्होंने लिखा है कि सीएमओ मिर्जापुर ने 5 दिसंबर 2024 को पत्र लिखकर विकासखंड नरायनपुर के चुनार में स्थित पोस्टमार्टम हाउस चीरघर को बंद करने का आदेश जारी किया है। इस पत्र पर अनुप्रिया ने सीएम योगी से संज्ञान लेने का निवेदन किया है। अपने पत्र के जरिए अनुप्रिया पटेल ने सीएम योगी को बताया है कि इस पोस्टमार्टम हाउस के बंद हो जाने से उनके संसदीय क्षेत्र के इस विकास खंड में परेशानी हो रही है, उनका कहना है कि राजगढ़, जमालपुर, सीखड़, नारायणपुर, पटेहरा और अहरोरा तथा चुनार नगर पालिका जैसे क्षेत्र इसी पोस्टमार्टम हाउस के अंतर्गत आते हैं।

ऐसे में इसके बंद होने से बड़ी आबादी को दिक्कत हो रही है। ऐसे में इस पोस्टमार्टम हाउस को तत्काल प्रभाव से बंद करने के स्थान पर मानक के अनुसार संसाधनों से पूर्ण कराकर जनहित में संचालित करने का निर्देश देने का कष्ट करें।

## रात में देर से घर पहुंची बहन और करने लगी झगड़ा, भाई ने पीट पीटकर मार डाला

देवरिया, 25 दिसंबर (एजेंसियां)। यूपी के देवरिया से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां रुद्रपुर थाना क्षेत्र के लाला टोली में बीती रात एक भाई ने अपनी ही बहन के सिर पर लोहे की रॉड से वार कर उसकी निर्मम हत्या कर दी। हत्या का कारण मामूली विवाद बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुच गई। वहीं एसपी विक्रांत वीर ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और कहा कि 35 वर्षीय रानी गुप्ता के सगे भाई ब्रम्हा गुप्ता ने लोहे की रॉड से मार मारकर उसकी हत्या कर दी है। ब्रम्हा गुप्ता हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस टीम मौके से साक्ष्य इकट्ठा कर रही है।

# महाकुंभ 2025 की तैयारियों पर अखिलेश यादव ने उठाए सवाल, शेयर किया चौंकाने वाला वीडियो



लखनऊ, 25 दिसंबर (एजेंसियां)। प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ 2025 की तैयारी में यूपी सरकार पूरी तरह से लगी हुई है। महाकुंभ को लेकर योगी सरकार की तरफ से बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं। इसी बीच समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने महाकुंभ 2025 की तैयारियों को लेकर बीजेपी पर बड़ा हमला बोला है। सपा सांसद ने एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वह प्रबंधन को लेकर सवाल उठा रहे हैं। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा-ये है भाजपा सरकार में 'प्रयागराज महाकुंभ '2025' की तैयारी की सच्चाई! कम से कम पुलिस विभाग का काम तो बहुत पहले ही पूरा हो जाना चाहिए था क्योंकि सुरक्षा चक्र का प्रबंधन किसी अंतिम दिन की प्रतीक्षा नहीं करता है। प्रयागराज की आहत जनता पूछ रही है कि महादानी सम्राट हर्षवर्धन की प्रतिमा हटाने के लिए तो भाजपा सरकार बहुत तत्पर थी पर वैसी तेज़ी प्रशासनिक प्रबंधन के लिए क्यों नहीं दिखाई जा रही है।

### प्रयागराज के निवासियों के लिए हो वैकल्पिक व्यवस्था

पूर्व सीएम ने आगे लिखा-प्रबंधन करते समय प्रयागराज और मेला क्षेत्र के आसपास की स्थानीय जनता की ज़रूरतों और समस्याओं को नजर अंदाज करने की जो शिकायतें मिल रही हैं, उनका भी तुरंत समाधान किया जाए। प्रयागराज के निवासियों के बीच किसी इमरजेंसी के घटित होने पर आवागमन और परिवहन को लेकर मन में जो चिंता है, उसके निराकरण के लिए वैकल्पिक व्यवस्था भी की जाए। हम चाहते हैं महाकुंभ भी चले और प्रयागराज भी गतिमान रहे।

# संदिग्ध खालिस्तानी आतंकवादियों के शव ले जा रहे एम्बुलेंस का एक्सीडेंट



वीरेंद्र सिंह | गुरविंदर सिंह | जसन प्रीत सिंह

रामपुर, 25 दिसंबर (एजेंसियां)। यूपी पुलिस ने बुधवार को बताया कि एक अज्ञात वाहन ने एक एम्बुलेंस को टक्कर मार दी जो उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में मुठभेड़ में मारे गए 'खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स' के तीन संदिग्ध आतंकवादियों के शव पंजाब ले जा रही थी। उन्होंने बताया कि रात रामपुर बाईपास पर हुई इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन एम्बुलेंस क्षतिग्रस्त हो गई, जिसके बाद शवों को दूसरे वाहन में ले जाया गया। रामपुर जिले के पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने बताया कि मंगलवार देर रात तीन संदिग्ध आतंकवादियों के शव को पीलीभीत से पंजाब ले जा रही एम्बुलेंस को रामपुर बाईपास पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि दुर्घटना की सूचना मिलते ही रामपुर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और तीनों शवों को क्षतिग्रस्त वाहन से दूसरी एम्बुलेंस में ले जाया गया। पंजाब और उत्तर प्रदेश पुलिस के एक संयुक्त अभियान में सोमवार को पीलीभीत के पूरनपुर में एक मुठभेड़ के दौरान गुरदासपुर में एक पुलिस चौकी पर ग्रेनेड हमले से जुड़े तीन संदिग्ध आतंकवादियों को मार गिराया गया।

# सीएम बनने से नीतीश कुमार को कोई नहीं रोक सकता

## बीजेपी राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा- आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में अपार बहुमत से जीतेगी एनडीए



भागलपुर, 25 दिसंबर (एजेंसियां)। भागलपुर के सर्किट हाउस पहुंचे बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने मीडिया से बातचीत किया। जहां उन्होंने कहा आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए चुनाव लड़ेगी और वह मुख्यमंत्री बनेंगे। बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में सरकार चल रही है और 2030 तक यह सरकार चलेगी। आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में जदयू, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा, लोजपा (रा), राष्ट्रीय लोक मोर्चा और भाजपा मिलकर चुनाव लड़ेगी। 2025 में होने वाले चुनाव को लेकर हमलोग अभी से ही मैदान में जुट गए हैं। उपचुनाव में साफ हो गया कि सीधी लड़ाई है और एनडीए को अपार बहुमत से जीत हासिल होगी।

### राजद को विपक्ष का भी दर्जा नहीं मिलेगा

शाहनवाज हुसैन ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की 'प्रगति यात्रा' को लेकर कहा कि राजद के नेता इस यात्रा को लेकर जिस तरह बयान दे रहे हैं, वह राजनीतिक मर्यादा तोड़ रहे हैं। अगले चुनाव में राजद को उतनी सीट भी नहीं मिलेगी। जिससे उन्हें विपक्ष का दर्जा मिले। नीतीश कुमार सुबह से शाम तक बिहार के लिए काम करते हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सहयोग मिल रहा है। भाजपा और जदयू के नेता बिहार के विकास के लिए काम कर रहे हैं। नीतीश कुमार अब किसी भी हाल में राजद के साथ नहीं जाएंगे। इसमें कोई लेकिन, परंतु नहीं है। उन्होंने कई नई पार्टियों को लेकर कहा कि प्रत्येक चुनाव में कई नई पार्टियां आती हैं। इसे कोई कैसे रोक सकता है। लेकिन परिणाम तय है। हमारी गठबंधन ने बिहार का स्वरूप बदला है। आज बिहार में विकास की बयार बह रही है। नीतीश कुमार को सीएम बनने से कोई नहीं रोक सकता।।

# अग्निवीर भर्ती योजना के विरोध में उपद्रव करने वालों पर बड़ा एक्शन, 12 लाख रुपये की वसूली

अलीगढ़, 25 दिसंबर (एजेंसियां)। अग्निवीर भर्ती को लेकर अलीगढ़ के टप्पल में उपद्रव करने वाले उपद्रवियों के खिलाफ बड़ा एक्शन लिया गया। हिंसा कर सरकारी संपत्ति को नुकसान करने वालों से 12 लाख रुपए की वसूली होगी। इसको लेकर वरिष्ठ न्यायिक अधिकारी की अध्यक्षता में बनाई गई कमेटी ने फैसला सुना दिया है और आदेश भी जारी कर दिए गए हैं। साल 2022 में अग्निवीर भर्ती को लेकर अलीगढ़ के टप्पल में हिंसा की गई थी। उपद्रवियों ने सरकारी संपत्ति को खूब नुकसान पहुंचाया था। इस मामले को लेकर मेरठ में कमेटी गठित की गई थी। कमेटी ने हिंसा करने वाले 69 लोगों से वसूली का आदेश दिया है। 69 लोगों से 12 लाख रुपए की वसूली की जाएगी। ये आदेश सरकारी संपत्ति के नुकसान की भरपाई के लिए कमेटी ने दिया है। इसकी वसूली के लिए अलीगढ़ के डीएम को निर्देश दे दिए गए हैं।

2022 में अग्निवीर योजना को लेकर पूरे प्रदेश में हुए प्रदर्शन और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाए जाने के खिलाफ उत्तर प्रदेश दावा अभिकरण में मामला दायर किया गया था। दावा अभिकरण की पश्चिमी यूपी की भी बेंच बनाई गई थी। मेरठ में इस बेंच में न्यायाधिकरण के पीठासीन अधिकारी डॉ। अशोक कुमार सिंह को अध्यक्ष, अपर आयुक्त गरिमा सिंह और क्लेम कमिश्नर आलोक पांडेय को सदस्य बनाया गया था। सोमवार को कमेटी ने अपना फैसला सुना दिया। जिन 69 लोगों को कमेटी ने दोषी माना उनमें हर एक दोषी से 16 हजार 969 रुपए की वसूली की जाएगी।

## 'अंदरूनी अंग दिखाओ वरना कर दूंगा बदनाम'

### शख्स ने वीडियो भेजकर महिला को दिया रुपयों का लालच

हापुड़, 25 दिसंबर (एजेंसियां)। नगर कचहरी में कार्यरत अधिवक्ता की पत्नी को एक आरोपित ने वाट्सएप पर आपत्तिजनक वीडियो, फोटो व मैसेज भेजे। आरोपित ने रुपयों का लालच देकर महिला से अंदरूनी अंग दिखाने के लिए कहा। महिला के विरोध करने पर सिरफिरे ने उसे बदनाम करने की धमकी दी। मामले में अधिवक्ता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपित की तलाश में जुटी है। पुलिस में दर्ज रिपोर्ट में नगर के एक मोहल्ले के युवक ने बताया कि वह हापुड़ कचहरी में अधिवक्ता है। करीब एक सप्ताह पहले मोहल्ला शिवपुरी के विनीत अग्रवाल ने पीड़ित की पत्नी के वाट्सएप पर अश्लील वीडियो, फोटो व मैसेज भेजे। आरोपित ने पत्नी को रुपयों का लालच देकर अंदरूनी अंग दिखाने के लिए कहा। विरोध पर आरोपित ने पत्नी को बदनाम करने की धमकी दी। पत्नी ने मामले की जानकारी पीड़ित व उसके स्वजन को दी। शिकायत के बाद भी आरोपित लगातार उसकी पत्नी को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा है। मामले में पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मुनीष प्रताप सिंह ने बताया कि मामले में नामजद आरोपित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# मायावती का हर दांव हो रहा फेल! सालभर में 6 बार बदल चुकीं जिलाध्यक्ष, फिर भी बीएसपी का बुरा हाल

लखनऊ, 25 दिसंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के सियासी अखाड़े में कभी बहुजन समाज पार्टी और समाजवादी पार्टी ही सबसे अहम मानी जाती थी लेकिन बीजेपी की सरकार बनने के बाद बसपा अपने सबसे कमजोर दौर से गुजर रही है। बसपा सुप्रीमो मायावती पार्टी के अस्तित्व को बचाने की कोशिश कर रही है। बात करें कानपुर शहर की तो यहां सालभर जिले की कमान 6 बार अलग अलग जिलाध्यक्षों को सौंपी जा चुकी है लेकिन जिस मजबूती की उम्मीद थी वो पूरी नहीं हो पाई। कानपुर में दलित वोटरों की संख्या अच्छी खासी होने के बावजूद बसपा को एक बार फिर अपने रूतबे को बनाने के लिए कड़ी मशक़्क़त करनी पड़ रही है लेकिन उसका जमीन पर असर नहीं दिख रहा है। हाल ही में हुए यूपी उपचुनाव में कानपुर की सीसामऊ सीट पर चुनाव हुए लेकिन इसमें बसपा तीसरे नंबर पर रही। बसपा सिर्फ तीसरे नंबर पर ही नहीं रही बल्कि पार्टी के खाते में सिर्फ 1300 वोट ही आए। जो बसपा के लिए बेहद ख़राब प्रदर्शन रहा। इन नतीजों से नाराज होकर शीर्ष नेतृत्व ने एक बार फिर से अपने जिलाध्यक्ष को बदल दिया और राजकुमार कप्तान को हटाकर नए कप्तान जयप्रकाश को कमान सौंप दी है। बसपा ने फिर से पुरानी ताक़त बटोरने के लिए सालभर में छह बार जिलाध्यक्ष भी बदले लेकिन नतीजा वैसा नहीं रहा जैसा मायावती को उम्मीद थी।

### बसपा का सियासी अस्तित्व खतरे में

कानपुर में अगर पिछले चुनावों की बात की जाए फिर चाहे वो लोकसभा हो विधानसभा हो या छोटे चुनाव एक समय ऐसा रहा जब बसपा का अपना वजूद प्रदेश के साथ शहर में भी मजबूत था। लेकिन, अब चार बार यूपी की कमान संभालने वाली मायावती की सीटें लगातार कम होती चली गईं। कानपुर शहर में भी बसपा कोई खास प्रदर्शन नहीं कर पाई है। चुनावी नतीजों से इतर जब बसपा किसी विरोध प्रदर्शन का ऐलान करती है तो बसपा समर्थकों की भारी भीड़ दिखाई देते हैं लेकिन, उसका असर चुनाव में दिखाई नहीं देता और न ही पार्टी का वोट प्रतिशत बढ़ पा रहा है।

# 'जिनको स्वर्ग-नरक जाना है अपनी सीट बुक करा लें'

## आरजेडी सांसद मनोज कुमार झा ने क्यों कही ये बात?



पटना, 25 दिसंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग को लेकर विपक्ष के प्रदर्शन पर राजद सांसद मनोज कुमार झा की प्रतिक्रिया आई है। पटना में मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि उस घटना को बीजेपी ढक नहीं सकती। अमित शाह ने क्या कहा था कि अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर, इतना नाम भगवान का लेते तो सातों जन्म तक स्वर्ग मिल जाता। मैंने तो पहले ही कहा था कि इसी धरती पर स्वर्ग बनेगा उनकी (बीआर अंबेडकर) सोच के अनुरूप, जिनको स्वर्ग नरक जाना है, वह अपनी सीट की बुकिंग करा लें।

वहीं राजद नेता तेजस्वी यादव ने भी बीजेपी पर निशाना साधा है। कोलकाता में एएनआई से बातचीत के दौरान आरजेडी नेता ने एक सवाल के जवाब में कहा कि इतिहास उठाकर देख लिजिए बीजेपी और आरएसएस ने हमेशा डॉ। बीआर अंबेडकर, महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू और कर्पूरी ठाकुर जैसे 'महापुरुषों' का अपमान किया है। वे संविधान का पालन नहीं करते हैं। पूरा देश जानता है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने (राज्यसभा में) क्या बोला।

### अमित शाह के इस्तीफे की मांग पर एनडीए के नेताओं का पलटवार

बिहार बीजेपी के वरिष्ठ नेता और मंत्री मंगल पांडे ने विपक्ष की ओर से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि अंबेडकर के मद्दे पर कांग्रेस पूरी तरह बेनकाब हो गई है। कांग्रेस ने कई सालों के अंबेडकर को अपमानित किया है ये पूरा देश जान गया है। केवल बीजेपी और एनडीए ने अंबेडकर को सम्मान दिया, उन्हें भारत रत्न दिया। कांग्रेस की असलियत जब जनता के सामने आ गई तो वो तिलमिला गई है। वहीं राष्ट्रीय लोक मोर्चा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि कांग्रेस ने जो मद्दा उठाया है, वो कोई मुद्दा नहीं है। कांग्रेस अमित शाह की बातों को तोड़-मरोड़कर लोगों को भ्रमित करने का काम कर रही है। लेकिन, जनता अब उनकी बातों में आने वाली नहीं है, चाहे वो कितना भी प्रदर्शन कर लें।

## आईपीएस मानुष पारीक ने खोला पुलिस लाइन में रिश्वत लेकर फर्जी ड्यूटी लगाने का खेल, एसएसपी अनुराग आर्य ने की कार्रवाई



बरेली, 25 दिसंबर (एजेंसियां)। पुलिस लाइन में रिश्वत लेकर फर्जी ड्यूटी लगाने का खेल उजागर हो गया। इस खेल का राजफाश होते ही एसएसपी अनुराग आर्य ने गणना कार्यालय के सभी पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। सभी के विरुद्ध विभागीय जांच बैठाने के साथ ही गणना प्रभारी और आरआइ के विरुद्ध भी जांच कराई है। यदि इस खेल में उनकी भी संलिप्तता मिलती हैं तो उनके विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी। वर्तमान में इज्जतनगर थाने में तैनात सिपाही रजत बालियान दो अक्टूबर से लेकर 27 नवंबर तक पुलिस लाइन में तैनात था। आरोप है कि इस बीच उसने गणना कार्यालय में तैनात सिपाहियों से अपनी सेटिंग की और बिना ड्यूटी के ही अपनी उपस्थिति दर्ज कराना शुरू कर दिया। इसका फायदा उठाकर वह बिना छुट्टी लिए ही मेरठ और मुजफ्फरनगर चला गया। इसकी किसी को कानों कान खबर नहीं लगी थी। इसी बीच विभागीय कुछ पुलिसकर्मियों ने इसकी सूचना एसएसपी अनुराग आर्य को दी। एसएसपी अनुराग आर्य ने तत्काल एसपी सिटी मानुष पारीक को प्रकरण की जांच सौंपी थी। उन्होंने रजत बालियान के ड्यूटी के दिनों की लोकेशन, काल डिटेल आदि निकलवाई तो पूरी कहानी साफ हो गई। पता चला कि रजत की उपस्थिति गणना कार्यालय में दर्ज थी, लेकिन उसकी लोकेशन बरेली होने की जगह मेरठ, मुजफ्फरनगर आदि जगहों पर मिली। पूछताछ में पूरी कहानी खुल गई।

सुविचार: आप हर किसी के लिए महत्वपूर्ण नहीं हो सकते हैं लेकिन इसका ये अर्थ कदापि नहीं है कि आप व्यर्थ हैं!

# इंदिराम्मा आवास योजना से दलित, आदिवासी ईसाइयों को बड़े पैमाने पर लाभ मिलेगा : रेवंत रेड्डी

## मुख्यमंत्री ने प्रसिद्ध मेदक चर्च में क्रिसमस समारोह में भाग लिया



मेदक, 25 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने इस बात पर जोर दिया है कि कांग्रेस सरकार गरीब समुदायों की उन्नति के लिए समर्पित है, उन्होंने कहा कि तेलंगाना में इंदिराम्मा आवास योजना के प्राथमिक लाभार्थी दलित और आदिवासी ईसाई होने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री बुधवार को प्रसिद्ध मेदक चर्च में क्रिसमस समारोह में शामिल हुए।

अपने संबोधन के दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू किए गए कल्याणकारी कार्यक्रमों से ईसाई समुदाय के काफी लोगों को लाभ मिल रहा है, जो 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने वाली योजना का लाभ उठा रहे हैं। रेवंत रेड्डी ने कहा, "शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा को प्राथमिकता देने वाले ईसाई संगठनों के योगदान से प्रेरित होकर, कांग्रेस सरकार ने वंचितों के लिए सेवाओं को बढ़ाने के उद्देश्य से शुल्क प्रतिपूर्ति और राजीव आरोग्यश्री योजनाएं लागू की हैं।" उन्होंने मेडक चर्च के शताब्दी समारोह में भाग लेने पर अपनी खुशी व्यक्त की और क्रिसमस के अवसर पर ईसाई समुदाय को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दीं। प्रसिद्ध मेदक कैथेड्रल चर्च ने अपने 100 साल पूरे कर लिए हैं और इसे एक महत्वपूर्ण पवित्र स्थल के रूप में मान्यता प्राप्त है। राज्य सरकार की ओर से, चर्च के विकास के लिए पर्याप्त धनराशि आवंटित की गई है।

उन्होंने कहा कि "मैंने चर्च के साथ एक विशेष संबंध विकसित किया है और पहले भी टीपीसीसी अध्यक्ष के रूप में यीशु का आशीर्वाद लेने के लिए इस पवित्र स्थल का दौरा किया है। मैंने मुख्यमंत्री के रूप में इस प्रतिष्ठित चर्च में वापस आने की प्रतिबद्धता जताई थी।

आज, मैंने चर्च का दौरा किया और क्रिसमस और शताब्दी समारोह में भाग लिया।

# कांग्रेस को झूठ बोलने के लिए ऑस्कर पुरस्कार मिलना चाहिए : बंडी संजय



हैदराबाद, 25 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंडी संजय ने आज कहा कि कांग्रेस पार्टी को लोगों से झूठ बोलने के लिए ऑस्कर पुरस्कार मिलना चाहिए। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की शताब्दी वर्षगांठ समारोह में एक सभा को संबोधित करते हुए बंडी संजय ने कहा कि यह "विडंबना" है कि कांग्रेस पार्टी हर कदम पर भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. बी.आर. अंबेडकर पर मगरमच्छ के आंसू बहा रही है। उन्होंने कहा कि उन्हें पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को भव्य तरीके से मनाने में खुशी हो रही है। उन्होंने कहा, "वाजपेयी ने पूरी दुनिया में भारत की महिमा और नैतिक मूल्यों को दिखाया है। वे फोकरान परमाणु परीक्षण, स्वर्णिम चतुर्भुज और ग्रामीण सड़क योजना परियोजनाओं जैसी अपनी उपलब्धियों के लिए देश के लोगों के लिए प्रेरणा रहे हैं।" उन्होंने कहा कि जब अन्य दलों के कई लोग संसद में फ्लोर टेस्ट के मामले में सरकार का समर्थन करने को तैयार थे, तब वाजपेयी को एक महान व्यक्ति के रूप में सम्मानित किया गया, जिन्होंने नैतिकता और ईमानदारी के कारण अपना पद खो दिया।

उन्होंने दावा किया, "वाजपेयी अंबेडकर से प्रेरित थे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही हैं जो अटल बिहारी वाजपेयी के नक्शेकदम पर चल रहे हैं और उनके आदर्शों को लागू कर रहे हैं।" उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व मुख्यमंत्री केसीआर और आज के सीएम रेवंत रेड्डी तेलंगाना के लोगों को 70 मिमी की फिल्में और ग्राफिक्स दिखाकर लोगों को धोखा दे रहे हैं, लेकिन किए गए वादों को लागू नहीं कर रहे हैं। उन्होंने मजाक उड़ाते हुए कहा, "कांग्रेस झूठ फैलाने में गोबलों से आगे निकल गई है और अगर झूठ पर ऑस्कर पुरस्कार दिया जाना है, तो यह कांग्रेस पार्टी को जाएगा।" यह कहते हुए कि कांग्रेस पार्टी अब बीआर अंबेडकर के बारे में बात कर रही है, उन्होंने पुरानी पार्टी से जवाब देने के लिए कहा कि जब वह सत्ता में थी तो अंबेडकर को भारत रत्न क्यों नहीं दिया गया।

उन्होंने कहा, "1954 से 1988 तक नेहरू, इंदिरा गांधी और कामराज समेत 21 लोगों को भारत रत्न से सम्मानित किया गया। लेकिन संविधान का मसौदा तैयार करने वाले अंबेडकर को यह पुरस्कार नहीं दिया गया, वह अन्य नेताओं से कम क्यों हैं? उनके साथ क्या गलत था।" केंद्रीय मंत्री ने स्पष्ट किया कि भाजपा अंबेडकर के आदर्शों को सख्ती से लागू करने वाली पार्टी है और कहा कि भाजपा ने अंबेडकर के पंच तीर्थों का आयोजन करके और चरणबद्ध तरीके से उनकी प्रतिष्ठा को प्रदर्शित करके उन्हें भारत रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया है।

## अधिक कीमत पर बेची जा रही कैप्सूल जब्त

हैदराबाद, 25 दिसम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना राज्य औषधि नियंत्रण प्रशासन (टीजीएसडीसीए) की टीमों ने छापेमारी कर सिकंदराबाद के बांदीमेट में एक मेडिकल दुकान पर आईट्रामेन-200 कैप्सूल (इट्राकोनाजोल कैप्सूल 200 मिलीग्राम) का स्टॉक जब्त किया। 'आईट्रामेन-200 कैप्सूल' ब्रांड नाम से बेचे जाने वाले इट्राकोनाजोल कैप्सूल 200 मिलीग्राम, औषधि (मूल्य नियंत्रण) आदेश, 2013 के अनुसार मूल्य नियंत्रण के अधीन हैं, जिसे राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) द्वारा निर्धारित किया जाता है।

रिवप्रा फॉर्म्युलेशन प्राइवेट लिमिटेड, हरिद्वार, उत्तराखंड द्वारा मेनरिक बायोमर्ज प्राइवेट लिमिटेड, मानक विहार, नई दिल्ली के लिए निर्मित इट्रामेन-200 कैप्सूल (इट्राकोनाजोल कैप्सूल 200 मिलीग्राम) की 10 कैप्सूल की एमआरपी 350 रुपये थी। एनपीपीए द्वारा निर्धारित अधिकतम मूल्य 10 कैप्सूल के लिए 221.2 रुपये है। इस दवा की अधिकतम खुदरा कीमत (12 प्रतिशत जीएसटी सहित) 10 कैप्सूल के लिए 24%.% रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। टीएसडीसीए अधिकारियों ने कहा कि कंपनी ने उत्पाद की कीमत अधिक रखी और 10 कैप्सूल के लिए 102.23 रुपये अधिक वसूले, जो औषधि (मूल्य नियंत्रण) आदेश, 2013 का उल्लंघन है।



तेलंगाना आगमन पर उपराष्ट्रपति जगदीश धनकड़ का स्वागत करते हुए राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा, मंत्री सुरेखा कोंडा व अन्य।

## साप्ताहिक विशेष ट्रेन की घोषणा

हैदराबाद, 25 दिसम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेलवे ने 7 जनवरी, 2025 से मुजफ्फरपुर-सिकंदराबाद-मुजफ्फरपुर के बीच साप्ताहिक विशेष ट्रेन सेवाओं की घोषणा की है। तदनुसार साप्ताहिक विशेष ट्रेन संख्या 05293 मुजफ्फरपुर-सिकंदराबाद प्रत्येक मंगलवार को सुबह 10.40 बजे रवाना होगी और बुधवार को रात 11.50 बजे पहुंचेगी। हालांकि, यह ट्रेन 14 और 28 जनवरी तथा 4, 11 और 25 फरवरी को नहीं चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 05294 सिकंदराबाद-मुजफ्फरपुर गुरुवार को सुबह 3.55 बजे रवाना होगी और बुधवार को शाम 5 बजे पहुंचेगी। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि हालांकि साप्ताहिक विशेष ट्रेन 16 और 30 जनवरी तथा 6, 13 और 27 फरवरी को नहीं चलेगी। इन विशेष ट्रेनों में द्वितीय श्रेणी एसी, तृतीय श्रेणी एसी, तृतीय श्रेणी एसी इकॉनमी, स्लीपर और सामान्य द्वितीय श्रेणी के डिब्बे शामिल हैं।

## ग्राम पंचायत चुनावों से पहले पिछड़ी जातियों के लिए आरक्षण लागू करें: श्रीनिवास गौड़



यदागिरिगुट्टा, 25 दिसम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व मंत्री वी. श्रीनिवास गौड़ ने बुधवार को सरकार से ग्राम पंचायत चुनाव से पहले स्थानीय निकायों में जनसंख्या के आधार पर पिछड़ी जातियों के लिए आरक्षण लागू करने की मांग की।

उन्होंने अपने परिवार के साथ यदागिरिगुट्टा में श्री लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी मंदिर में दर्शन किए। बाद में मीडियाकर्मियों से बात करते हुए उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि 42% आरक्षण लागू करने के बाद ही स्थानीय चुनाव कराए जाने चाहिए। उन्होंने सरकार द्वारा किए गए रैतु भरोसा के वादों को लागू करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि सरकार को कार्यान्वयन की स्थिति पर संबंधित कलेक्टर से एक व्यापक रिपोर्ट प्राप्त करनी चाहिए, ताकि 100% कार्य पूरा हो सके। गौड़ ने कहा कि सरकार को ग्राम पंचायत चुनावों का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए सभी कानूनी जटिलताओं को दूर करने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए।

# अंतरराज्यीय कछुआ तस्करी रैकेट का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

## 281स्टार और 160 लाल कान वाले स्लाइडर कछुए बरामद





हैदराबाद, 25 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। विश्वसनीय सूचना के आधार पर, विशेष अभियान दल, मल्काजगिरी जोन के अधिकारियों ने एफआरओ उप्पल के साथ मिलकर दो व्यक्तियों को पकड़ा। आरोपी अवैध धन कमाने के लिए स्टार कछुए और लाल कान वाले स्लाइडर कछुए की तस्करी कर रहे थे और उनके पास से 281 स्टार कछुए, 160 लाल कान वाले स्लाइडर कछुए और चार मोबाइल फोन जब्त किए, जिनकी कीमत 64 लाख रुपए है। पुलिस ने इस मामले में एमडी. सिराज अहमद, निवासी ओल्ड मलकपेट, हैदराबाद, शेख जानी निवासी आदर्श नगर, पीरजादीगुडा, मेडिपल्ली को गिरफ्तार किया है।

जबकि एक अन्य आरोपी विजय कुमार निवासी एपी फरार है। पुलिस के अनुसार शेख जानी आदर्श नगर, पीरजादीगुडा, मेडिपल्ली का निवासी है और पीरजादीगुडा, मेडिपल्ली में फेमस एक्वेरियम के नाम से एक्वेरियम का व्यवसाय चलाता है और मछलियों और पक्षियों की विभिन्न प्रजातियाँ बेचता है। सूचना के आधार पर एसओटी मलकाजगिरी टीम ने फेमस एक्वेरियम की दुकान पर छापा मारा और पाया कि शेख जानी अवैध रूप से स्टार कछुए बेच रहा था और उसके कब्जे से 5 स्टार कछुए बरामद किए। बाद में एसओटी मलकाजगिरी ने एफआरओ उप्पल के अधिकारियों को यह सत्यापित करने के लिए बुलाया कि क्या स्टार कछुए बाजार में बेचे जा सकते हैं या नहीं।

बाद में एफआरओ उप्पल के अधिकारी मौके पर पहुंचे और कछुओं की जांच की और पाया कि वन्यजीव संरक्षण अधिनियम - 1972 के अनुसार स्टार कछुओं की बिक्री अवैध है। शेख जानी से आगे पूछताछ करने पर, उसने खुलासा किया कि एमडी सिराज अहमद नाम के एक व्यक्ति ने उसे स्टार कछुआ बेचा था। इसके अलावा एसओटी मल्काजगिरी टीम ने एफआरओ उप्पल के अधिकारियों के साथ मिलकर न्यू शाइन एक्वेरियम की दुकान, मलकपेट में छापा मारा और दुकान में 160 लाल कान वाले स्लाइडर कछुए और उसके गुप्त गोदाम में 281 स्टार कछुए पाए गए।

उनकी योजना के अनुसार विजय कुमार आंध्र प्रदेश से हैदराबाद में कछुओं की तस्करी करता है और एमडी सिराज अहमद को कछुए देते थे और वह अवैध धन कमाने के लिए उन्हें बाजार में बेच देता था।

## एसीबी ने फॉर्मूला ई-कार रेस मामले में दाना किशोर का बयान दर्ज किया

हैदराबाद, 25 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। फॉर्मूला ई-रेस मामले में एक अहम घटनाक्रम हुआ है। एसीबी अधिकारियों ने मामले में शिकायतकर्ता और नगर प्रशासन के मुख्य सचिव दाना किशोर का बयान दर्ज किया है। इसके आधार पर बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष और पूर्व मंत्री केटीआर और नगर प्रशासन एवं शहरी विकास विभाग के पूर्व विशेष मुख्य सचिव अरविंद कुमार को नोटिस जारी किए जाने की संभावना है। एसीबी इस मामले में आरोपियों को नोटिस जारी करने की तैयारी कर रही है। नगर प्रशासन विभाग के तत्कालीन विशेष मुख्य सचिव अरविंद कुमार और एचएमडीए के तत्कालीन मुख्य अभियंता बीएलएन रेड्डी को भी एफआईआर में शामिल किया गया है।

# स्वर्णक्का ने मुलुगु जिले में किया आत्मसमर्पण



हैदराबाद, 25 दिसंबर (एनएसएस): आज, ओडिशा राज्य के मलकानगिरी जिले के कालीमेला मंडल के पोट्टेरू गांव की निवासी और प्रतिबंधित सीपीआई माओवादी पार्टी की नेशनल पार्क एरिया कमेटी की सदस्य अलुवा स्वर्णा उर्फ स्वर्णाक्का (50) ने माओवादी विचारधाराओं की निरर्थकता को समझते हुए अपने परिवार के साथ शांतिपूर्ण जीवन जीने के इरादे से मुलुगु जिले के एसपी डॉ. पी. शबरीश के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया।

अलुवा स्वर्णा, कालीमेला एरिया कमेटी कमांडर रमन्ना के प्रोत्साहन पर वर्ष 2000 में प्रतिबंधित सीपीआई-माओवादी पार्टी में शामिल हुई थी। उसने शुरुआत में तीन साल तक चट्टीराजा पपय्या उर्फ सोमन्ना के नेतृत्व वाली सुरक्षा टीम के सदस्य के रूप में काम किया, जो उस समय उत्तरी तेलंगाना विशेष क्षेत्रीय समिति (एनटीएसजेडसी) का सदस्य था। बाद में, वह गिनुगु नरसिम्हा रेड्डी उर्फ जम्पन्ना की सुरक्षा टीम में शामिल हो गई और पांच साल तक काम किया।इस अवधि के दौरान 16 जनवरी 2005 को उन्होंने रामपुर वन क्षेत्र के कर्णगंडी में एक मुठभेड़ में भाग लिया। इस घटना में दो माओवादी नल्ला वसंत उर्फ जगन और थल्ला सुदर्शन उर्फ गंगन्ना मारे गए, जबकि स्वर्णक्का और कुछ अन्य सदस्य भाग निकले। इसी तरह, उसी वर्ष 5 नवंबर को, वह लिंगलगुट्टा उर्फ पलाधारा गुट्टा में एक मुठभेड़ में शामिल थी, जहां बट्टू एलीशा उर्फ ममथा की मृत्यु हो गई, और स्वर्णक्का फिर से अन्य सदस्यों के साथ भागने में सफल रही। 2006 में, उन्होंने मुलुगु जिले के वाजीदु मंडल के कोंगला गांव के निवासी कुरासा सयन्ना उर्फ जगत से शादी की। उन्हें 2008 में एरिया कमेटी सदस्य के रूप में पदोन्नत किया गया था और उन्होंने तत्कालीन केंद्रीय समिति के सदस्यों यापा नारायण उर्फ हरिभूषण और रावुला श्रीनिवास उर्फ रमन्ना के लिए सुरक्षा कैडर के रूप में काम किया था। 2015 में, उसे पश्चिम बस्तर में स्थानांतरित कर दिया गया और वे नेशनल पार्क एरिया कमेटी में एरिया कमेटी सदस्य के रूप में शामिल हुईं, बाद में दो साल तक सैंड्रा एलओएस कमांडर के रूप में कार्य किया।

2017 में, उनके पति कुरासा सयाना, जो नेशनल पार्क एरिया कमेटी के सचिव थे, गुंडा में एक मुठभेड़ में मारे गए। उनकी मृत्यु के बाद, स्वर्णक्का मानसिक रूप से परेशान हो गईं और उनका स्वास्थ्य बिगड़ गया। बाद में उसने दो साल तक नेशनल पार्क एरिया कमेटी के तहत जनताना सरकार के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। 2019 से, वे कृषि विभाग के अध्यक्ष के रूप में काम कर रही हैं। वर्तमान में, स्वर्णक्का को एहसास हुआ कि माओवादी पार्टी का कोई भविष्य नहीं है और इसकी विचारधाराएँ निरर्थक हैं, उन्होंने अपने परिवार के साथ शांतिपूर्ण जीवन जीने के लिए मुलुगु जिला पुलिस के सामने आत्मसमर्पण करने का फैसला किया। इस अवसर पर, अन्य भूमिगत माओवादी नेताओं और सदस्यों से पुलिस के सामने आत्मसमर्पण करने की अपील की गई। यह आश्वासन दिया गया कि सरकार आत्मसमर्पण करने वालों को पुनर्वास और सहायता प्रदान करेगी। कार्यक्रम में डीएसपी एन. रविंदर (इंचार्ज ओएसडी मुलुगु) और 39 बीएन सीआरपीएफ के सहायक कमांडेंट एम. श्रीनिवास शामिल हुए।

## बाइक डिवाइडर से टकराने से 27 वर्षीय व्यक्ति की मौत

निर्मल, 25 दिसम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। भैंसा कस्बे में बुधवार को बाइक डिवाइडर से टकराने से 27 वर्षीय दगधे अमोल की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शिवाजी चौक पर बाइक पर से नियंत्रण खो देने के कारण अमोल के सिर में गंभीर चोटें आईं। नतीजतन, उसकी तत्काल मौत हो गई। घटना के समय वह अपने दोस्त के लिए उपहार खरीदने के लिए बाजार जा रहा था। अमोल के परिवार में पत्नी और बेटा है। अमोल की पत्नी की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। जांच शुरू कर दी गई है।

## दुर्घटना में 2 श्रद्धालुओं की मौत, चार घायल

भोंगिर, 25 दिसम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। बुधवार को भोंगिर जिले के यादाद्री में एक सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई। यह दुर्घटना उस समय हुई जब श्रद्धालुओं का एक परिवार यादाद्री मंदिर के दर्शन करने के बाद हैदराबाद जा रहा था। जिस कार में वे यात्रा कर रहे थे वह नियंत्रण खो बैठी और भोंगीर-बोम्मापल्ली चौराहे पर पलट गई। घातक चोटों के कारण दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य मामूली रूप से घायल हो गए। पुलिस मौके पर पहुंच गई है और विस्तृत जानकारी का इंतजार है।




दक्षिण मध्य रेलवे
हमें @SCRailwayIndia पर फॉलो करें
www.scr.indianrailways.gov.in

ई-टेंडर नोटिस नं.02/डीवाय.सीएसटीइ/सी-I/एससी/2024-25, दि.23/12/2024

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, उप मुख्य सिग्नल एवं दूर संचार अभियंता(निर्माण-I), दक्षिण मध्य रेलवे(दमरे), सिकंदराबाद द्वारा सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन सहित, निम्न कार्यों हेतु दि.17.01.2025 के 15-00 बजे तक ई-निविदा(खुली) आमंत्रित हैं।

क्रम सं. 01, निविदा सं.-सी-एसजी-सी-36-5-219-2024-25, कार्य विवरणः i) दमरे के नांदेड डिवीजन के मुदखेड-मनमाड मेनलाइन से मनमाड-दौंड लाइन को जोडने के लिए, एएनकेआय के, प्रस्तावित बायपास लाइन पर इलेक्ट्रानिक इंटरलाकिंग प्रावधान सहित एमएसीएलएस इंडोर तथा आउटडोर कार्य। ii) दमरे के नांदेड डिवीजन के खंडवा जंक्शन-अकोला जंक्शन के बीच नई क्रासिंग स्टेशन पर इलेक्ट्रानिक इंटरलाकिंग के प्रावधान सहित एमएसीएलएस इंडोर एवं आउटडोर कार्य। iii) दमरे के हैदराबाद डिवीजन में एमएसीएलएस इंडोर तथा आउटडोर कार्यों से तत्संबंधित सिरसिल्ला एवं वेमुलवाटडा स्टेशन पर इलेक्ट्रानिक इंटरलाकिंग सिस्टम कार्य तथा ट्रेन्चिन्ग, एचडीपीइ डक्ट व केबुल्स को बिछाना, ब्लोइंग, बैक फिल्लिंग, स्प्लाइसिंग की जाइंटिंग व 6 क्वाड केबुल की टर्मिनेशन, ओएफसी एवं सिरसिल्ला-कोथापल्ली सेक्शन में, मनोहराबाद-कोथापल्ली सेक्शन के बीच नई लाइन से संबंधित इंडोर टेलिकाम उपस्करों या इक्वीपमेंट्स की स्थापना कार्य iv) दमरे के नांदेड डिवीजन से जुडे - एमएसीएलएस इंडोर तथा आउटडोर कार्य सहित गंगाखेड स्टेशन पर इलेक्ट्रानिक इंटरलाकिंग का प्रावधान एवं पोखरनी नरसिम्हा(जीएनएच) व गंगाखेड(जीएनएच)-वडगांव(डब्ल्यूडीएन) में परभणी जंक्शन-परली सेक्शन के बीच तत्संबंधित डबलिंग कार्य। v) दमरे के नांदेड डिवीजन में-एमएसीएलएस इंडोर तथा आउटडोर कार्यों सहित मुदखेड - अदिलाबाद मेनलाइन से मनमाड-सिकंदराबाद लाइन के मुदखेड जंक्शन को कनेक्टिंग से संबंधित उपरोक्त जंक्शन पर प्रस्तावित बायपास लाईन पर इलेक्ट्रानिक इंटरलाकिंग का प्रावधान। अनुमानित मूल्यः रु.382010016.36 पैसे, बोली सुरक्षा राशिः रु.2060100.00, पूरा करने की अवधिः 18 महिने

बोली दस्तावेज तथा अन्य विवरण हेतु कृपया **वेबसाइटः** https://ireps.gov.in पर लागिन करें।

बोली सुरक्षा राशि का भुगतान, नकद रूप में या ई-पेमेंट गेटवे अथवा किसी भी भारतीय अनुसूचित वाणिज्य बैंक द्वारा जारी बैंक गारंटी बांड के रूप में प्रस्तुत करना चाहिए।

निविदादाताओं द्वारा अपने आफर्स को आनलाइन रुप में, निविदा प्रस्तुति के दौरान प्रस्तुत करना चाहिए, जो निविदा बंद करने की तिथि से पहले, पंद्रह दिन की अवधि हो।

निविदादातागण, किसी भी शुध्दिपत्रों(केवल आनलाइन पर जारी) को, निविदा प्रस्तुति अवधि के प्रारंभ की तिथि तक ही अवलोकन कर सकते हैं।

**उप मुख्य सिग्नल एवं दूर संचार अभियंता, (निर्माणः।), सिकंदराबाद**

PUB1278

नं. बी/एसजी. टेंडर नोटिस/16-19/2024-25 दि.24/12/2024

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से, अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्यों हेतु दि.22-01-2025 के 15.30 बजे तक ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

क्रम सं.01 निविदा सूचना सं. एससीआर-बीजेडए-एसएनटी-इ16-ओटी 24-25 दि.24.12.2024, कार्य विवरणः टुनी रेलवे स्टेशन,एकेपी रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ आफिस बिल्डिंग के निर्माण से संबंधित दूर संचार व्यवस्थाओं का प्रावधान तथा वीएसकेपी पर वूमेन आरपीएफ पर्सनल के लिए 12 बेड बैरक आवास या एकामडेशन के प्रावधान के लिए मौजूदा आरपीएफ बैरक्स का नवीकरण या रिनोवेशन करना। अनुमानित मूल्यः रु.11,10,075.50, पूधराः रु.22,200.00, पूरा करने की अवधिः 06 महिने, सीटीबीः शून्य

क्रम सं.02, निविदा सूचना सं. -एससीआऱ-बीजेडए-एसएनटी-इ17-ओटी 24-25, कार्य विवरणः बीटीटीआर-नये रन्निंग रूम के निर्माण के लिए, यथावत रूप से बेड केपासिटी(30बेड केपासिटी) तक वृध्दि करते हुए, डाइनिंग हाल, किचन एवं एयरकंडीशनिंग कार्य के साथ दूर संचार व्यवस्थाओं का प्रावधान। अनुमानित मूल्यः रु.9,84,828.60, पूधराःरु.19,700.00, पूरा करने की अवधिः 06 महिने, सीटीबीः शून्य

क्रम सं.03, निविदा सूचना सं. एससीआऱ-बीजेडए-एसएनटी-इ18-एसटी23-24 दि.20.11.2023, कार्य विवरणः बीटीटीआऱ-रेलवे अस्पताल विजयवाडा में पैथालाजिकल लैब की शिफ्टिंग या स्थानांतरण के एवज में सीनि. डीएससी/बीजेडए आफिस तथा क्लिनिकल मीटींग-सह-कान्फरंस हाल के नवीकरण के चलते रेलनेट तथा टेलिफोन व्यवस्थाओं का प्रावधान एवम् एमसीएस/आरजेवाय पर, एमइएमयु कोच रखरखाव सुविधाओं का सुधार तथा संचरनात्मक सुविधाओं का विकास से संबंधित दूर संचार व्यवस्थाओं का प्रावधान। अनुमानित मूल्यः रु. 22,88,976.70, पूधराः रु.45,800.00, पूरा करने की अवधिः 10 महिने, सीटीबीः शून्य

क्रम सं.04, निविदा सूचना सं. एससीआऱ-बीजेडए-एसएनटी-ई19-एसटी 23-24 दि.20.11.2023, कार्य विवरणःजीडीआऱ तथा आरजेवाय स्टेशनों पर, तुरंत पानी प्रबंध या क्विक वाटरिंग आरेंजमेंट्स के लिए एसएंडटी व्यवस्था। अनुमानित मूल्यःरु.75,95,367.54, पूधराः रु.151900.00, पूरा करने की अवधिः12 महिने, सीटीबीः शून्य

**विवरणः** बंद करने की तिथि व समयः 22.01.2025 के 15-30 बजे

भावी निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि, किसी भी निविदा के परिवर्तनों/शुध्दिपत्रों को नोट करने के लिए, निविदा बंद करने की तिथि से पहले, **वेबसाइटः** www.ireps.gov.in देखें।

**विभागीय रेल प्रबंधक(एसएण्डटी), विजयवाडा**

A1641

PUB1279

निविदा शर्तों/ विस्तृत जानकारी तथा निविदा दस्तावेजों की डाउनलोडिन्ग हेतु कृपया हमारा वेबसाइटः https://www.ireps.gov.in अथवा www.scr.indianrailways.gov.in देखें।

स्वतंत्र वार्ता

गुरुवार, 26 दिसंबर- 2024

# उदारमना भागवत

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत यूं तो बोलते बहुत कम हैं लेकिन जब बोलते हैं तो उनके समर्थकों के लिए वह ब्रम्हवाक्य बन जाता है। लेकिन इस बार उनकी कथा कुछ उल्टी पड गई लगती है। इसलिए लगभग हफ्ते भर से उनकी ही कथा चल रही है। अखबारों से लेकर सोशल मीडिया तक हर जगह बस उनकी ही कथा की चर्चा चल रही है। यहां तक कि जिनके विचार उनसे नहीं मिलते वे भी उनकी कथा के पक्ष में खुल कर अपने तर्क गढ़ रहे हैं। यहां तक कि संघ के घोर विरोधी कहे जाने वाले मुस्लिम संघ भी कह रहे हैं कि हां, ये हर कहीं खुदाई, तोड़-फोड़ का काम बंद होना चाहिए। भागवत सही कह रहे हैं। बाकी दूसरे पक्ष के कई लोग, भागवत जी के लिए भला-बुरा कर रहे हैं कि वे होते कौन हैं? ऐसे लोगों का तर्क है कि वर्षों हमारे मंदिर तोड़े गए। मूर्तियां भंग की गईं। धर्मस्थल अपवित्र किए गए। तब ये भागवतजी कहां थे? जो आज उनके पक्ष में नसीहत दे रहे हैं। बता दें कि मोहन भागवत ने पिछले दिनों पुणे में सिर्फ इतना कहा था कि भाइयो! हर मस्जिद के नीचे शिवलिंग की खोज मत करो। यह भी कहा कि कुछ लोग हिंदू नेता बनने को आतुर अपनी नेतागीरी चमकाने के लिए ये सब करते फिरते हैं। अब यह तो नहीं कहा जा सकता कि उनका इशारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ की तरफ रहा होगा, क्योंकि लगभग इसी तरह का बयान भागवत दो-ढाई साल पहले भी दे चुके हैं। लेकिन तब इतना हल्ला नहीं हुआ था जितना इस बार हो रहा है। दरअसल, भागवत के बयान को न विपक्ष समझ पाया और न ही पक्ष के प्रवक्ता लोग! देखा जाए तो भागवत के बयान का यह मतलब कतई नहीं है कि वे या उनका संघ अचानक उदारमना हो गया है। वे हिंदुत्व या उग्र हिंदुत्व के शेर की सवारी नहीं छोड़ने जा रहे हैं। वे अच्छी तरह जानते हैं कि शेर की सवारी छोड़ी तो वही शेर उन्हें खा जाएगा। भागवत दरअसल अपने लोगों को समझाना चाहते हैं कि हर गली-मोहल्ले में, हर मस्जिद या मीनार के नीचे शिवलिंग की खोज शुरू हो गई तो इससे एक तरह की अराजकता फैल सकती है। इस तरह की अराजकता संघ के उग्र व्यक्तित्व पर चढ़ी उदारता की परत को धो सकती है। संघ की ही शाखा से निकली भाजपा की केंद्रीय सत्ता की छवि भी कुछ हद तक धूमिल हो सकती है। वे यह कदापि नहीं चाहते कि जो कुछ बांग्लादेश में हिंदुओं या अल्पसंख्यकों के साथ हो रहा है, वही सब हिंदुस्तान में भी अल्पसंख्यकों के साथ होने लगे। विपक्ष समझ रहा है कि भागवत उनकी विचारधारा से मेल खा रहे हैं जबकि ऐसा नहीं है। विपक्ष सम्भल मामले से सहमत नहीं है और ऐसे समय में भागवत का बयान आया तो उसे लगा यह उसके लिए संजीवनी बूटी है। बस, विपक्ष भागवत-भागवत का कीर्तन गाने में जुट गया है। वैसे भागवत के बयान को समझे बिना उनका विरोध करने वाले भी बहुतेरे हैं। साधु-संत तो विरोध कर ही रहे हैं... और भी कई लोगों के सुर बदले हुए लग रहे हैं। बदले सुर में इसलिए कि अब खुलकर बोलने वाले विश्व हिंदू परिषद या बजरंग दल तो ज्यादा लाइम लाइट में रहे नहीं! स्वर्गीय अशोक सिंघल राम मंदिर का सपना लिए चल बसे, लेकिन उनके जीते जी यह सपना साकार हो नहीं सका। सिंघल होते तो खुलकर भागवत के सामने आते। यही वजह है कि साधु-संत ही खुलकर भागवत और उनके बयान का विरोध कर पा रहे हैं। बाकी ज्यादातर तो दबे सुर में विरोध करने को विवश दिखाई दे रहे हैं। आखिरकार, भागवत संघ प्रमुख हैं। उनका खुलकर विरोध कोई कैसे कर सकता है भला! जहां तक भाजपा का सवाल है, संघ और भाजपा की भी प्रेम की गांठें काफी ढीली दिखाई देने लगी हैं। इसका ही लाभ उठाने के लिए विपक्षी दल आतुर दिखाई दे रहे हैं। वे इसे एक सुनहरे अवसर के रूप में देख रहे हैं।

# देश और चुनाव



डॉ टी महादेव राव

"भैया! गजब हो गया। अब एक बार में चुनाव प्रत्याशी को फैसला करना होगा कि विधानसभा के लिए लड़ें या संसद के लिए यानी सांसद नहीं तो विधायक। विकल्प खत्म। लोगों में असमंजस मतलब दुविधा होगी कि किस पार्टी के कौन से प्रत्याशी को वोट दें। इसी पशोपेश में या तो अंदर या बाहर। यह तो कुछ और हो गया भैया!"

"छोटू! हम मतदाताओं का फायदा यह होगा कि संसदीय प्रत्याशी और विधानसभा प्रत्याशियों से वोट देने के लिए पैसा एक साथ मिलेगा जो कि मोटी रकम होगी। बीयर और बिरयानी भी दो दो एक साथ मिलेंगे। प्रचार प्रसार के लिए एक ही पोस्टर पर पार्टी के दोनों प्रत्याशियों की सामग्री होगी। सांसद प्रत्याशी का उनके सारे विधानसभा प्रत्याशियों के साथ प्रचार होगा।"

" बिरयानी, शराब और पैसे देने के खर्चे भी वे आपस में बांट लेंगे भैया। दोनों प्रत्याशियों के लिए वोट देने मतदाता को गाड़ी में एक बार ही लाना होगा। चुनाव एजेंट भी एक ही से दोनों प्रत्याशियों के काम चल जाएंगे। खर्चा पानी बचा न ! हां चुनाव ड्यूटी करने वालों के लिए दो अलग अलग चुनावी ड्यूटी पर मिलने वाला भत्ता सिर्फ एक बार मिलेगा जो कि घाटे का सौदा होगा। सभी कर्मचारियों को चुनाव की छुट्टी दो बार की जगह एक ही बार मिलेगी जो कि एक और घाटा है।"

"लेकिन छोटू! अभी यह पूरी तरह अध्यादेश कहाँ बना कि एक देश एक चुनाव वन नेशन वन इलैक्शन कल से ही लागू हो जाएगा। अभी तो इसका बीजारोपण हुआ है। अंकुरित होगा, पेड़ बढ़ेगा। फल होंगे। तब जाकर अब तक का जो भी हमने गणित लगाया है वह हो सकेगा।"

"होगा क्यों नहीं भैया? एक पूर्व राष्ट्रपति ने अपनी कमिटी के फैसले की रिपोर्ट को वर्तमान राष्ट्रपति को सौंपा और प्रधान ने उस पर गंभीरता से विचार विमर्श कर मंत्रिमंडल से अनुमोदन लिया है कि नहीं। और तो और पूर्व राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि बार बार नेताओं के आने से जनता परेशान होती है, इससे बचने का बेहतरीन उपाय है एक देश एक चुनाव।"

"छोटू! यह सब तो ठीक है लेकिन मुझे दाल में कुछ काला लग रहा है। महिला वंदन योजना की तरह यह भी कहीं ठांय ठांय फिस्स तो नहीं। दिल बहलाने के लिए तो यह ख्याल अच्छा है।"


"जैसे कि बड़े भैया और उनके सह "योगियों" की पिछली करतूतें देखते हुये मुझे लगता है कि मुख्य मुद्दों से जनता का ध्यान हटाने और उनकी सोच को इस एक देश एक चुनाव की तरफ मोड़कर कुंद बनाने का प्रयास है। मुद्दे मुंह बाए खड़े हैं और आप कुछ एक नामों को लिए पड़े हैं।

हर चौराहे पर चुनाव की चर्चा जैसे सारे लोग मिलकर इसका बीड़ा उठा लेंगे।

मुझे मदारी और जमूरे का तमाशा याद आता है जिसमें मदारी यह कहते हुये लोगों का ध्यान भटकाता है कि सांप और नेवले कि लड़ाई दिखाएंगे और इस बीच तरह तरह के कारनामे और जादू दिखा दिखा कर खेल खत्म कर देता है। लड़ाई तो दिखाता ही नहीं।"

"बात सही है और यह जादू सजे धजे जादूगर और गोल मटोल मोटे मदारी के साथ पिछले दस सालों से देख रहे हैं। जैसे कवायद में कहा जाता है जैसे थे। बस वैसे ही हैं। कहा जाये तो उससे बदतर भी हैं।"

# अमेरिका में भारतीय छात्र गणित या कंप्यूटर को क्यों पसंद करते हैं?



विजय गर्ग

अमेरिका में भारतीय छात्र इंजीनियरिंग के बजाय गणित या कंप्यूटर विज्ञान को क्यों पसंद करते हैं? विदेशी शिक्षा सलाहकार नौकरी बाज़ार की बदलती माँगों का श्रेय कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग, डेटा विज्ञान और साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में ₹विस्फोटक विकास₹ को देते हैं। 2023-2024 में लगभग 331,602 भारतीय छात्र संयुक्त राज्य अमेरिका में हैं, जो पिछले वर्ष से 23 प्रतिशत की वृद्धि है। उच्च शिक्षा के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका जाने वाले भारतीय छात्रों के लिए इंजीनियरिंग अब पहली पसंद नहीं रही। यह नवीनतम ओपन डोर्स रिपोर्ट में सामने आया है, जो अमेरिका में अंतरराष्ट्रीय छात्र विनिमय गतिविधि की जांच करने वाला एक वार्षिक सर्वेक्षण है।

जबकि इंजीनियरिंग सबसे लोकप्रिय क्षेत्र के रूप में हावी है, हाल के वर्षों में इसमें गिरावट देखी गई है। आंकड़ों के अनुसार, 2023-24 में, अमेरिका में लगभग 24.5 प्रतिशत भारतीयों ने इंजीनियरिंग की पढ़ाई की, जो 2021-22 में 29.6 प्रतिशत से लगभग 5 प्रतिशत कम है। इस बीच, गणित या कंप्यूटर विज्ञान भारतीयों को आकर्षित करने वाला सबसे लोकप्रिय क्षेत्र है, जिसमें 2023-24 में 42.9 प्रतिशत लोग शामिल हैं। गणित और कंप्यूटर विज्ञान इतने लोकप्रिय क्यों हो गए हैं? प्रौद्योगिकी-संचालित उद्योगों की तीव्र वृद्धि को देखते हुए, छात्र कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डेटा विज्ञान और मशीन लर्निंग जैसे उभरते क्षेत्रों के साथ संरेखित कार्यक्रमों को तेजी से चुन रहे हैं। "यहां तक कि टीओईएफएल (ईटीएस भाषा की क्षमता को मापने के लिए इस मानकीकृत परीक्षण का आयोजन करता है) के अनुसार, अंतर्दृष्टि डेटा, कंप्यूटिंग और सूचना प्रौद्योगिकी पारंपरिक इंजीनियरिंग प्राथमिकताओं को पार करते हुए, हाल के वर्षों में भारतीय परीक्षार्थियों के बीच लगातार शीर्ष विकल्प रही है। यह परिवर्तन मुख्य रूप से उच्च रोजगार क्षमता और कैरियर विकल्पों में लचीलेपन जैसे कारकों से प्रेरित है। कंप्यूटर विज्ञान और गणित सूचना प्रौद्योगिकी, सॉफ्टवेयर विकास और एनालिटिक्स जैसे उच्च मांग वाले उद्योगों में आकर्षक करियर के लिए मार्ग प्रदान करते हैं।₹ अमेरिका में भारतीय छात्र पिछले वर्ष में भारतीय छात्रों ने गणित/सीएस की जगह गणित/सीएस को प्राथमिकता दी जॉन्स हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी में ग्रेजुएट एजुकेशन और लाइफलॉन्ग लर्निंग के वाइस डीन डॉ. श्रीदेवी सरमा ने कहा कि इंजीनियरिंग पूरी तरह से लोकप्रियता नहीं खो रही है, यह विकसित हो रही है। "इंजीनियरिंग अब उन क्षेत्रों के साथ बातचीत करती है और वास्तव में उन क्षेत्रों को बदल रही है जिन्हें एक बार 'मात्रात्मक' विश्लेषण और विवरण के लिए उत्तरदायी नहीं माना जाता था।

इसमें जीव विज्ञान, चिकित्सा और स्वास्थ्य देखभाल के साथ बातचीत शामिल है... ये सभी डेटा विज्ञान, एआई, मशीन लर्निंग और इसी तरह से बदल रहे हैं। विदेशी शिक्षा सलाहकार भी नौकरी बाजार की इन बदलती मांगों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग, डेटा विज्ञान और साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में विस्फोटक विकास के लिए जिम्मेदार मानते हैं। सचिन ने कहा, "एआई और संबंधित प्रौद्योगिकियों के तेजी से विकास के साथ, कंप्यूटर विज्ञान बाजार में उन उद्योगों को शामिल करने के लिए काफी विस्तार हो रहा है जहां प्रौद्योगिकी प्रभाव डालने में सक्षम है। इसके अलावा, ये विषय पारंपरिक इंजीनियरिंग क्षेत्रों के विपरीत, वित्त से लेकर स्वास्थ्य सेवा तक कई क्षेत्रों में करियर के अवसर खोलते हैं, जो अक्सर निश्चित करियर पथ की ओर ले जा सकते हैं।' मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल जैसे मुख्य इंजीनियरिंग क्षेत्रों में एआई का एकीकरण आधुनिक इंजीनियरिंग को नया आकार दे रहा है।

नौकरी का रुझान वैश्विक बाजार की ओर स्थानांतरित हो गया है, खासकर अमेरिका और ब्रिटेन जैसे बड़े देशों में। "ये अंतःविषय क्षेत्र अक्सर सिविल, मैकेनिकल या केमिकल इंजीनियरिंग जैसे पारंपरिक इंजीनियरिंग विषयों के बजाय गणित और कंप्यूटर विज्ञान के अंतर्गत आते हैं। गणित में लचीलापन और प्रयोज्यताऔर कंप्यूटर विज्ञान उद्योगों में व्यापक प्रयोज्यता प्रदान करता है। इन क्षेत्रों में एक मजबूत आधार छात्रों को वित्त और स्वास्थ्य देखभाल से लेकर तकनीक और परामर्श तक कई प्रकार की भूमिकाओं में आने की अनुमति देता है, जो उन्हें अत्यधिक आकर्षक बनाता है। सामाजिक विज्ञान, प्रबंधन और शिक्षा जैसे अन्य लोकप्रिय पाठ्यक्रमों में नामांकन आंकड़ों में शायद ही कोई उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उदाहरण के लिए, अमेरिका में लगभग 11.5 प्रतिशत भारतीय छात्रों ने 2023-24 में प्रबंधन का अध्ययन करना पसंद किया, जबकि 2022-23 में यह 11.6 प्रतिशत और 2021-22 में 13.3 प्रतिशत था।

"अधिकांश भारतीय अपनी शिक्षा के निवेश पर रिटर्न का मूल्यांकन करते हैं। कंप्यूटर विज्ञान पर अधिक जोर देने वाले एसटीईएम क्षेत्रों को अक्सर उच्च-भुगतान वाली, उच्च-मांग वाली नौकरियों के साथ अधिक संरेखित माना जाता है, खासकर सिलिकॉन वैली जैसे तकनीकी केंद्रों में। आधुनिक इंजीनियरिंग समस्याओं में तेजी से कम्प्यूटेशनल सोच और डेटा विश्लेषण शामिल हो रहा है। परिणामस्वरूप, छात्रों को लग सकता है कि वे कंप्यूटर विज्ञान या संबंधित क्षेत्रों के माध्यम से अपने लक्ष्यों को अधिक कुशलता से प्राप्त कर सकते हैं, "सरमा ने कहा। अन्य देशों पर अमेरिका क्यों? 2023-2024 में लगभग 3,31,602 भारतीय छात्र संयुक्त राज्य अमेरिका में हैं, जो पिछले वर्ष से 23 प्रतिशत की वृद्धि है। भारतीय छात्रों का नामांकन मुख्य रूप से स्नातक स्तर (1,96,567 या 19%) और वैकल्पिक व्यावहारिक प्रशिक्षण (ओपीटी) शैक्षणिक स्तर (97,556 या 41%) पर बढ़ा। फीस निश्चित रूप से कम नहीं है. तो फिर भारतीय छात्रों की पसंद पर अमेरिका का दबदबा क्यों बना हुआ है? जैन के अनुसार, अमेरिका गणित, कंप्यूटर विज्ञान और अन्य एसटीईएम क्षेत्रों सहित विभिन्न विषयों में भारतीय छात्रों को सक्रिय रूप से प्रोत्साहित करना जारी रखता है, जबकि भारतीय शोधकर्ताओं को आकर्षित करने पर भी जोर दे रहा है।

अमेरिका में दुनिया के कुछ शीर्ष विश्वविद्यालय और लचीला पाठ्यक्रम है। उनका एफ-1 वीजा और ओपीटी एसटीईएम स्नातकों को ग्रेजुएशन के बाद तीन साल तक देश में रहने और काम करने की अनुमति देता है, जिससे उन्हें मूल्यवान उद्योग अनुभव हासिल करने और कैरियर के अवसरों का पता लगाने के लिए पर्याप्त समय मिलता है। कई अमेरिकी संस्थान अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए छात्रवृत्ति और वित्तीय सहायता प्रदान करते हैं, जिससे उच्च शिक्षा अधिक सुलभ हो जाती है। गणित, कंप्यूटर विज्ञान और डेटा विज्ञान में उनके स्नातक कार्यक्रम अक्सर वित्त पोषित अनुसंधान सहायता प्रदान करते हैं, जिससे भारतीय छात्रों को अपनी पढ़ाई के दौरान व्यावहारिक शैक्षणिक और उद्योग अनुभव प्राप्त करने में मदद मिलती है। ₹अमेरिका में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग और डेटा एनालिटिक्स जैसे उभरते क्षेत्रों में कुशल पेशेवरों की मांग बढ़ रही है, जो भारतीय छात्रों और शोधकर्ताओं को आकर्षित कर रही है।₹ "दूसरा व्यापक कारण अमेरिकी परिप्रेक्ष्य से है। जब आप दो प्रमुख देशों के बारे में सोचते हैं, तो वे चीन और भारत रहे हैं। मोटे तौर पर अमेरिका के अंतरराष्ट्रीय छात्र आधार का लगभग 60 प्रतिशत इन दो देशों से आता है। जाहिर है, पिछले कुछ वर्षों में, भारत और अमेरिकी सरकारों के बीच बहुत मजबूत संबंध रहे हैं और यह (चीन के साथ) पहले जैसे नहीं रहे हैं। यदि आप चाहें तो वास्तव में यही इस असमानता का कारण है।

इंजीनियरों की अधिक आपूर्ति भारतीय छात्रों को अपनी मातृभूमि में कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ता है, जहां कुछ हजार सीटों के लिए दस लाख से अधिक लोग संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) में बैठते हैं। इसलिए विश्वविद्यालय की स्वीकृति दर कम है। बैंकों द्वारा छात्र ऋण को प्रोत्साहित करने के साथ, अमेरिकी विश्वविद्यालयों में अध्ययन करना भारतीयों के लिए आकर्षक है।

# अल्पसंख्यक मुद्दे पर वैश्विक चुप्पी

डॉ.वेदप्रकाश

क्या अल्पसंख्यक और बहुसंख्यक शब्द स्वयं में ही विभाजक नहीं हैं? क्या मनुष्य को मनुष्य मानकर व्यवहार किया जाए या उसे अल्पसंख्यक और बहुसंख्यक के खांचों में बांटकर उसकी सुरक्षा सुनिश्चित हो? क्या अल्पसंख्यक कहे जाने वालों को सुरक्षित जीवन, शिक्षा और सम्मान का अधिकार नहीं है?

फिर भिन्न-भिन्न देशों में अल्पसंख्यक कहे जाने वालों पर हो रही हिंसा और अत्याचारों पर वैश्विक चुप्पी क्यों है? आज जब समूचा विश्व भिन्न-भिन्न रूपों में विकास के कीर्तिमान बना रहा है, तब मानवता हाशिए पर क्यों जा रही है? क्या केवल परिषद अथवा आयोग बना देने से ही मानवाधिकारों की रक्षा हो सकेगी? आज विश्व के अनेक देशों में जाति, रंग, क्षेत्रीयता, भाषा, पूजा पद्धति आदि विभिन्न आधारों पर अल्पसंख्यक और बहुसंख्यक वर्ग बनते जा रहे हैं, क्या ऐसे सभी देशों के संविधान में इस प्रकार के प्रविधान हैं? अथवा ऐसे सभी देशों के संविधान उस देश में रहने वाले सभी नागरिकों को समान अधिकार देते हैं?

अल्पसंख्यकों पर हिंसा और अत्याचार के समाचार यद्यपि विकसित देशों से भी आते रहे हैं किंतु भारतवर्ष के दो पड़ोसी देश पाकिस्तान और बांग्लादेश पिछले लंबे समय से अल्पसंख्यकों और विशेष रूप से हिंदुओं पर हिंसा और अत्याचार के मामलों में लगातार आगे बढ़ रहे हैं। वहां हालात बेकाबू हैं। हजारों घटनाएं होने के बाद भी कभी-कभी दो-चार हमलावरों की गिरफ्तारी के समाचार आते हैं। आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2022 में बांग्लादेश में 47, पाकिस्तान में 241, वर्ष 2023 में बांग्लादेश में 302 तो पाकिस्तान में 103 और 8 दिसंबर 2024 तक बांग्लादेश में 2200 तो पाकिस्तान से अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हमलों के 112 मामलों सामने आए हैं। ध्यातव्य कि अतीत में बांग्लादेश और भारत के संबंध बड़े सुदृढ़ और सौहार्दपूर्ण रहे हैं। दोनों देश मिलकर अनेक विकासात्मक कार्यों व व्यापारिक संबंधों में एक दूसरे की ताकत भी बने हैं, किंतु अगस्त 2024 में शेख हसीना को अपदस्थ करने और अंतरिम सरकार बनाने के बाद से वहां अल्पसंख्यकों पर लगातार हमले बढ़ रहे हैं।

बांग्लादेश की वर्ष 2022 की जनगणना के अनुसार वहां जनसंख्या का कुल 7.95 प्रतिशत हिंदू बचे हैं जिन्हें अल्पसंख्यक वर्ग में गिना जाता है। ये सभी बांग्लादेश के मूल नागरिक हैं। वहां की भिन्न-भिन्न व्यवस्थाओं में उनकी भी एक नागरिक के नाते बड़ी भूमिका है लेकिन पिछले लंबे समय से वहां धार्मिक उन्माद जोरों पर है और अल्पसंख्यकों के प्रति हिंसा और अत्याचार के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। अल्पसंख्य हिंदुओं के घर, दुकान व व्यापारिक प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया जा रहा है। वहां अल्पसंख्यकों से लूटपाट, तोड़फोड़, आगजनी एवं मारपीट के बढ़ते मामलों से दहशत का माहौल है। आए दिन हिंदू मंदिरों व पूजा प्रतिष्ठानों को निशाना बनाकर मूर्तियां तोड़ी जा रही हैं। हाल ही में तीन मंदिरों को फिर से निशाना बनाया गया है, जिसमें अभी तक न तो कोई गिरफ्तारी हुई है और न ही मामला दर्ज किया गया है। इस्कॉन से जुड़े चिन्मय दास ब्रह्मचारी राजद्रोह के मामले में गिरफ्तार हैं। इस्कॉन से जुड़े लोगों एवं इस्कॉन मंदिरों पर भी लगातार हमले हो रहे हैं।

शेख हसीना के अपदस्थ होने के बाद वहां डॉ. मोहम्मद यूनुस अंतरिम सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं। लगातार आ रहे समाचार बांग्लादेश में कट्टरपंथियों के बेलगाम होने की सूचना दे रहे हैं। कानून व्यवस्था के नाम पर किसी प्रकार की शक्ति दिखाई नहीं दे रही है। क्या वहां के अल्पसंख्यक हिंदुओं के जीवन और सुरक्षा की जिम्मेदारी वहां की सरकार की नहीं है? क्या वे वहां के नागरिक नहीं हैं? बांग्लादेश की अंतरिम सरकार का नेतृत्व नोबेल शांति पुरस्कार प्राप्त मोहम्मद यूनुस कर रहे हैं उन्हें मानवतावादी पुरस्कार और स्वतंत्रता पुरस्कार आदि भी मिल चुके हैं।

उनकी प्रतिष्ठा गरीबों के बैंकर के रूप में है। गरीब, महिला और ग्रामीण उत्थान के लिए उन्हें जाना जाता है। क्या यह विडंबना नहीं है की उनके नेतृत्व वाली सरकार अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रही हिंसा और अत्याचार के प्रति मूक दर्शक बनी हुई है?

संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा वर्ष 1946-47 में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद की स्थापना की गई। परिषद का मुख्य उद्देश्य नागरिक स्वतंत्रता, स्त्री दशा और मानवाधिकारों से जुड़े विषयों पर काम करना है। क्या बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रही हिंसा, लूटपाट, उत्पीड़न के मामले उनकी नागरिक स्वतंत्रता, जीवन के अधिकार और मानवाधिकारों में नहीं आते? यदि आते हैं तो फिर वैश्विक समुदाय मौन क्यों है? ध्यान रहे कट्टरपंथ और अमानवीयता किसी भी समाज और देश में मानवता और मानवाधिकारों के विरुद्ध है। समूचे भारत में जन आक्रोश है, विदेश मंत्रालय भी संबंध में आधिकारिक वार्ता कर चुका है।

भारत के नागरिक व बांग्लादेश के अल्पसंख्यक हिंदू बांग्लादेश सरकार व भारत सरकार से न्याय व सहारे की आस में हैं। भारतवर्ष की सनातन ज्ञान परंपरा एवं समूचा चिंतन न केवल मानवाधिकारों की अपितु सर्वे भवंतु सुखिनः की कामना करता रहा है। विपदा एवं संकट के अनेक अवसरों पर भारत सरकार अनेक देशों की सहायता करती रही है। आज आवश्यक है कि विश्व समुदाय एकजुट होकर बांग्लादेश और अन्य स्थानों पर अल्पसंख्यकों के विरुद्ध हो रही हिंसा व अत्याचारों पर कड़ा रुख अपनाए। यह समय न केवल अल्पसंख्यक हिंदुओं के पक्ष में खड़े होने का है अपितु मानवाधिकारों की रक्षा का भी है।


# महिलाओं का समग्र विकास अपरिहार्य



संजीव ठाकुर

निश्चित तौर पर हर रात की सुबह होती है भारत में महिलाओं की मुक्ति का प्रश्न स्वतंत्रता एवं भारत की मुक्ति के साथ अनिवार्य रूप से जुड़ गया है1 स्वतंत्र काल से जुड़ी हुई महिला सशक्तिकरण की यात्रा आज तक अनवरत जारी है1 आज भी महिलाएं सामाजिक राजनीतिक आर्थिक एवं सांस्कृतिक सभी मोर्चों और सवालों पर पुरुषों के समकक्ष संघर्ष करती नजर आ रही है1 आज राष्ट्र निर्माण में नारी अपनी भूमिका से न केवल परिचित है बल्कि उसकी गंभीर जिम्मेदारी का निर्वहन करने के लिए भी तत्पर व सक्षम है1 वर्तमान में भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्थाओं में से एक है1 भारत विकास की दर आज बड़ी से बड़ी वैश्विक शक्ति से टक्कर लेने की जद पर है1 विकास की गाथा में देश की आधी आबादी यानी महिलाओं की भूमिका बढ़ती जा रही है1 अनेक सामाजिक आर्थिक विसंगतियों के बावजूद आज हर मोर्चे पर महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी होती दिखाई दे रही है1 यह आत्मविश्वास उन्हें सदियों के संघर्ष के बाद हासिल हुआ है, प्राचीन काल में अपाला तथा गोसा जैसी विदुषी महिलाओं ने अपनी कीर्ति पताका फैलाई थी, भारतीय समाज में उन्हें सम्मान और बराबरी का दर्जा दिया गया है ,परंतु मध्यकाल में भारत अपनी संकुचित एवं संकट दृष्टि का शिकार हो गया था महिलाओं को घर की चारदीवारी में क्या होना पड़ा था1 इसी के साथ कैद हो गई थी उनकी योग्यता,ऊर्जा,शक्ति, आकांक्षाएं और व्यक्तित्व विकास की संभावनाएं1 भारत एवं भारत के बाहर विदेशों में भारतीय मूल की ऐसे सैकड़ों महिलाएं हैं जिन्होंने भारत देश का नाम रोशन किया है उनके नाम की सूची बड़ी लंबी है उनका उल्लेख न करते हुए समग्र रूप से उनका नमन करते हुए यह बताना चाहूंगा कि महिलाएं निरंतर उच्च पदों पर आसीन हो रही है इन सब के साथ सबसे पुराने बजट तथा घर के अर्थशास्त्र को संभालने की भूमिका का भी कुशलतापूर्वक सदियों से प्रबंधन करती आ रही है1 इसके साथ ही वे अपनी शैक्षणिक योग्यता में निरंतर सुधार कर रही है जनसंख्या गणना के आंकड़े भी इसकी पुष्टि करते हैं, महिलाएं जहां शिक्षा, प्रशासन, मेडिकल क्षेत्र, इंजीनियरिंग, स्पेस रिसर्च, विज्ञान टेक्नोलॉजी और उद्यानिकी, एग्रीकल्चर, सेरीकल्चर और तमाम क्षेत्रों में असाधारण रूप से शिक्षा प्राप्त कर प्रगति कर रही और उच्च पदस्थ होकर कार्यों का कुशलता से संपादन कर रही हैं1 सामाजिक कुरीतियों के विरोध में समाज को आगाह करने और उसका विरोध करने में भी महिलाएं पीछे नहीं है, फिर चाहे वह शनि सिंगनापुर हाजी अली दरगाह या तीन तलाक के मामले में इनकी सजगता ने सामाजिक परिवर्तन लाया है। सरकार भी इनकी इस भूमिका को स्वीकार करते हुए थल जल और वायु सेना में युद्धक की भूमिका में इनकी नियुक्ति कर रही है। हम यदि राजनीतिक क्षेत्र की चर्चा करें तो पंचायती स्तरों पर महिला प्रधानों ने गंभीर परिवर्तन के प्रयास किए, किंतु हमें यहां हमेशा स्मरण रखना चाहिए की देश के आर्थिक विकास में अभी भी महिलाओं को वह भागीदारी व सम्मान नहीं मिल पा रहा है जिसके लिए वह पूर्णरूपेण हकदार है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने अपनी एक रिपोर्ट में बताया की श्रम बल भागीदारी में महिलाओं की भागीदारी 25% से भी कम हो गई है। महिलाओं को अनेक सामाजिक आर्थिक सांस्कृतिक एवं मनोवैज्ञानिक चुनौतियों का भी सामना करना पड़ रहा है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की रिपोर्ट के अनुसार महिलाओं को समान पदों पर कार्यरत पुरुषों की तुलना में कम वेतन दिया जाता है तथा अधिकांश शीर्ष पदों पर पुरुषों का कब्जा है के अलावा दुनिया की सबसे कम तनखा वाली नौकरियों में 60% महिलाएं ही हैं। महिलाओं द्वारा अनेक चुनौतियों का सामना करते हुए पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाते हुए कार्यस्थल पर कार्य करते हुए देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है ।इन परिस्थितियों में महिलाओं द्वारा दिए गए सामाजिक आर्थिक विकास के योगदान को पहचानते हुए सरकार ने मातृत्व लाभ अधिनियम 2016 तथा यौन उत्पीड़न अधिनियम 2013 के माध्यम से अनुकूल वातावरण तथा महिलाओं को मातृत्व अवकाश देने के कई अच्छे प्रावधान भी उपलब्ध कराए हैं।

# घर की छत पर लोकतंत्र का डेरा



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

हमारे मोहल्ले में नेताजी का आगमन हुआ। वैसे तो नेताजी का असली नाम कुछ और था, लेकिन उनकी राजनीतिक चालाकियों ने उन्हें यह उपाधि दी थी। नेताजी बड़े जोश में थे। सुबह-सुबह हमारे दरवाजे पर दस्तक हुई। मैंने दरवाजा खोला तो नेताजी मुस्कुराते हुए बोले, भाईसाहब, आपके घर की छत सही दिशा में है। देशहित में इसे हमें सौंप दीजिए। मैं चौंका। छत? देशहित? जी हां, उन्होंने गंभीर मुद्रा बनाते हुए कहा। देखिए, इस छत पर बैठकर हम नई क्रांति का खाका तैयार करेंगे। देश को बदलने का वक्त आ गया है। और छतें ही क्रांतियों की असली प्रयोगशाला होती हैं। भगत सिंह की छत याद है न?

मैंने कुछ कहने की कोशिश की, लेकिन उनकी बातों का वेग ऐसा था कि मैं बीच में ही रुक गया। और हां, आपको कोई दिक्कत नहीं होगी, नेताजी ने आश्वासन दिया। बस थोड़ा चाय-पानी का इंतजाम करना होगा। क्रांति के सिपाहियों को भूखा नहीं रखा जाता। मैं कुछ समझ पाता, इससे पहले ही वे अंदर दाखिल हो गए। उनकी टीम, जिसमें तीन आदमी और एक कैमरा शामिल था, तुरंत छत पर चढ़ गई। ऐसा लगा जैसे किसी फिल्म की शूटिंग हो रही हो। मोहल्ले के लोग भी इकट्ठा हो गए।

नेताजी ने अपनी पहली सभा आयोजित की। सुनिए, साथियों! यह क्रांति किसी एक व्यक्ति की नहीं है। यह हर घर की छत से उठेगी। और आज, इस छत से शुरुआत हो रही है। लोग तालियां बजाने लगे। मैंने डरते हुए पूछा, नेताजी, लेकिन यह क्रांति है किस चीज़ की?

बहुत अच्छा सवाल! नेताजी ने मुस्कुराते हुए कहा। यह क्रांति भ्रष्टाचार के खिलाफ है, महंगाई के खिलाफ है, और उन सबके खिलाफ है जो हमें रोकते हैं।

पर योजना क्या है? मैंने दुबारा पूछा।

योजना? नेताजी थोड़ा हिचके। योजना यह है कि हर छत पर एक क्रांतिकारी कमेटी बनाई जाएगी। फिर ये कमेटियां देशभर में छतों के माध्यम से बदलाव लाएंगी।

मुझे समझ नहीं आया कि ये योजना थी या तर्क का तिरस्कार। लेकिन मोहल्ले के लोग उनके भाषण से इतने प्रभावित हुए कि कुछ ने तो अपने घर की छतें भी देने की पेशकश कर दी।

नेताजी ने वहां दो दिन गुजारे। हर दिन चाय की खपत और नारेबाजी बढ़ती गई। तीसरे दिन वे अचानक गंभीर हो गए। ₹साथियों, इस क्रांति में एक बड़ी बाधा आ गई है। हमें तुरंत फंड की आवश्यकता है।

अब मामला स्पष्ट हो गया। मोहल्ले के लोग, जो दो दिन पहले उनके फैन बन गए थे, धीरे-धीरे खिसकने लगे।

भाईसाहब, मैंने कहा, मेरा घर और मेरी छत तो पहले ही आपने ले ली। अब और क्या चाहिए?

नेताजी ने मुस्कुराते हुए कहा, देशहित में थोड़ी कुर्बानी तो देनी पड़ेगी। यह कुर्बानी आपके बच्चों के भविष्य के लिए है।

अगली सुबह, नेताजी और उनकी टीम गायब हो चुकी थी। छत पर केवल बैनर और नारों के अवशेष बचे थे। मोहल्ले के लोग तंज कसते हुए कहने लगे, वाह! क्या क्रांति थी!कुछ दिन बाद खबर आई कि नेताजी किसी दूसरे मोहल्ले की छत पर नई क्रांति की तैयारी कर रहे हैं। सरपंचजी ने तंज कसते हुए कहा,नेताजी के लिए क्रांति का मतलब हर नई छत है। लेकिन चिंता मत कीजिए, वह सिर्फ छतें बदलते हैं, विचार नहीं।

तब मुझे समझ में आया कि क्रांति और राजनीति में केवल एक अंतर है—क्रांति के सपने दिखाए जाते हैं और राजनीति में सपने बेचे जाते हैं।

# एकादशी के दिन चमकेगी 5 राशियों की किस्मत



इस एकादशी को सफला एकादशी के नाम से जाना जाता है। सफला एकादशी पौष माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को पड़ती है। इस बार संयोग से यह एकादशी गुरुवार के दिन पड़ रही है। जिन लोगों के पढ़ाई से जुड़े कार्य रुके हैं वो बनेंगे। जो लोग किसी कार्य में सफल नहीं हो पा रहे हैं तो इस दिन व्रत करने से आपके कार्य पूर्ण हो सकते हैं।

इस दिन 5 राशियों की किस्मत बदलने वाली है। इन राशियों पर विष्णु जी की विशेष कृपा रहेगी। इस दिन कुछ खास संयोग बनने जा रहे हैं। जिससे कई राशियों को लाभ मिल सकता है। सुकर्मा और धृति योग, स्वाति नक्षत्र का संयोग बनने जा रहे है।

सफलता एकादशी मेष,सिंह, तुला, धनु, मीन राशि वालों के लिए शानदार साबित होगी। इस दौरान आपके रुके हुए कार्य पूरे होंगे। जो लोग नए काम शुरुआत करना चाहते हैं उनको सफलता मिलेगी।

**धनिया** – सफलता एकादशी के दिन अगर आप भगवान विष्णु को धनिया की पंजीरी का भोग लगाते हैं तो आपको सफलता जीवन में प्राप्त होती है। धनिया की पंजीरी चढ़ाने से मां लक्ष्मी भी प्रसन्न होती हैं और आपको जीवन में धन-धान्य की प्राप्ति होती है।

**केला**– भगवान विष्णु को केले का भोग लगाना भी बेहद शुभ माना जाता है। विष्णु भगवान को केला चढ़ाने से आरोग्य की आपको प्राप्त होती है। इसके साथ ही विष्णु भगवान के साथ ही गुरु बृहस्पति का भी आपको आशीर्वाद मिलता है। केले का भोग लगाने से आपके जीवन की कई समस्याओं का अंत हो जाता है।

**पीली मिठाइयों का भोग**

सफला एकादशी के दिन आपको पीली मिठाईयों का भोग भी भगवान विष्णु को लगाना चाहिए। मिठाईयों का भोग लगाने से आपके जीवन में भी मिठास बनी रहती है। आप बेसन के लड्डू, पेड़ा आदि का भोग सफलता एकादशी पर भगवान विष्णु को लगा सकते हैं। ऐसा करने से आपको पारिवारिक जीवन में भी शुभ फलों की प्राप्ति होती है।

**केसर का हलवा**

अगर आप कार्यों में सफलता चाहते हैं, जीवन में संतुलन चाहते हैं, तो आपको केसर का हलवा बनाकर भगवान विष्णु को भोग लगाना चाहिए। केसर का हलवा भगवान विष्णु को अतिप्रिय है। इसका भोग लगाने से आपको नए साल में भी शुभ फलों की प्राप्ति हो सकती है। इसका भोग लगाने के बाद प्रसाद के रूप में इसे लोगों को वितरित भी आपको करना चाहिए।

**पंचामृत** – सफला एकादशी के दिन आपको पंचामृत यानि घी, दूध, दही, शक्कर और शहद को मिलाकर भगवान विष्णु को अर्पित करना चाहिए। पंचामृत का भोग भगवान विष्णु को लगाने से आपको मानसिक शांति का अनुभव होता है। साथ ही आपकी मनोकामनाओं को भी भगवान विष्णु पूरा करते हैं।

# अरहर दाल चढ़ाने से होगा भाग्योदय

## मानसिक शांति के साथ ग्रह दोषों से भी मिलेगा छुटकारा!

अगर आपकी कुंडली में गुरु दोष है या वैवाहिक जीवन में परेशानियां आ रही हैं, तो गुरुवार के दिन अरहर की दाल का दान करना चाहिए।

ऐसा माना जाता है कि भगवान श्रीकृष्ण को अरहर की दाल बहुत पसंद है। इसलिए, अगर आप उन्हें भोग लगाना चाहते हैं, तो अरहर की दाल का भोग लगाएं।

जन्मपत्री में धन स्थान का मालिक गुरु ग्रह है, तो अरहर की दाल को पक्षियों को डालने से पहले बृहस्पति देवता का नमन करें। ऐसा करने से ज्ञान की प्राप्ति होती है और जीवन में समृद्धि आती है।

दान करने से मन की शांति, मनोकामनाएं पूरी होना, पुण्य की प्राप्ति, ग्रह दोषों से मुक्ति, और देवी-देवताओं का आशीर्वाद मिलता है।

**दालों का दान कई तरीकों से किया जा सकता है:**

कुंडली में खराब हैं ये ग्रह, तो खराब हो सकती है आपकी आंखें, होंगे इससे जुड़े रोग, जानें ज्योतिष उपाय

अरहर की दाल का दान करने से लाभ :

अगर आपकी कुंडली में गुरु दोष है और विवाह में भी परेशानियां आ रही है, तो गुरुवार के दिन अरहर की दाल का दान जरूर करें। इससे आपके लाभ हो सकता है और शुभ परिणाम की भी प्राप्ति हो सकती है। ऐसा कहा जाता है कि भगवान श्रीकृष्ण को अरहर की दाल बेहद प्रिय है। इसलिए अगर आप उन्हें भोग लगाना चाहते हैं, तो जरूर लगाएं। इससे सौभाग्य की प्राप्ति हो सकती है।

माना जाता है कि आप जो भी दान करते हैं वह पुण्य होता है और जिस तरह से दान करते हैं। उसका लाभ आपको कहीं भी न कहीं किसी भी प्रकार से अवश्य देखना चाहिए। इसलिए हर व्यक्ति को अपनी रेटिंग के अनुसार दान अवश्य करना चाहिए।

यदि किसी व्यक्ति की कुंडली में बृहस्पति की स्थिति ख़राब है या गुरु दोष है या फिर आपके जीवन में समृद्धि आ रही है, तो आप गुरुवार को अरहर की दाल का दान करें। ऐसा करने से भगवान विष्णु प्रसन्न होंगे।

दालों के दान के धार्मिक और सामाजिक लाभ क्या हैं?

**धार्मिक लाभ:** धार्मिक दृष्टिकोण से, दालों का दान धार्मिक पुण्य के रूप में माना जाता है। इसके माध्यम से व्यक्तिगत धार्मिक कर्तव्य का पालन किया जाता है और धार्मिक समाज में योगदान दिया जाता है।

**सामाजिक लाभ:** दालों के दान से गरीब और असाध्य लोगों को भोजन का सहारा मिलता है। यह उन लोगों की मदद करता है जो भोजन की कमी में हैं और सामाजिक रूप से कमजोर हैं। इसके अलावा, दालों के दान से सामाजिक समरसता और असमानता का संदेश भी प्रसारित होता है।

धार्मिक शास्त्रों में दालों के दान का क्या **महत्व है :** धार्मिक शास्त्रों में दालों के दान का महत्व अलग-अलग है, लेकिन कुछ मुख्य बातें इसमें शामिल हैं:

**पुण्य का अर्जन:**

दालों का दान करने से धार्मिक पुण्य का अर्जन होता है, जिससे व्यक्ति का धार्मिक उत्थान होता है।

**कर्म की सफलता:**

धार्मिक शास्त्रों में कहा गया है कि दान करने से कर्म की सफलता होती है और पापों का नुकसान होता है।

**समाज सेवा:**

दालों के दान से गरीबों की मदद की जाती है, जो समाज में समरसता और सहानुभूति को बढ़ावा देता है।

**धार्मिक प्रोत्साहन:**

धार्मिक शास्त्रों में दालों का दान करने के लिए उत्साह और प्रेरणा की बात कही गई है, जिससे व्यक्ति अधिक धार्मिक और सामाजिक कार्यों में सक्रिय होता है।



# तुलसी का पौधा बचाने के लिए, 6 टिप्स को फालो करें

हिंदू धर्म में घर के आगन, बालकनी में तुलसी का पौधा लगाना बेहद पवित्र, सुख-समृद्धि लाने वाला माना गया है। तुलसी का पौधा अधिकतर लोग अपने घर में लगाते हैं। कहते हैं इसमें मां लक्ष्मी का वास होता है। ऐसे में तुलसी जी के पौधे का विशेष ध्यान रखना चाहिए वरना आपके घर से लक्ष्मी जी रुष्ठ होकर चली जाएंगी। अक्सर सर्दियों के मौसम में अधिकांश इनडोर पौधों का बुरा हाल हो जाता है। प्रॉपर देखभाल ना मिले तो ये सूखकर मुरझा जाते हैं। पत्तियां सारी झड़ने लगती हैं। खासकर, घर के आंगन और बालकनी में आपने तुलसी का पौधा लगा रखा है तो आपको विशेष ध्यान देने की जरूरत है, क्योंकि तुलसी का पौधा ठंड के दिनों में जल्दी खराब होने लगता है। आपके घर में लगा तुलसी का पौधा भी मुरझाने लगा है तो तुरंत ही यहां बताए गए टिप्स को फालो करना शुरू कर दें।



सर्दियों में भी ऐसे रखें तुलसी के पौधे को हरा-भरा 1। अधिकतर लोग अपने घर में तरह-तरह के पौधे लगा तो लेते हैं, लेकिन उसकी किस मौसम में कैसे देखभाल करनी चाहिए, इसकी जानकारी नहीं होती है। इससे पौधे सूखने लगते हैं। तुलसी का पौधा आपके घर में लगा है और उसकी पत्तियां मुरझाती सी दिख रही हैं तो आप तुरंत ही नीम के पत्तों का पानी तुलसी प्लांट के गमले में डाल दें। इसके लिए नीम की कुछ पत्तियों को पानी में डालकर उबालें और इसे ठंडा करके डालें। आप ये उपाय प्रत्येक चार दिनों में करें। मिट्टी सूखी हो तो ही पानी डालें।

आप तुलसी के गमले में लौंग का पानी भी डाल और छिड़काव कर सकते हैं। इसके लिए एक छोटे भगोने में पानी लें और उसमें कुछ लौंग डालकर उबालें। पानी ठंडा हो जाए तो पौधे पर स्प्रे करें। इससे कीड़े, चीटियां पौधे को नुकसान नहीं पहुंचाएंगी।

ठंड के मौसम में बार-बार अधिक खाद और केमिकल युक्त फर्टिलाइजर का इस्तेमाल न करें। इससे पौधा हरा-भरा नहीं रहेगा, बल्कि और सूख जाएगा। खाद कैसा, कितनी मात्रा में और कब डालना चाहिए, इसकी जानकारी नहीं है आपको तो किसी एक्सपर्ट से जरूर पूछ लें।

यदि आपकी बालकनी या आंगन में तुलसी के पौधे को प्रॉपर धूप नहीं लगती है, तो इसे उस जगह पर 6-8 घंटे के लिए रखें जहां धूप अच्छी आती हो। हर दिन इस पौधे को 6 से 8 घंटे की डायरेक्ट धूप जरूरी है। ठंड के मौसम में हर दिन तुलसी जी के पौधे में पानी नहीं डालें। इससे मिट्टी जल्दी सूखेगी नहीं और जड़ सड़ भी सकता है। पौधा मुरझा सकता है। पानी तभी डालें जब मिट्टी का एक-तिहाई हिस्सा सूखा दिखाई दे।

आंगन, बालकनी में तुलसी का पौधा लगा है तो उस पर कोई साफ सूती कपड़ा डाल दें। इससे रात के समय ओस गिरने से पौधे को कोई नुकसान नहीं होगा। आप चाहें तो सर्दियों में तुलसी के पौधे को शेड के नीचे रख दें। तुलसी के पौधे को आप प्लास्टिक से भी ढक सकते हैं। इससे ठंडी हवा से होने वाले नुकसान से पौधा बचा रहेगा।

यदि तुलसी के पौधे पर मंजरी निकल आए तो उसे काटकर हटा दें। यह पौधे के ग्रोथ को रोकती है और पत्तियां मुरझाने लगती हैं। मजंरी नहीं है तो भी ठंड में कटाई-छंटाई करते रहें ताकि ग्रोथ न रुके। बेशक, ठंड में तुलसी का पौधा धीरे बढ़ेगा, लेकिन फरवरी और मार्च के महीने में इसकी ग्रोथ सही से शुरू हो जाएगी।

# असाध्य रोग, धन की कमी व गृह क्लेश से बचने के लिए करें हवन



प्राचीन परंपरा के अनुसार घर में हवन करने से मानसिक तनाव और नकारात्मक ऊर्जा से छुटकारा मिल जाता है। प्राचीन समय से ही ऋषि मुनियों ने हवन करने पर बल दिया है। हवन करने से जहां पर्यावरण का केंद्र इको सिस्टम दुरुस्त होता है। वहीं घर से नकारात्मक ऊर्जा हमेशा के लिए खत्म हो जाती है। वेदों में हवन करने के बारे में विस्तार से वर्णन किया गया है। अथर्ववेद में हवन और यज्ञ को संसार सृष्टि का आधार बताया गया है।

अगर किसी व्यक्ति के जीवन में धन का अभाव, असाध्य रोग आदि दोष है तो हवन करने से सभी दोषों से मुक्ति मिल जाती हैं। यदि किसी के घर में गृह क्लेश, गृह दोष, परेशानियां, दुख, मानसिक तनाव आदि होते है उनके द्वारा हवन करने पर घर से नकारात्मक ऊर्जा खत्म खत्म हो जाती है और घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता हैं।

**मिलते हैं बहुत से फायदे**

भारतीय संस्कृति में हवन करने पर क्या लाभ होता है ऋषि मुनियों द्वारा हवन-यज्ञ करने से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का वास होता है। हिंदू धर्म में हवन करने से सभी परेशानियों से मुक्ति मिलने की मान्यता है। अगर किसी व्यक्ति के जीवन में ग्रह पीड़ा, प्रेत पीड़ा, धन की कमी, अकाल मृत्यु का डर, असाध्य रोग, पितृ दोष आदि हैं तो उन्हें अपने घर में हवन यज्ञ जरूर करना चाहिए।

**समस्याओं से मिलता है छुटकारा**

हवन यज्ञ करने से इन सभी समस्याओं से छुटकारा मिल जाता है। अगर किसी के घर में नकारात्मक ऊर्जा का वास है और वह मानसिक तनाव से परेशान है तो उन्हें

# नए साल में पाना चाहते हैं आर्थिक लाभ?

**उत्तर दिशा से जुड़ा उपाय**

अगर आप चाहते हैं कि, साल 2025 आपके लिए नए अवसर लेकर आए, आपको जीवन में सुख-समृद्धि और धन मिले तो साल की शुरुआत में उत्तर दिशा से जुड़ा उपाय आपको आजमाना चाहिए। आपको करना बस इतना है कि, साल के पहले दिन उत्तर दिशा को साफ-सुथरा और व्यवस्थित बनाए रखना है। अगर आप ऐसा करते हैं तो आपके घर में ऊर्जा का प्रवाह होता है। सकारात्मकता ऊर्जा घर में और घर के लोगों में आती है। यूं तो उत्तर दिशा को हमेशा ही साफ-सुथरा रखना चाहिए, लेकिन साल के पहले दिन इसे व्यवस्थित रखने से आपको शुभ फल प्राप्त होते हैं।

**दक्षिण-पूर्व दिशा से जुड़ा उपाय**

वास्तु शास्त्र में दक्षिण-पूर्व दिशा को आग्नेय कोण भी कहा जाता है। वास्तु की मानें तो इस दिशा में धन रखने से घर में धन का प्रवाह कभी नहीं रुकता। इसलिए साल 2025 के पहले दिन आपको इस दिशा में धन की तिजोरी स्थापित करनी चाहिए। अगर ऐसा करना संभव ना भी हो तो आप कुछ मात्रा में धन इस दिशा में रख दें। ऐसा करने से साल भर आपको धन लाभ प्राप्त हो सकता है।

**किचन में करें ये वास्तु उपाय**

साल 2025 के पहले दिन रसोई घर की साफ-सफाई अवश्य करें। इसके साथ ही एक दीपक इस दिन किचन की उत्तर-पूर्व दिशा में आपको रखना चाहिए। इसके साथ ही उत्तर दिशा में जल का एक पात्र भर कर भी रखें। वास्तु के अनुसार, ऐसा करने से आपको आर्थिक उन्नति साल भर प्राप्त हो सकती है। इसके साथ ही यह उपाय घर के लोगों के स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव डालता है।

# कभी कभी गलत बना घर भी क्यों नहीं करता नुकसान




घर में सुख शांति और बरकत के लिए वास्तु अनुरूप निर्माण जरूरी होता है। कई बार कई लोगों के घर का निर्माण वास्तु अनुरूप न होने पर भी उनको दिक्कत नहीं आती और वो फिर वास्तु को बेकार का मिथक बताने लगते है। दरअसल, आपके घर और आपकी कुंडली का भी संबंध होता है। जो ग्रह हमारी कुंडली में प्रभावित करते हैं, उनका आपके घर में भी एक निर्धारित स्थान होता है जिसे पद कहते है। अब होता क्या है कि जैसे आपके घर में चंद्रमा का स्थान दूषित है। लेकिन, फिर भी गृह स्वामी को कोई परेशानी नहीं आ रही। इसका सीधा मतलब ये है कि कुंडली में चंद्रमा बहुत मजबूत है। चूंकि कुंडली के ग्रह चलायमान होते हैं और घर अडिग है। ऐसे में जब चंद्रमा कुंडली में कमजोर होगा तब घर का चंद्रमा का दूषित स्थान हावी हो जाएगा और दिक्कत शुरू हो जाएगी।

दरअसल, घर का निर्माण हमारे शास्त्रों में उल्लेख है। जो पुराने भवन निर्माण मिस्त्री होते थे उन्हें इन सबका पूरा ज्ञान था। आज के इंजीनियर से कई गुना अधिक वे जानकार थे। यही कारण था कि पुराने महलों, किलों और पुरानी हवेलियों में सब कुछ वास्तु सम्मत होता था। जो अब देखने को नहीं मिलता। आज भी कई जगह पुरानी ज्ञान शक्ति को संजोए रखने वाले कारीगर है जो ये बता देते हैं कि घर में कहां रसोई होगी, कहां टॉयलेट होगा, कहां पानी का टैंक बनेगा और कहां पूजा घर होगा। हमारी तो आपको यही सलाह है कि आप अपने घर के निर्माण में लाखों रुपए खर्च करते हैं तो कम से कम वास्तुशास्त्री के निर्देशन में नक्शा और निर्माण कराएं। इस पर कुछ हजार का खर्च तो होगा लेकिन मान कर चलिए की आपका जीवन बहुत आनंदमय रहेगा।

# कहीं आप भी तो नहीं कर रहीं राहु-केतु को नाराज!

## तवे-कढ़ाई को बिलकुल ना रखें इन बर्तनों के साथ

दरअसल, शास्त्रों के अनुसार किचन में रखे उल्टे तवे या कढ़ाई हमारे जीवन पर नकारात्मक प्रभाव दिखाते हैं। जाने-अनजाने में हम ऐसी गलतियां करके अपने परिवार को नुकसान पहुंचा रहे होते हैं। इसलिए अपने घर के बड़े-बुजुर्गों द्वारा बताई गई बातों को मिथक ना मानकर उन्हें मानना हमारे जीवन को खुशहाल बना सकते हैं। आइए रसोई में तवा-कढ़ाई उल्टा नहीं रखने के पीछे का कारण जानते हैं।

**क्यों उल्टा नहीं रखते तवा-कढ़ाई**

ज्योतिषाचार्य अरविंद पचौरी जी बताते हैं कि, रसोई में रखे तवा और कढ़ाई का संबंध राहु ग्रह से होता है। ज्योतिष में इन्हें राहु का प्रतीक माना गया है। इसलिए जब भी इनका प्रयोग करें तो बड़ी सावधानी के साथ प्रयोग में लें। इसके अलावा वास्तु शास्त्र में भी तवा और कढ़ाई को लेकर कुछ नियम बताए गए हैं, जिनका पालन हमारे जीवन में कभी परेशानियों को नहीं आने देता है। इसलिए इन बातों को हमेशा ध्यान में रखें-



**तवा-कढ़ाई का इस्तेमाल करते हैं इन बातों का रखें ध्यान**

वास्तुशास्त्र के अनुसार अगर आप खाना बनाने के बाद तवे और कढ़ाई को गंदा छोड़ देते हैं, तो इस आदत को आज ही बदल लें। क्योंकि इन्हें यूज करने के बाद ऐसे ही गंदा छोड़ देने से आपके घर के मुखिया पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसलिए तवा-कढ़ाई यूज करने के बाद हमेशा साफ करके रखें।

राहु दोष से बचने के लिए रात के समय कभी भी झूठे बर्तनों में तवा और कढ़ाई नहीं छोड़ना चाहिए। उन्हें अलग रखकर धो दें। इसके अलावा घर की बरकत बनी रहे इसके लिए कभी झूठे बर्तन सिंक में ना छोड़ें। शास्त्रों के अनुसार, तवा या कढ़ाई को कभी सफाई करते वक्त किसी नुकीली चीजों से खुरचना नहीं चाहिए। ऐसा करने से राहु दोष लगता है।

खाना पकाने के बाद तवा और कढ़ाई को चूल्हे के ऊपर नहीं छोड़ना चाहिए। जब आपका काम खत्म हो जाए तो उन्हें साइड हटाते हुए चूल्हें के दाईं तरफ रखें।

# दलपति विजय ने थेरी के रीमेक बेबी जॉन पर तोड़ी चुप्पी, एटली से बोली दिल की बात





वरुण धवन की फिल्म बेबी जॉन 25 दिसंबर को रिलीज हो चुकी है। यह फिल्म तमिल फिल्म थेरी की रीमेक है, जिसमें दलपति विजय ने मुख्य भूमिका निभाई थी। यह तमिल फिल्म 2016 में रिलीज हुई थी और इसका निर्देशन एटली ने किया था। यह उनकी दूसरी फिल्म थी। बेबी जॉन का निर्देशन कलीज ने किया है।

बेबी जॉन की रिलीज से एक दिन पहले विजय ने अपने एक्स पर एटली और बेबी जॉन के सभी कलाकारों को भी फिल्म के लिए शुभकामनाएं दीं और साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि बेबी जॉन बॉक्स ऑफिस पर सफल होगी। बेबी जॉन में वरुण धवन, साउथ अभिनेत्री कीर्ति सुरेश, वामिका गब्बी, जैकी श्रॉफ और राजपाल यादव हैं। मुराद खेतानी, प्रिया एटली और ज्योति देशपांडे द्वारा निर्मित है।

दलपति विजय ने एक्स पर लिखा, रिलीज वरुण धवन, वामिका गब्बी और कीर्ति सुरेश और पूरी बेबी जॉन की पूरी टीम को शुभकामनाएं। आप सभी को ब्लॉकबस्टर सफलता की शुभकामनाएं। एटली ने जवाब में विजय को रिप्लाई किया, लव यू ना, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। यह हमारे लिए बहुत मायने रखता है।

वरुण ने भी विजय को शुक्रिया देते हुए जवाब दिया और कहा, दलपति विजय सर, आपका धन्यवाद। हम हमेशा आपके आस-पास बच्चे ही रहेंगे बेबी जॉन। कीर्ति सुरेश ने भी विजय को धन्यवाद दिया। उन्होंने लिखा, सर !! आपसे मिलना बहुत मायने रखता है !! आपकी शुभकामनाओं के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद!।

कलीज द्वारा निर्देशित बेबी जॉन के निर्माताओं ने इसके एक्शन सींस की कोरियोग्राफी के लिए आठ अंतरराष्ट्रीय एक्शन निर्देशकों की एक टीम को शामिल किया है। आठ एक्शन निर्देशकों अनल अरासु, स्टंट सिल्वा, अनबरीव, यानिक बेन, सुनील रोड्रिग्स, कालोयान वोडेनिचरोव, मनोहर वर्मा, ब्रॉनविन अक्टूबर ने फिल्म में आठ बड़े एक्शन सींस की कोरियोग्राफी की है।

# आगामी फिल्म पर बोले इम्तियाज अली फहद फासिल के साथ करेंगे काम

फिल्म निर्देशक इम्तियाज अली अपनी अगली फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म को लेकर चर्चाएं तो काफी पहले से शुरू हो चुकी हैं। यह भी कहा ही जा रहा है कि फहद फासिल इसमें नजर आएंगे। अब हाल ही में खुद इम्तियाज अली ने यह पुष्टि की है कि फहद फिल्म का हिस्सा होंगे और उनकी आगामी फिल्म का




शीर्षक 'इडियट्स ऑफ इस्तांबुल' है। फिल्म में मलयालम अभिनेता फहद फासिल की मौजूदगी पर इम्तियाज अली ने मुहर लगा दी है। इसके जरिए फहद बॉलीवुड में डेब्यू करेंगे। इम्तियाज ने अपने आगामी प्रोजेक्ट पर उत्सुकता जाहिर की।

### 'समय से पहले हो गया एलान'

इम्तियाज अली ने हाल ही में अपने इंटरव्यू के दौरान 'द इडियट ऑफ इस्तांबुल' के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा, 'इसकी घोषणा हो चुकी है। लेकिन, यह अपने समय से थोड़ा पहले हो गई है। यह फिल्म बन रही है, लेकिन मुझे नहीं पता कि यह अगली फिल्म होगी या नहीं। लेकिन, हां, मैं काफी वक्त से इस फिल्म को बनाने की कोशिश कर रहा हूं। इसका नाम 'द इडियट ऑफ इस्तांबुल' है। मैं इसे बनाना पसंद करूंगा और यह फिल्म मुझे फहद के साथ बनानी है'।

### अगले साल शुरू होगी शूटिंग

रिपोर्ट्स के मुताबिक, फहद फासिल इस फिल्म में तृप्ति डिमरी के साथ नजर आएंगे। फहद फासिल हाल ही में फिल्म 'पुष्पा 2' में नजर आए हैं। दर्शकों को बॉलीवुड में उनके डेब्यू का बेसब्री से इंतजार है। फिल्म की शूटिंग 2025 की पहली तिमाही में शुरू होने वाली है। दर्शकों की उम्मीदें बढ़ गई हैं कि 'जब वी मेट' और 'तमाशा' जैसी हिट फिल्में देने वाले निर्देशक इम्तियाज की यह अगली जबर्दस्त हिट हो सकती है।

### 'पुष्पा 2' फहद के किरदार को मिल रहा प्यार

इम्तियाज अली ने इस साल फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' का निर्देशन किया। दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा अभिनीत यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर अप्रैल में रिलीज हुई। बात करें फहद की तो वे 'पुष्पा 2' में आईपीएस भंवर सिंह शेखावत के रोल में नजर आए हैं। उनका किरदार दर्शकों को खूब पसंद आ रहा है।

# अल्लू अर्जुन से जुड़े मामले में पुलिस की चेतावनी गलत वीडियो-सूचना फैलाने पर होगा एक्शन



हैदराबाद पुलिस ने बुधवार को चेतावनी दी कि संध्या थिएटर भगदड़ की घटना के बारे में गलत सूचना फैलाने या सोशल मीडिया पर भ्रामक वीडियो पोस्ट करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने एक्स (ट्वीटर) अकांउट पर एक पोस्ट में कहा कि उनके संज्ञान में आया है कि कुछ लोगों ने झूठे वीडियो पोस्ट किए थे कि 4 दिसंबर को एक्टर अल्लू अर्जुन के थिएटर में पहुंचने से पहले ही भगदड़ मच गई थी।

### सोशल मीडिया पर गलत दावा

पुलिस का कहना है कि कुछ लोगों ने जानबूझकर सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट किए हैं, जिसमें दावा किया गया है कि भगदड़ अल्लू अर्जुन के आने से पहले ही हुई थी। हैदराबाद पुलिस का कहना है, 'हम उन लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेंगे, जो मामले की जांच के दौरान भी जानबूझकर गलत सूचना फैला रहे हैं।'


### अफवाहों पर यकीन ना करने का अनुरोध

पुलिस ने यह भी कहा कि किसी भी गलत खबर को गंभीरता से लेंगे। साथ ही लोगों से अफवाहों पर विश्वास ना करने की अपील भी पुलिस ने की है। इसके अलावा यह भी अनुरोध किया कि अगर किसी के पास इस मामले से संबंधित सही सबूत या कोई जानकारी है, तो वे पुलिस को दे सकते हैं।

### क्या है पूरा मामला

4 दिसंबर को हैदराबाद के संध्या थिएटर में भगदड़ के दौरान एक 35 साल की महिला की मौत हो गई, इस थिएटर में उस समय 'पुष्पा 2' दिखाई जा रही थी। इस दौरान एक्टर अल्लू अर्जुन भी थिएटर की दूसरी मंजिल पर मौजूद थे। इस घटना में महिला के आठ साल के बेटे को भी गंभीर चोट लगी है, वह लड़का अस्पताल में भर्ती है। इस घटना के बाद पुलिस ने अल्लू अर्जुन पर मामला दर्ज किया। एक्टर अल्लू अर्जुन की इस मामले में गिरफ्तारी भी हुई, एक रात वह जेल में भी रहे, फिर उन्हें जमानत मिल गई। हाल ही में पुलिस ने अभिनेता से इसी मामले पर तीन घंटे तक पूछताछ भी की है।

# शादी की सालगिरह पर सुनील शेट्टी को अथिया ने खास अंदाज में दी शुभकामनाएं

अभिनेता सुनील शेट्टी आज अपनी पत्नी माना शेट्टी के साथ अपने शादी की सालगिरह मना रहे हैं। इस खास मौके पर उन्होंने कुछ प्यारी तस्वीरें साझा की हैं। उनकी बेटी अथिया शेट्टी भी इस खुशी में शामिल हुईं और उन्हें एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इस जोड़ी को 'प्रेम की परिभाषा' बताया।

### सुनील ने साझा की रोमांटिक तस्वीरें

सुनील शेट्टी ने इंस्टाग्राम पर अपनी पत्नी माना शेट्टी के साथ अपनी शादी की सालगिरह पर दो खूबसूरत तस्वीरें शेयर कीं। पहली तस्वीर में यह जोड़ा हाथ में हाथ डाले एक बगीचे में सैर करता हुआ दिखाई दे रहा है। यह तस्वीर उनके रिश्ते की मजबूती को दिखाती है। वहीं, दूसरी तस्वीर दोनों साथ में सीढ़ियां चढ़ रहे हैं। इस तस्वीर के साथ अभिनेता ने लिखा, हमारी 42वीं सालगिरह की शुभकामनाएं मेरी प्यारी पत्नी।

### अथिया ने साझा किया खास फोटो

जैसे ही उन्होंने यह तस्वीरें साझा कीं, उनके फैंस ने उन्हें ढेर सारी शुभकामनाएं देनी शुरू कर दीं। उनकी बेटी, अथिया शेट्टी ने भी कमेंट में दिल वाला इमोजी साझा किया। अथिया ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपने माता-पिता को शुभकामनाएं दीं और उनकी सगाई की एक तस्वीर साझा की।

### 1991 में दोनों की हुई थी शादी

इस फोटो में माना, सुनील की उंगली में अंगूठी पहनाती हुई नजर आ रही हैं। दोनों के गले में माला भी दिख रही है। अथिया ने इसे कैप्शन दिया, प्रेम की मेरी परिभाषा। हैप्पी एनिवर्सरी। सुनील शेट्टी और माना शेट्टी ने 25 दिसंबर 1991 को शादी की थी। साल 1992 में उनकी बेटी अथिया और 1995 में उनके बेटे अहान का जन्म हुआ था।

# सूर्या ने क्रिसमस पर फैंस को दिया बड़ा तोहफा, टीजर के साथ 44वीं फिल्म के नाम से उठाया पर्दा

सूर्या और निर्देशक कार्तिक सुब्बराज की बहुप्रतीक्षित फिल्म का आखिरकार नाम सामने आ गया है। इस फिल्म का नाम 'रेट्रो' रखा गया है। इसके साथ ही निर्माताओं ने क्रिसमस के मौके पर एक रोमांचक टाइटल प्रोमो भी जारी किया। 'रेट्रो' एक गैंगस्टर ड्रामा है, जिसमें पूजा हेगड़े भी एक महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आएंगी।

सूर्या ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर टाइटल टीजर का लिंक साझा करते हुए लिखा, सभी को मेरी क्रिसमस1 रेट्रो 2025 की गर्मियों में आ रही है...जल्द मिलते हैं....। वहीं, पूजा हेगड़े ने भी फिल्म की झलक अपने सोशल मीडिया हैंडल से शेयर की है।

### टीजर में दिखा सूर्या का दमदार अंदाज

दो मिनट और पांच सेकंड का यह टीजर सूर्या और पूजा हेगड़े के किरदार को बनारस के घाट के किनारे बैठे हुए दिखाता है। पूजा हलके गुलाबी रंग की साड़ी में हैं, जबकि सूर्या इसमें काले कुर्ते में नजर आ रहे हैं। पूजा उनके हाथ में एक पवित्र धागा बांधती हैं। सूर्या उनकी आंखों में देखकर तमिल में कहते हैं, मैं अपने गुस्से पर काबू पाऊंगा। मैं अपने पिता के साथ काम करना छोड़ दूंगा। हिंसा, गुंडागर्दी, लाठी-गोली—अब सब कुछ छोड़ दूंगा। मैं मुस्कुराने की कोशिश करूंगा और खुश रहने की कोशिश करूंगा। मेरे जीवन का उद्देश्य तुम्हारे शब्दों में प्रेम है। शुद्ध प्रेम। बस यही। मैं सब कुछ सीधे और ईमानदारी से कह रहा हूं। अब बताओ क्या हमें शादी कर लेनी चाहिए?

### कंगुवा में सूर्या आए थे नजर

सूर्या को आखिरी बार 'कंगुवा' फिल्म में देखा गया था। इस फिल्म में बॉबी देओल ने विलेन का रोल निभाया था।

फिल्म को बडे.बजट में तैयार किया गया था। हालांकि, दर्शकों को यह फिल्म बिल्कुल भी पसंद नहीं आई थी। बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म बुरी तरह फ्लॉप रही थी।



# रेप केस में फंसे कोरियोग्राफर की तारीफ कर फंसीं कियारा : ट्रोल होने पर एडिट किया कैप्शन

किआरा आडवाणी जल्द ही राम चरण के साथ फिल्म गेम चेंजर में नजर आने वाली हैं। यह फिल्म 10 जनवरी, 2025 को रिलीज होगी। हाल ही में फिल्म का गाना 'धोप' जारी किया गया। इसी बीच, कियारा ने इस गाने के डांस रिहर्सल का एक वीडियो अपने



सोशल मीडिया पर शेयर किया, जिसमें कोरियोग्राफर मास्टर जानी का जिक्र था, जो रेप के आरोपी हैं। इसके बाद यूजर्स कियारा पर बुरी तरह भड़क गए।

हालांकि, बाद में कियारा ने अपना कैप्शन बदल दिया। दरअसल, कियारा ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के कैप्शन में लिखा था, 'मुझे याद है जब मैंने मास्टर जानी की कोरियोग्राफी देखी थी, तो मुझे लगा था कि हम इसे कैसे करेंगे, लेकिन यही हमारे काम की खास बात है कि हम हमेशा कुछ नया सीखते रहते हैं।' कियारा का कैप्शन पढ़कर लोग भड़क गए। एक ने कमेंट करते



हुए लिखा, 'बॉलीवुड एक्टर्स को किसी भी चीज से फर्क नहीं पड़ता।', दूसरे ने लिखा, 'कियारा ने ये क्यों लिखा है, जब जानी मास्टर को जमानत मिलने के बाद हुए हंगामे और उनके राष्ट्रीय पुरस्कार के वापस लिए जाने की खबरें आई थीं?', तीसरे ने लिखा, 'महिला होते हुए आपने अपनी पोस्ट में जानी मास्टर का नाम क्यों लिया? क्या आपको उनकी हाल की खबरों के बारे में नहीं पता?'।

सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग के बाद कियारा ने अपने कैप्शन से जानी मास्टर का नाम हटा दिया और फिर उन्होंने निर्देशक और को-एक्टर की तारीफ की।

फिल्म गेम चेंजर में राम चरण डबल रोल में नजर आएंगे। उनके साथ कियारा आडवाणी, अंजलि, एसजे सूर्या, श्रीकांत और समुथिरकानी जैसे स्टार्स भी हैं। फिल्म में राम चरण एक आईएएस अधिकारी का किरदार निभाते हैं, जो भ्रष्ट व्यवस्था को चुनौती देता है। बता दें, तेलुगू कोरियोग्राफर जानी मास्टर यानी शेख जानी बाशा पर एक 21 साल की लड़की ने शारीरिक उत्पीड़न का आरोप लगाया था। पास्को के तहत मामला दर्ज होने के बाद स्पेशल ऑपरेशन टीम (एसओटी) ने उन्हें 19 सितंबर को गोवा में गिरफ्तार कर लिया था।

इसके बाद उनसे बेस्ट कोरियोग्राफर का नेशनल अवॉर्ड भी छीन लिया गया था। जानी मास्टर को साल 2022 में रिलीज हुई धनुष की फिल्म 'तिरुचित्रम्बालम' के गाने 'मेघम करुकथा' का डांस कोरियोग्राफ करने के लिए नेशनल अवॉर्ड दिया गया था। इस गाने को उन्होंने सतीश कृष्णन के साथ कोरियोग्राफ किया था।

# कौन हैं वामिका गब्बी? 'बेबी जॉन' से पहले इन फिल्मों और सीरीज में काट चुकी हैं गदर




बेबी जॉन मूवी में नजर आ रही एक्ट्रेस वामिका गब्बी इससे पहले पंजाबी से लेकर तमिल, तेलुगु और मलयालम सिनेमाओं में काम किया। वह सोशल मीडिया पर बहुत चल रही है।

वेब सीरीज 'जुबली' में नजर आ रहीं एक्ट्रेस वामिका गब्बी पंजाबी से लेकर तमिल, तेलुगू और मलयालम फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं। आपको जानकर हैरानी होगी कि वामिका गब्बी ने 'जब वी मेट' में शाहिद कपूर की साली का रोल प्ले किया था।

वामिका गब्बी को अब भला कौन नहीं पहचानता? हाल ही रिलीज हुई वेब सीरीज 'जुबली' में निलोफर के किरदार में वामिका गब्बी की परफॉर्मेंस की खूब तारीफ हो रही है। इससे पहले वह 'बाहुबलीः बिफोर द बिगिनिंग' और 'ग्रहण' जैसी वेब सीरीज के अलावा कुछ फिल्मों में भी नजर आईं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि वामिका गब्बी फिल्मी रिश्ते में शाहिद कपूर की साली और करीना कपूर की बहन लगती हैं?

### जब वी मेट में बनीं करीना की बहन

वामिका गब्बी ने दरअसल फिल्म 'जब वी मेट' में गीत यानी करीना कपूर की बहन का रोल प्ले किया था। इस नाते वह फिल्म में शाहिद कपूर की साली बनी थी। 'जब वी मेट' के दौरान बच्ची थीं और पढ़ाई कर रही थीं।

'जब वी मेट' में वामिका गब्बी को रोल कैसे मिला था, इसके बारे में एक्ट्रेस ने एक इंटरव्यू में बताया था। वामिका गब्बी ने 'आजतक' को बताया था कि एक बार जब वह डांस क्लास में थीं तो वहां कुछ लोग आए और उन्होंने डांस क्लास से कुछ बच्चों को 'जब वी मेट' के लिए चुना। उनमें वामिका गब्बी भी शामिल थीं।

वामिका गब्बी को इस फिल्म की शूटिंग के लिए हर रोज 400 रुपये की फीस मिलती थी। 'जब वी मेट' के लिए वामिका गब्बी ने 25 दिनों तक शूटिंग की थी और इस हिसाब से उन्होंने 10 हजार रुपये कमा लिए थे। 'जब वी मेट' के बाद वामिका गब्बी ने फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा और उनके प्रोजेक्ट्स की लाइन लग गई।

वामिका गब्बी को बड़ा ब्रेक यो यो हनी सिंह की फिल्म 'तू मेरा 22 मैं तेरा 22' से मिला था। इसके बाद उन्होंने दो और पंजाबी फिल्में कीं। वामिका साउथ में भी काम कर चुकी हैं। उन्होंने तमिल से लेकर तेलुगू और मलयालम भाषा की फिल्में भी की हैं।

### झेला रिजेक्शन, शॉर्टलिस्ट के बाद कर दी जातीं रिजेक्ट

वामिका गब्बी ने 2007 में एक्टिंग डेब्यू किया था और कई फिल्में कीं। लेकिन उन्होंने काफी रिजेक्शन भी झेला। बहुत बार ऐसा हुआ जब वामिका को किसी प्रोजेक्ट के लिए शॉर्टलिस्ट कर लिया जाता और फिर रिजेक्ट कर दिया जाता। इससे वामिका गब्बी परेशान हो गई थीं।

### एक्टिंग छोड़ने वाली थीं वामिका गब्बी

2019 में ऐसा भी पल आया था जब वामिका ने एक्टिंग छोड़ने का फैसला कर लिया था। उन्होंने यह फैसला रिजेक्शन से तंग आकर लिया था। लेकिन विशाल भारद्वाज के वेब शो 'मिडनाइट्स चिल्ड्रेन' ने उनकी जिंदगी संवार दी और करियर फिर से ट्रैक पर लौट आया।

# चुनिंदा रोल्स ही करना चाहती हैं रिद्धि डोगरा

## बोलीं- काम ऐसा करो कि लोग हमेशा याद रखें; 'द साबरमती रिपोर्ट' में नजर आई थीं एक्ट्रेस

रिद्धि डोगरा ने हाल ही में अपने फिल्मों के सलेक्शन के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि वह अपनी जिंदगी में कुछ चुनिंदा रोल्स ही करना चाहती हैं, ताकि जब वह किरदार खत्म हो, तो लोग उसे हमेशा याद रखें। स्क्रीन के साथ बातचीत में रिद्धि डोगरा ने कहा, 'मेरी सबसे पहली सोच यह है कि मैं ऐसे रोल्स करना चाहती हूं जो असरदार हों। मैं ऐसा किरदार निभाना चाहती हूं, जिसे अगर कहानी से निकाल दिया जाए, तो लोग उसे मिस करें। यही मेरी शुरुआत से सोच रही है। फिल्म में चाहे जितने भी लोग हों, इससे फर्क नहीं पड़ता। आप हमेशा हीरोइन का किरदार नहीं निभा सकते।'



रिधि डोगरा की मानें तो उन्होंने हमेशा टीवी पर मुख्य भूमिका निभाई है और टीवी पर उन्हें बहुत प्यार मिला है, क्योंकि उन्होंने हमेशा हीरोइन का किरदार निभाया है। अब वह अपने काम का दायरा बढ़ाना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि भले ही लीड रोल में सबका ध्यान आपकी तरफ होता है, लेकिन वह चुनिंदा रोल इसलिए करना चाहती हैं ताकि उन्हें अलग-अलग किरदार निभाने का मौका मिल सके।

रिधि डोगरा ने आगे कहा, 'मैं नहीं चाहती कि मुझे एक ही तरह के किरदार में फंसा दिया जाए, क्योंकि अगर आप एक बार किसी किरदार में फेमस हो गए, तो आसानी से वैसा ही रोल मिल जाता है। लेकिन मैं खुद को इस बंधन से आज़ाद करना चाहती हूं। मैं जो भी करती हूं, उस पर ध्यान देती हूं और इसमें मुझे कुछ अच्छे और कुछ गलत फैसले लेने पड़ते हैं। मेरे पास यह नहीं है कि कोई मुझे बताए कि क्या करना चाहिए। इस इंडस्ट्री में काम करने का कोई एक तरीका नहीं है।'



# विविध





## उड़ते हवाई जहाज में तेल कैसे भरते है?





जमाना काफी एडवांस हो चुका है। सात समुंदर पार जाने के लिए भी आपको ज्यादा वक्त नहीं लगता है। दरअसल हवाई जहाज आज के समय में दुनिया में कहीं भी आने जाने का सबसे सुविधाजनक जरिया बन चुका है। पलक झपकते ही लोग यहां से वहां पहुंच जाते हैं। अक्सर मन में ख्याल आता है कि हवाई जहाज इतनी लंबी दूरी तय फटाफट कर लेता है. तो इसमें फ्यूल का भी खर्चा उतना ही होता होगा। अब अगर हवाई जहाज का फ्यूल खत्म हो जाए आधे रास्ते में तो क्या होगा?यह सवाल इसलिए है क्योंकि जब हम बाइक, कार या ऑटो से कहीं अप डाउन करते हैं और उस वक्त जब फ्यूल खत्म होता है तो हम किसी भी पेट्रोल पंप पर रुकते हैं और फ्यूल भरवा लेते हैं, लेकिन आसमान में ना तो पेट्रोल पंप है ना ही हर जगह पर प्लेन की लैंडिंग हो सकती है, तो आखिर इसमें दोबारा से फ्यूल रिफिल कैसे होता है?

हम आपके इन सवालों का जवाब इस आर्टिकल के जरिए दे रहे हैं। सच कह तो हम हवाई जहाज से जितनी भी यात्रा कर ले हमें कई ऐसी बातें हैं जो इसके बारे में अब तक पता नहीं है और इन्हीं में से एक है कि आखिर प्लेन में फ्यूल कैसे भरा जाता है। कहा जाता है कि पहले के जमाने में फ्यूल भरने के लिए प्लेन को नीचे उतरना पड़ता था, लेकिन अब यह काम भी आसमान में ही किया जा रहा है।

जब भी हवा में उड़ रहे प्लेन का पेट्रोल खत्म होने लगता है तो इंडिकेटर की मदद से पायलट को यह पता चल जाता है कि फ्यूल अब खत्म होने वाला है। पायलट यह जानकारी कंट्रोल रूम तक भेजता है, जिसके बाद एक फ्यूल से भरे दूसरे एरोप्लेन को आसमान में तेजी से भेजा जाता है। जब फ्यूल से भरा प्लान पहले वाले प्लेन के पास पहुंचता है तो दोनों एयरप्लेन एक दूसरे के साथ पैरेलल एक ही स्पीड में उड़ान भरते हैं।

इसी वक्त फ्यूल वाले प्लेन से एक नोजल निकाला जाता है। आपको बता दें कि हवाई जहाज का जो फ्यूल टैंक होता है वह उसके विंग्स में होता है। नोजल में सेंसर लगा होता है इसकी मदद से वो फ्यूल टैंक को खोज कर उसमें फ्यूल भरने का काम करता है।

## गोवा से दूर इन अनदेखी जगहों पर सेलिब्रेट करें न्यू ईयर

**गोवा भारत** के सबसे फेमस पर्यटन और दर्शनीय स्थलों में से एक है। यह एक ऐसा डेस्टिनेशन है, जहां देश के हर कोने से लेकर विदेशी पर्यटक भी घूमने के लिए पहुंचते हैं।

गोवा भारत का एक ऐसा राज्य भी है, जिसे धमाकेदार पार्टी डेस्टिनेशन के रूप में भी जाना जाता है। यहां गर्ल फ्रेंड-बॉय फ्रेंड, दोस्त और परिवार के साथ हर दिन हजारों लोग पार्टी करने पहुंचते हैं।

गोवा न्यू ईयर पार्टी डेस्टिनेशन के रूप में भी फेमस है। न्यू ईयर के मौके पर यहां तीन-चार दिन पहले ही समुद्र किनारे पार्टी एन्जॉय करने पहुंच जाते हैं।

अगर आप गोवा की भीड़-भाड़ से दूर किसी शांत और हसीन जगह न्यू ईयर पार्टी सेलिब्रेट करना चाहते हैं, तो हम आपको कुछ ऐसी जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां आप पहुंच सकते हैं।



### एल्डोना गांव

गोवा की चर्चित जगहों पर आप एक बार नहीं, बल्कि कई बार घूमने गए होंगे, लेकिन अगर आप गोवा की भीड़-भाड़ से दूर किसी हसीन जगह घूमना और न्यू ईयर सेलिब्रेट करना चाहते हैं, तो फिर आपको एल्डोना गांव पहुंचा जाना चाहिए। यह गांव हरियाली और शांतिपूर्ण परिवेश के लिए जाना जाता है।

एल्डोना गांव की खूबसूरती इस कदर प्रचलित है कि भारत के साथ-साथ दुनिया के सबसे खूबसूरत गांवों में एक माना जाता है। उत्तरी गोवा में स्थित यह न्यू ईयर पार्टी डेस्टिनेशन के लिए भी बेस्ट है। एल्डोना गांव में ऐसे कई रिसॉर्ट मौजूद है जहां न्यू ईयर के मौके पर रात भर पार्टी होती है। इस खूबसूरत गांव में आप भी पहुंच सकते हैं।

### अगोंडा बीच

गोवा की राजधानी पणजी से करीब 70 किमी दूर अगोंडा बीच के बारे में बहुत कम लोग ही जानते हैं। यह बीच शांतिपूर्ण परिवेश के लिए जाना जाता है। यहां के नजारे आपको चंद मिनटों में दीवाना बना सकते हैं।

अगोंडा बीच समुद्र की हसीन लहरों के भी फेमस है। अगोंडा बीच पार्टी डेस्टिनेशन के लिए भी फेमस है। यहां न्यू ईयर के मौके पर कई लोग रात भर पार्टी करते हैं। कई लोग अपना म्यूजिक सिस्टम लगाकर गाने बभी सुनते हैं। यहां पार्टी एन्जॉय करने के साथ-साथ सर्फिंग,कैंपिंग और स्कीइंग जैसी एक्टिविटीज को एन्जॉय कर सकते हैं।




### दिवार द्वीप

गोवा में स्थित मांडोवी नदी के किनारे स्थित दिवार द्वीप एक छुपा हु खजाना माना जाता है। यहां आइलैंड देशी और विदेशी आगंतुकों को एक अनोखा और शांत अनुभव प्रदान करता है।

दिवार द्वीप के किनारे कई लोग पार्टी करने भी पहुंचते हैं। द्वीप से कुछ दूरी पर मौजूद होटल और रिसॉर्ट में रात भर न्यू ईयर पार्टी होती रहती है। यहां विदेशी पर्यटक भी पार्टी सेलिब्रेट करने के लिए पहुंचते हैं। यहां आप कुछ बेहतरीन वाटर स्पोर्ट्स का भी लुत्फ उठा सकते हैं।

### टीटो नाइटक्लब

अगर आप गोवा शहर में न्यू ईयर के खास मौके पर रात भर नाचना चाहते हैं या पार्टी करना चाहते हैं, तो फिर आपको टीटो नाइट क्लब पहुंचा जाना चाहिए। इस नाइट क्लब के बारे में बहुत कम लोग ही जानते हैं, लेकिन पार्टी के मामले में किसी अन्य क्लब से कम नहीं है।

टीटो नाइट क्लब दो भाग में मौजूद है। पहले भाग में रात भर पार्टी या डांस एन्जॉय करने सकते हैं और दूसरे भाग में आराम से घंटों बैठकर क्लब का नजारा देख सकते हैं। यहां की म्यूजिक और चमकती लाइट्स आपको थिरकने पर मजबूर कर देंगी।

पता-टिटोस एलएन, सौंटा वड्डो, कलंगुट, गोवा

### गोवा की इन अनदेखी जगहों पा भी पहुंचें

गोवा में ऐसी अन्य कई बेहतरीन और शानदार जगहें मौजूद हैं, जहां आप धमाकेदार पार्टी करने के लिए पहुंच सकते हैं। इन जगहों के बारे में भी बहुत कम लोगों को मालूम होगा। जैसे-बेतूल बीच, चोरला घाट, बैट आइलैंड, बटरफ्लाई बीच और गलगिबागा बीच के किनारे दोस्त, पार्टनर या परिवार के साथ न्यू ईयर पार्टी करने पहुंच सकते हैं।



## खांसी-जुकाम के बाद भी जा रहे हैं दफ्तर तो रखें इन बातों का ध्यान

सर्दी का मौसम है। इस मौसम में खांसी और जुकाम की समस्या आम बात है। सर्दी लगने पर बहुत अधिक खांसी और छींक आ सकती है जो आपको दैनिक जीवन में असहज कर देती है। अब ऐसे में घर पर रहकर आराम करना और स्वस्थ होना चाहिए लेकिन दफ्तर से सर्दी खांसी के लिए छुट्टी मिलना आसान नहीं होता। इस स्थिति में भी लोगों को दफ्तर जाना होता है और काम करना पड़ सकता है।



अगर आप सर्दी-खांसी या जुकाम से परेशान हैं और फिर भी दफ्तर जाना जरूरी है तो यह न केवल आपके स्वास्थ्य के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है, बल्कि सहकर्मियों के लिए भी संक्रमण का खतरा बढ़ सकता है। इसके साथ ही आपके दफ्तर में बार-बार खांसने या छींकने से सहकर्मियों को भी डिस्टर्ब हो सकता है। ऐसी स्थिति में कुछ जरूरी सावधानियां बरतकर आप खुद को और दूसरों को सुरक्षित रख सकते हैं।

### खांसी और जुकाम में दफ्तर जाने पर बरतें ये सावधानियां

### मास्क पहनें

खांसी और जुकाम होने पर हमेशा मास्क पहनकर रखें। खासकर बात करते समय मास्क जरूर पहनें ताकि छींक और खांसी आने पर सामने वाले को संक्रमण का खतरा न हो। आप N95 या सर्जिकल मास्क का उपयोग कर सकते हैं। इससे वायरस और बैक्टीरिया के प्रसार को रोका जा सकता है।

### सैनिटाइज करें

अपने हाथों को नियमित रूप से सैनिटाइज करें। खासकर जब आप खांसते या छींकते हैं। दफ्तर में अपने डेस्क पर एक सैनिटाइजर रखें और सहकर्मियों से हाथ मिलाने या किसी वस्तु को साझा करने से बचें। समय-समय पर हाथ धोएं।

### दूरी बनाए रखें

सहकर्मियों से उचित दूरी बनाए रखें जोकि कम से कम 1 मीटर तो होनी चाहिए। दफ्तर में कोई मीटिंग होनी है और आपको उसमें शामिल होना है तो मास्क लगाकर मीटिंग में भाग लें। साथ ही दूसरों के नजदीक न बैठें।

### टिशू और रूमाल रखें साथ

खांसते या छींकते समय मुंह पर टिशू या रूमाल रखें। उपयोग किए गए टिशू को तुरंत कूड़ेदान में डालें और हाथ धो लें। कीबोर्ड, माउस, फोन और डेस्क को समय-समय पर साफ करें।

## 30 की आयु के बाद बढ़ जाता है कई बीमारियों का खतरा, समय रहते करा लें जांच

लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी के कारण कई प्रकार की गंभीर बीमारियों का खतरा वैश्विक स्तर पर बढ़ता जा रहा है। पिछले 10 साल के आंकड़े देखें तो पता चलता है कि कम उम्र के लोगों में भी कई प्रकार की क्रोनिक बीमारियों का खतरा बढ़ता जा रहा है। कम उम्र में बीमारियों का बढ़ना जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित करने वाली समस्या हो सकती है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, उम्र तो बढ़नी है, उम्र बढ़ेगी तो रोग-प्रतिरोधक क्षमता घटेगी, शरीर कमजोर होगा, जिससे बीमारियों का खतरा बढ़ने लगेगा। चिकित्सक कहते हैं कि इसके लिए समय-समय पर जांच कराते रहना और पोषण का ध्यान रखना आवश्यक हो जाता है।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

आजकल भाग-दौड़ भरी जिंदगी में लोगों के पास खुद के लिए भी समय नहीं है। महिलाएं घर और परिवार की जिम्मेदारियों की वजह से सेहत को नजरअंदाज करती हैं, तो पुरुष ऑफिस के कामकाज की वजह से सेहत को लेकर लापरवाह देखे जाते हैं। हालांकि अगर आपकी उम्र 30 साल के आसपास है तो आपको कुछ जांच अवश्य करा लेनी चाहिए।

सफदरजंग अस्पताल दिल्ली में कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के निदेशक डॉ. जुगल किशोर कहते हैं, उम्र बढ़ने के साथ मांसपेशियों और हड्डियों के साथ रोग प्रतिरोधक क्षमता भी कमजोर होने लगती है। इसके अलावा वजन बढ़ना, मधुमेह होने का जोखिम, हृदय संबंधी समस्याएं, उच्च रक्तचाप, तनाव-अवसाद का खतरा भी हो सकता है। इनसे बचे रहने के लिए प्रतिदिन व्यायाम, योग और मेडिटेशन करते रहें। चिकित्सक के परामर्श के अनुसार हर छह महीने या एक साल में पूरा हेल्थ चेकअप जरूर कराएं।



### ब्लड शुगर की कराते रहें जांच

चाहे आपमें मधुमेह के लक्षण न दिख रहे हों या परिवार में पहले किसी को कभी मधुमेह की समस्या न हुई हो, फिर भी आपको 30 की आयु के बाद फास्टिंग प्लाज्मा ग्लूकोज टेस्ट, रैंडम प्लाज्मा ग्लूकोज टेस्ट, पोस्टप्रैंडियल ब्लड शुगर टेस्ट, एचबीए1सी जैसी जांचें करा लेनी चाहिए। इसके अलावा अगर आपके माता-पिता में किसी को शुगर की समस्या रही हो तो आप अपने जोखिमों को लेकर और भी सावधानी बरतें।

### ब्लड प्रेशर की जांच

उच्च रक्तचाप नियंत्रित न होने पर हार्ट अटैक और स्ट्रोक का कारण बन सकता है। इसलिए आप घर पर ही ब्लड प्रेशर मॉनिटर लाकर अपनी जांच कर सकते हैं।

### हड्डियों के लिए टेस्ट

ऑस्टियोपोरोसिस होने पर हड्डियां कमजोर होने लगती हैं और फ्रैक्चर होने का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए आप डुअल-एनर्जी एक्स-रे एब्जॉर्पटियोमेट्री स्कैन करा लें। इससे हड्डियों में कमजोरी, विटामिन डी की कमी और बोन डेंसिटी का पता लग सकता है।



### थायरॉयड

थायरॉयड ग्रंथि में गड़बड़ी की वजह से अंडर एक्टिव थायरॉइड या हाइपोथायरायडिज्म हो सकता है। यह ग्रंथि हार्मोन टी-3, टी-4 और टीएसएच का स्राव करती है, जो शरीर के चयापचय को नियंत्रित करने का काम करती है। इनमें से कोई भी परिवर्तन शरीर में गंभीर परिवर्तन उत्पन्न कर सकता है।

### कंप्लीट ब्लड काउंट

इस जांच की मदद से रक्त में मौजूद रेड ब्लड सेल्स, व्हाइट ब्लड सेल्स, हीमोग्लोबिन, प्लेटलेट्स आदि की संख्या पता चलता है। स्वस्थ रहने के लिए इनका संतुलित मात्रा में होना बहुत जरूरी है।

### कैंसर का ध्यान

हर साल ब्रेस्ट स्क्रीनिंग कराने से महिलाओं में शुरुआती स्टेज में गांठ बनने से रोकने में मदद मिलती है। महिलाएं साल में एक बार पैप स्मीयर और मैमोग्राम करा सकती हैं। पुरुष प्रोस्टेट से जुड़ी समस्याओं के लिए डिजिटल रेक्टल एग्जामिनेशन और प्रोस्टेट-स्पेसिफिक एंटीजन करा सकते हैं। लंग कैंसर के लिए एक्स-रे, कोलोरेक्टल कैंसर के लिए सालाना मल की जांच जरूरी है।

## आहार में इस बदलाव से 15% तक कम हो सकता है घातक कैंसर का खतरा, साल में 9 लाख लोगों की हो रही मौत

कैंसर दुनियाभर में तेजी से बढ़ती स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है, इसे मृत्यु के प्रमुख कारणों के रूप में भी जाना जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, कैंसर हमारे शरीर के किसी भी अंग में हो सकता है, इतना ही नहीं कम उम्र के लोगों को भी इसका शिकार पाया जा रहा है। यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को युवावस्था से ही कैंसर के खतरे से बचे रहने के लिए निरंतर प्रयास करते रहने की सलाह देते हैं। आंकड़े बताते हैं कि दुनियाभर में कोलन कैंसर के मामलों में तेजी से वृद्धि हो रही है जोकि चिंताजनक है।

कोलन कैंसर, कोलन या बड़ी आंत के किसी भी हिस्से में हो सकता है। इसे कोलोरेक्टल कैंसर के नाम से भी जाना जाता है। हर साल इस कैंसर के कारण दुनियाभर में लाखों लोगों की मौत हो जाती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, समय पर कैंसर का पता न चलने के कारण मृत्युदर अधिक देखी जाती रही है।

सावधान, आप भी इस कैंसर का शिकार हो सकते हैं। इससे बचे रहने के लिए खान-पान और दिनचर्या में कुछ सुधार बहुत आवश्यक हैं। आइए इस बारे में जानते हैं।



### युवाओं में बढ़ रहा है कोलन कैंसर का खतरा

मेडिकल रिपोर्ट्स से पता चलता है कि युवा वयस्कों में कोलन कैंसर के मामले खतरनाक दर से बढ़ रहे हैं। इस कैंसर से बचाव कैसे किया जा सकता है, इसको लेकर किए गए अध्ययन में पाया गया है कि आहार में कुछ प्रकार के बदलाव आपके लिए फायदेमंद हो सकते हैं, विशेषरूप से फाइबर वाली चीजों का अधिक सेवन करना।

अमेरिकन कैंसर सोसाइटी के अनुसार, कोलन कैंसर के लगभग 20 प्रतिशत मामले 54 वर्ष और उससे कम उम्र के लोगों में होते हैं। ऑस्ट्रेलिया की फ्लिंडर्स यूनिवर्सिटी के शोध से पता चलता है कि खान-पान की अच्छी आदतें कोलन कैंसर सहित पेट के अन्य कैंसर के जोखिमों को काफी कम कर सकती हैं। डाइट में फाइबर और हेल्दी अनसेचुरेटेड फैट से भरपूर आहार कोलन कैंसर के जोखिम को 15 प्रतिशत कम कर सकते हैं।

### क्या कहते हैं स्वास्थ्य विशेषज्ञ?

साल 2022 में कोलोरेक्टल कैंसर के कारण नौ लाख से ज्यादा लोगों की मौत हुई, जिससे यह दुनियाभर में कैंसर से जुड़ी मौतों का दूसरा सबसे बड़ा कारण बन गया। विशेषज्ञों को चिंता है कि 2040 तक मौतों की संख्या बढ़कर 1.6 मिलियन (16 लाख) प्रति वर्ष हो सकती है। फ्लिंडर्स हेल्थ एंड मेडिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट के पोषण महामारी विज्ञानी और वरिष्ठ शोधकर्ता योहानेस मेलाकू कहते हैं, हाई फाइबर वाले खाद्य पदार्थ आंतों में स्वस्थ बैक्टीरिया को बढ़ावा देते हैं, जो इंफ्लामेशन और कैंसर के जोखिम को कम करने में मदद करते हैं। कोलन कैंसर से खतरे से बचे रहने के लिए स्वस्थ वसा और फाइबर वाली चीजों को आहार में शामिल करना और चीनी-शराब से बचाव करना बहुत महत्वपूर्ण है।

### किन चीजों से करें परहेज?

कैंसर के खतरे से बचे रहने के लिए क्या खाना चाहिए, ये जानने से ज्यादा जरूरी है कि किन चीजों से परहेज करें? शोधकर्ताओं ने बताया कि रेड और प्रोसेस्ड मीट, प्रोसेस्ड कार्बोहाइड्रेट वाली चीजें, शर्करा युक्त पेय और शराब की आदत आपमें कोलन कैंसर के खतरे को 14 प्रतिशत तक बढ़ा देते हैं।हालांकि सकारात्मक पक्ष यह है कि अधिक फल, सब्जियां, डेयरी और साबुत अनाज का सेवन करके इससे काफी हद तक सुरक्षित रहा जा सकता है।

### कोलेन कैंसर का निदान

कोलन कैंसर के खतरे को कम करने और समय पर इसके निदान के लिए शोधकर्ताओं ने एक रक्त परीक्षण के बारे में बताया जिससे निदान में आसानी हो सकती है।न्यू इंग्लैंड जर्नल ऑफ मेडिसिन में प्रकाशित इस अध्ययन के परिणाम में बताया गया है कि खास प्रकार के रक्त परीक्षण से ट्यूमर से रक्त प्रवाह में रिलीज किए गए डीएनए का पता लगा सकता है। अब तक 7,800 से अधिक लोगों के परीक्षण में इस नए टेस्ट को 87% सटीक पया गया है।


## खरीदना है स्वेटर तो इन बातों का रखें ध्यान वरना ठंड नहीं रुकेगी और पैसे भी होंगे बर्बाद

दिसंबर का महीना चल रहा है, ऐसे में हर कोई घूमने-फिरने भी जा रहा है। इस मौसम में लोग सर्दी से बचाव के साथ-साथ स्टाइलिश दिखने के लिए भी वुलेन कलेक्शन खरीदते हैं। महिलाओं से लेकर पुरुष तक इस सीजन में अच्छे-अच्छे स्वेटर खरीदते हैं।

वैसे तो स्वेटर सस्ते से लेकर महंगे तक हर दाम में मिल जाते हैं, लेकिन कई बार लापरवाही और पहचान न होने की वजह से हम खराब क्वालिटी का स्वेटर खरीद लेते हैं। इस वजह से न सिर्फ पैसे बर्बाद होते हैं, बल्कि सर्दी में भी परेशान होना पड़ता है। इसी के चलते हम आपको कुछ टिप्स देने जा रहे हैं, जिसे फॉलो करके आप अच्छा स्वेटर खरीद सकते हैं। यदि आप हमारी बताई गई बातों को फॉलो करके स्वेटर खरीदेंगे तो आपसे पैसे का व्यय सही जगह होगा।

### क्वालिटी हो सही

कई बार हम भारी-भारी स्वेटर तो खरीद लेते हैं, लेकिन वो हमें सर्दी से नहीं बचा पाते। ऐसा उसकी खराब क्वालिटी की वजह से होता है। ऐसे में हमेशा स्वेटर की क्वालिटी पर ध्यान दें। अच्छी क्वालिटी का स्वेटर भले ही पतला हो लेकिन ये फिर भी सर्दी से बचाव कर लेता है।



### फैब्रिक का रखें ध्यान

स्वेटर सिर्फ ऊन के ही नहीं आते हैं। अलग-अलग स्वेटर का अलग-अलग फैब्रिक होता है। ऊन सर्दी से बचाव के लिए अच्छा होता है, जबकि कैशमीर हल्का और मुलायम होता है। यदि आप हल्के स्वेटर की तलाश में हैं, तो कॉटन या एक्रिलिक अच्छा विकल्प हो सकता है।

### सही होना चाहिए साइड

स्वेटर का आकार हमेशा सही होना चाहिए। ये न तो बहुत तंग होना चाहिए और न ही बहुत ढीला। स्वेटर का आकार आपके शरीर के आकार के अनुसार होना चाहिए ताकि आप उसमें आरामदायक महसूस करें। टाइट होने पर ये आपको परेशान कर सकता है, वहीं ढीला होने पर ये ठंड से बचाव नहीं कर पाएगा।

### स्वेटर के प्रकार पर दें ध्यान

स्वेटर खरीदते समय उसके प्रकार पर खास ध्यान दें। यदि आपको ट्रेंडी लुक चाहिए तो फिटेड या स्लिम कट चुनें, जबकि अगर आपको आरामदायक या कंफर्टेबल लुक चाहिए, तो रैग्लान या ओवरसाइज्ड स्वेटर चुन सकते हैं। हर प्रकार का स्वेटर पहनने का तरीका और स्टाइल अलग ही होता है।



# रुपये को टूटने से बचाने के लिए आरबीआई ने एक महीने में खर्च किए 44 अरब डॉलर

नई दिल्ली, 25 दिसंबर (एजेंसियां)। अक्टूबर में आरबीआई ने रुपये को संभालने के लिए विदेशी मुद्रा बाजार में 44.5 अरब डॉलर खर्च किये. इस दौरान विदेशी निवेशकों ने भारत से काफी पैसा निकाला और अमेरिकी डॉलर के दाम बढ़ गए, फिर भी रुपये के मूल्य में ज्यादा गिरावट नहीं देखी गई. इससे यह साफ है कि आरबीआई ने रुपये को कमजोर होने और बाजार में पैसों की कमी को रोकने के लिए अच्छे कदम उठाए। पिछले कुछ समय से भारतीय रुपये में डॉलर के मुकाबले गिरावट देखी जा रही है. रुपया ऑल टाइम लो 85.15 रुपये पर बंद हुआ. लेकिन शायद ही आपको पता हो कि रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अक्टूबर महीने में रुपये को कमजोर होने से बचाने के लिए बड़ा कदम उठाया था. अगर केंद्रीय बैंक की तरफ से यह कदम नहीं उठाया गया होता रुपये में और भी गिरावट आ सकती थी. आरबीआई ने रुपये में आ रही गिरावट को रोकने के लिए फॉरवर्ड और स्पॉट करेंसी मार्केट में 44.5 अरब डॉलर की भारी-भरकम रकम झोंकी. आरबीआई के हालिया बुलेटिन में शामिल आंकड़ों से यह साफ हुआ कि स्पॉट बिक्री 9.3 अरब डॉलर रही, जबकि फॉरवर्ड सेल्स सबसे ज्यादा 35.2 अरब डॉलर की रही।



आरबीआई की तरफ से उठाए गए कदम के बावजूद रुपया का आंकड़ा दिसंबर महीने में 85 रुपये प्रति डॉलर के लेवल को पार कर गया. अगर अक्टूबर में आरबीआई की तरफ से कदम नहीं उठाए गए होते तो डॉलर के मुकाबले रुपये में और गिरावट आ सकती थी. अक्टूबर के महीने में आरबीआई के बाजार में दखल के कारण रुपये को बड़ी गिरावट से बचाया जा सका.

इस दौरान, अमेरिकी डॉलर की मांग बढ़ने से विदेशी निवेशकों ने भारत से काफी पैसा निकाला. आरबीआई के कदम से यह मदद मिली कि रुपये का मूल्य डॉलर के मुकाबले ज्यादा नीचे नहीं आ पाया। इस दौरान, शेयर बाजार में भी भारी गिरावट देखी गई थी. लेकिन रिजर्व बैंक की तरफ से उठाए गए उपायों से बाजार में पैसे की कमी नहीं हुई. अक्टूबर में विदेशी निवेशकों ने देश के शेयर बाजार से 10.9 अरब डॉलर निकाले. लेकिन इसी दौरान, रुपये का मूल्य केवल 30 पैसे ही गिरा और महीने के अंत में यह 84.06 रुपये प्रति डॉलर के लेवल पर हुआ. हालांकि, अक्टूबर महीने में अमेरिकी डॉलर के दाम 3.2% बढ़ गए. इसके अलावा उभरते हुए बाजार की मुद्राओं का मूल्य 1.6% कम हो गया. इस बीच रुपये का मूल्य अपने पुराने लेवल पर कायम रहा क्योंकि रिजर्व बैंक की तरफ से बड़ी मात्रा में डॉलर की बिक्री की गई. मनी मार्केट के जानकारों का मानना है कि रिजर्व बैंक ने नवंबर के महीने में भी बड़ी मात्रा में डॉलर की बिक्री की होगी. नवंबर 2024 में एफपीआई ने भारतीय वित्तीय बाजारों से पैसा निकाला. इसका कारण अमेरिकी डॉलर के दाम बढ़ना और ब्याज दर में इजाफा होना है।

## ‘जी’ मामले में डेलॉय समेत तीन पर दो करोड़ का जुर्माना

### अथॉरिटी ने सुनाया 30 पन्नों का आदेश

नई दिल्ली, 25 दिसंबर (एजेंसियां)। जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज के 2018-19 और 2019-20 के ऑडिट में गड़बड़ी में नेशनल फाइनेंशियल रिपोर्टिंग अथॉरिटी ने डेलॉय हास्किंस एवं सेल्स एलएलपी व दो सीए पर दो करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है।

एबी जानी और राकेश शर्मा पर 10 एवं पांच लाख दंड के साथ ऑडिट करने पर पांच साल एवं तीन साल के लिए प्रतिबंध भी लगा दिया है। अथॉरिटी ने 30 पन्नों के आदेश में यह फैसला सुनाया है।

# ट्रंप की नीतियां बढ़ा सकती हैं आरबीआई की चुनौती

### > रिपोर्ट में दावा ब्याज दर में कटौती की योजना पर संकट

नई दिल्ली, 25 दिसंबर (एजेंसियां)। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियां भारत के केंद्रीय बैंक आरबीआई के लिए चुनौती बन सकती हैं। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ट्रंप की नीतियों से भारतीय रिजर्व बैंक की ब्याज दरों में कटौती की योजना प्रभावित हो सकती है। आरबीआई महंगाई दर में गिरावट आने के चलते रेपो दर में कटौती की योजना बना रही है।



स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रंप की नीतियों के बारे में अनिश्चितता और महंगाई संबंधी दबाव के कारण आरबीआई की ब्याज दरों में कटौती का समय प्रभावित हो सकता है। ट्रंप की नीति आरबीआई की नीतिगत ढील के समय में बाधा उत्पन्न कर सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक जहां एक ओर घरेलू महंगाई में कमी आने की उम्मीद है, लेकिन खाद्य कीमतों में उतार-चढ़ाव और ट्रंप की नीतियों के चलते इसमें देरी हो सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि उच्च महंगाई से स्टॉक और बॉन्ड प्रदर्शन के बीच मजबूत संबंध हो सकता है।

2022 में भी महंगाई और ब्याज दरों में तेजी का स्टॉक और बॉन्ड पर प्रभाव पड़ा था। रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि अचल संपत्तियां, नकदी और सोना महंगाई के खिलाफ प्रभावी बचाव के रूप में काम कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त उपभोक्ता स्टेपल और उच्च गुणवत्ता वाले स्टॉक महंगाई को लेकर स्थिरता प्रदान कर सकते हैं। आरबीआई ने 2025 में दरों में कटौती करने उम्मीद जताई है। लेकिन लगातार उच्च महंगाई और आर्थिक विकास में उछाल के कारण दरों में कटौती की गति पर रोक लग सकती है।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि मौजूदा आर्थिक माहौल काफी जटिल है। इसके चलते वैश्विक और घरेलू कारक मौद्रिक नीति निर्णयों को प्रभावित कर सकते हैं। निवेशकों और नीति निर्माताओं को अर्थव्यवस्था में विकास और स्थिरता को संतुलित करने के लिए इन चुनौतियों का सावधानीपूर्वक सामना करना होगा।

**यह है योजना**

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, नवंबर में खुदरा मुद्रास्फीति 5.48 प्रतिशत थी, जबकि अक्टूबर में यह 6.21 प्रतिशत थी, जो भारतीय रिजर्व बैंक के 2-6 प्रतिशत के आराम बैंड के अनुरूप है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि मुद्रास्फीति में गिरावट आगे भी जारी रहती है तो फरवरी में आगामी एमपीसी में दर में कटौती की संभावना अधिक है। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि समानांतर रूप से, फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) के हॉकिश रुख से प्रेरित यूएस डॉलर इंडेक्स (डीएक्सवाई) के मजबूत होने के कारण भारतीय रुपया (आईएनआर) मूल्यह्रास दबाव में रहा है।

# 312 करोड़ से ईएसआईसी ने अपग्रेड किया आईटी सिस्टम

### > लोगों को मिलेगी बेहतर हेल्थकेयर सर्विस

नई दिल्ली, 25 दिसंबर (एजेंसियां)। मंत्रालय ने बताया, ‘धनवंतरी मॉड्यूल के साथ-साथ बीमा मॉड्यूल के यूजर्स के लिए कनेक्शन पूल में काफी वृद्धि हुई है.’ इसके अलावा, ईएसआईसी का ‘धनवंतरी मॉड्यूल’ अस्पतालों और डिस्पेंसरी को रोगी रिकॉर्ड, पिछले मामलों की हिस्ट्री आदि की बेहतर उपलब्धता के साथ सक्षम बनाता है। कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) की तरफ से बताया गया कि लाखों लोगों के लिए हेल्थकेयर सर्विस और डिलीवरी मेकैनिज्म को बेहतर बनाने के लिए मंत्रालय ने अपने इंफोर्मेशन और आईटी सिस्टम में सुधार किया है.

श्रम और रोजगार मंत्रालय के अनुसार, धनवंतरी हॉस्पिटल इंफोर्मेशन सिस्टम (एचआईएस) का अब ईएसआईसी अस्पतालों और डिस्पेंसरी में तेजी से यूज किया जा रहा है, जिसे अपनाने में 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई है. इससे हेल्थकेयर प्रोवाइडर रोगी की देखभाल और अस्पताल संचालन को बेहतर ढंग से मैनेज कर पा रहे हैं। मंत्रालय ने बताया, ‘धनवंतरी मॉड्यूल के साथ-साथ बीमा मॉड्यूल के यूजर्स के लिए कनेक्शन पूल में काफी वृद्धि हुई है.’ इसके अलावा, ईएसआईसी का ‘धनवंतरी मॉड्यूल’ अस्पतालों और डिस्पेंसरी को रोगी रिकॉर्ड, पिछले मामलों की हिस्ट्री आदि की बेहतर उपलब्धता के साथ सक्षम बनाता है, जिससे बेहतर रोगी देखभाल सुनिश्चित होती है. चालू वित वर्ष की शुरुआत से कुल लेन-देन की संख्या में 50 प्रतिशत का इजाफा हुआ है और यह लगातार बढ़ रही है।

**ईएसआईसी ने अपने आईटी सिस्टम को अपग्रेड किया**

ईएसआईसी ने बताया, ‘सितंबर, 2024 में यूजर्स की संख्या 10 गुना बढ़ाने के बाद, रिपोर्ट की गई घटनाओं की संख्या घटकर एक तिहाई रह गई है. 1.5 करोड़ लेनदेन के लिए ऐसी घटनाओं की कुल संख्या केवल 93 है.’ ईएसआईसी ने हार्डवेयर, मिडलवेयर, सॉफ्टवेयर और नेटवर्क सिस्टम सहित अपने आईटी सिस्टम को अपग्रेड किया है, जिससे सिस्टम सभी ईएसआईसी सुविधाओं में हितधारकों के लिए ज्यादा तेज, सुरक्षित और इस्तेमाल में आसान हो गया है।

**312 करोड़ रुपये की कुल लागत**

यह बदलाव मौजूदा सिस्टम इंटीग्रेटर के साथ चल रहे संचालन और मेनटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट का अभिन्न अंग है, जिसकी कुल लागत 312 करोड़ रुपये 3 साल के लिए है. इस बीच, ईएसआईसी मोबाइल ऐप को भी पहले से ज्यादा यूजर फ्रेंडली एक्सपीरियंस देने के लिए सुधारा गया है. इस ऐप में कुछ एडिशनल फीचर्स को भी जोड़ा गया है।

## सरकारी सूत्रों का दावा, मूवी थियेटर में बिकने वाले पॉपकॉर्न पर लगेगा 5 प्रतिशत जीएसटी

नई दिल्ली, 25 दिसंबर (एजेंसियां)। हाल ही में हुई जीएसटी काउंसिल की बैठक में कई अहम फैसले लिए गए हैं। लेकिन पॉपकॉर्न पर तीन अलग-अलग स्लैब में लगाए टैक्स चर्चा में हैं। अब सरकारी सूत्रों की ओर से बताया गया है कि, मूवी थियेटर में बिकने वाले पॉपकॉर्न पर भी रेस्तरां की तरह ही 5 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। जीएसटी परिषद की 55वीं बैठक में पॉपकॉर्न पर जीएसटी को स्पष्ट किया गया है। दरअसल, नमक और मसालों वाले पॉपकॉर्न पर लागू वर्गीकरण और जीएसटी दर को स्पष्ट करने के लिए उत्तर प्रदेश से अनुरोध मिला था।



पॉपकॉर्न पर जीएसटी दर में कोई वृद्धि नहीं की गई है। उन्होंने बताया कि अगर पॉपकॉर्न को फिल्म टिकट के साथ बेचा जाता है, तो इसे एक समग्र आपूर्ति के रूप में माना जाएगा और चूंकि इस मामले में मुख्य आपूर्ति टिकट है, इसलिए उसकी लागू दर के अनुसार कर लगाया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, पॉपकॉर्न को सिनेमा घरों में खुले रूप में बेचा जाता है, और इसलिए इसपर ‘रेस्तरां सेवा’ के समान पांच प्रतिशत की दर लागू होती रहेगी। हालांकि, इसके लिए पॉपकॉर्न की स्वतंत्र रूप से आपूर्ति करनी होगी। जीएसटी के तहत नमक और मसालों वाले पॉपकॉर्न को नमकीन के रूप में वर्गीकृत किया जाता है और इसपर पांच प्रतिशत कर लगता है। जब इसे पहले से पैक और लेबल के साथ बेचा जाता है। जिस पर 12 प्रतिशत जीएसटी लगती थी।

## रिलायंस के जरिए 4 साल बाद चीनी फास्ट-फैशन ब्रांड की भारत में वापसी

नई दिल्ली, 25 दिसंबर (एजेंसियां)। चार साल की पाबंदी झेलने के बाद चीनी फास्ट-फैशन ब्रांड शीन की रिलायंस रिटेल के जरिये भारतीय बाजार में वापसी होने जा रही है। मुकेश अंबानी के नेतृत्व वाली रिलायंस रिटेल के ऑनलाइन प्लेटफॉर्म अजियो पर शीन ने अपने कलेक्शन की टेस्टिंग और कैटलॉगिंग शुरू कर दी है।

रिलायंस इस ब्रांड को अपने अन्य प्लेटफॉर्म तक बढ़ाएगी। इससे भारतीय बाजार में रिलायंस की किफायती फास्ट-फैशन सेगमेंट में टाटा समूह के जुडियो और फ्लिपकार्ट के मिंत्रा के साथ स्पर्धा और तेज होगी। सरकार ने 2020 में भारत-चीन सीमा विवाद को लेकर बढ़ते तनाव के बीच शीन समेत 50 चीनी एप पर प्रतिबंध लगा दिया था। हालांकि हाल ही में, वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने लोकसभा में बताया कि शीन का ऑपरेशन देश के एक स्वदेशी रिटेल प्लेटफॉर्म पर होगा। शीन की प्लेटफॉर्म के डेटा तक पहुंच नहीं होगी। शीन ऐसे समय में भारतीय बाजार में दोबारा प्रवेश कर रहा है, जब उसकी राजस्व ग्रोथ में कमी देखी गई है।

## गोल्ड 77,450 प्रति 10 ग्राम पहुंचा, चांदी के दाम में 23 की बढ़ोतरी

नई दिल्ली, 25 दिसंबर (एजेंसियां)। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 77,450 रुपए पर आ गया है। मंगलवार को इसके दाम 75,944 रुपए प्रति दस ग्राम थे। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत 23 रुपए बढ़कर 87,511 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले शुक्रवार को चांदी की कीमत 87,488 रुपए प्रति किलो थी। इस साल सोना 30 अक्टूबर को 79,681 प्रति 10 ग्राम के ऑल टाइम हाई पर पहुंच चुका है। वहीं, चांदी 23 अक्टूबर को अपने ऑल टाइम हाई 99,151 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई थी। आईबीजेए के अनुसार, इस साल अब तक सोने के दाम 12,522 रुपए बढ़ चुके हैं। वहीं, चांदी की कीमत 2,378 रुपए बढ़ चुकी है। 1 जनवरी को सोना 63,352 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था, जो अब 75,874 रुपए प्रति 10 ग्राम पहुंच गया है।



वहीं, एक किलो चांदी की कीमत 85,133 रुपए प्रति किलोग्राम से बढ़कर 87,511 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। विघ्नहर्ता गोल्ड के चेयरमैन महेंद्र लुनिया के अनुसार 2030 तक सोने के दाम 1.68 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम तक पहुंच सकते हैं। सोने की कीमतों में उछाल के कारणों में भू-राजनीतिक तनाव से लेकर वैश्विक आर्थिक मंदी जैसे फैक्टर्स है।

# इस साल नौकरी के लिए महिलाओं ने किए 2.8 करोड़ आवेदन

### कार्यबल में 20 फीसदी भागीदारी बढ़ी

नई दिल्ली, 25 दिसंबर (एजेंसियां)। वर्ष 2024 में नौकरियों के लिए कुल सात करोड़ आवेदन आए, जिसमें से 2.8 करोड़ महिलाओं के थे। एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, यह संख्या वर्ष 2023 की तुलना में 20 फीसदी अधिक है। रिपोर्ट दर्शाती है कि भारत के रोजगार परिदृश्य में तेजी से बदलाव आ रहा है और कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है।

रिपोर्ट के अनुसार इस साल आए कुल सात करोड़ आवेदन पिछले वर्ष के मुकाबले 25 फीसदी अधिक है। रिपोर्ट इंडिया एट वर्क 2024 रोजगार पोर्टल अपना डॉट ने जारी की है। रिपोर्ट के मुताबिक, आवेदनों की संख्या में वृद्धि कार्यबल में महिलाओं और युवाओं की बढ़ती भागीदारी का नतीजा है। इसमें कहा गया है, वरिष्ठ और प्रबंधकीय पदों के लिए आवेदनों की संख्या में 32 प्रतिशत का इजाफा हुआ है, देश के कार्यबल को आकार देने में महिलाओं के बढ़ते प्रभाव का संकेत है।



**टियर-1 शहरों में सबसे ज्यादा आवेदन**

रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली-एनसीआर, बंगलूरी और मुंबई जैसे टियर-1 शहरों में महिलाओं ने सबसे ज्यादा 1.52 करोड़ आवेदन किए। वहीं, जयपुर, लखनऊ और भोपाल जैसे टियर-2 तथा टियर 3 शहरों में महिलाओं की ओर से किए गए आवेदनों की संख्या 1.28 करोड़ दर्ज की गई। इससे पता चलता है कि मेट्रो शहरों से बाहर भी रोजगार के अवसर तेजी से बढ़ रहे हैं।

**28% बढ़ा महिला पेशवेरों का औसत वेतन**

रिपोर्ट बताती है कि 2023 के मुकाबले 2024 में महिला पेशेवरों के औसत वेतन में 28 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। महिलाएं न सिर्फ स्वास्थ्य देखभाल, आतिथ्य, खुदरा और ई-कॉमर्स जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं, बल्कि फील्ड बिक्री, आपूर्ति शृंखला और सुरक्षा सेवा जैसी अपरंपरागत भूमिकाएं भी अपना रही हैं।

**नए आवेदकों की संख्या 27% ज्यादा**

रिपोर्ट के मुताबिक, 2024 में रोजगार के लिए आवेदन करने वाले नए आवेदकों की संख्या दो करोड़ से अधिक रही, जो 2023 की तुलना में 27% ज्यादा है। चेन्नई, बेंगलुरु और हैदराबाद जैसे शहरों में 60 लाख आवेदन किए गए, जबकि पंजाब, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और बिहार जैसे क्षेत्रों में 82 लाख आवेदन प्राप्त हुए।

## देश में 12 करोड़ नौकरियां दे रहा है असंगठित क्षेत्र

नई दिल्ली, 25 दिसंबर (एजेंसियां)। असंगठित क्षेत्र के उद्यमों में सितंबर, 2024 को समाप्त वर्ष के दौरान रोजगार 10.01% बढ़कर 12 करोड़ से अधिक हो गए, जबकि प्रतिष्ठानों की संख्या 12.28% बढ़कर 7.34 करोड़ हो गई। एक सरकारी सर्वेक्षण में यह जानकारी सामने आई है। असंगठित गैर-कृषि क्षेत्र के उद्यमों को शामिल करने वाले इस सर्वेक्षण से पता चलता है कि अक्टूबर, 2023- सितंबर, 2024 की अवधि में सकल मूल्यवर्धन (जीवीए) में 16.52% की वृद्धि हुई। ये निष्कर्ष अक्टूबर, 2023- सितंबर, 2024 की अवधि के लिए असंगठित क्षेत्र के उद्यमों के वार्षिक सर्वेक्षण का हिस्सा हैं। इस सर्वेक्षण रिपोर्ट को सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने मंगलवार को जारी किया। सर्वेक्षण रिपोर्ट के मुताबिक, असंगठित क्षेत्र ने अक्टूबर, 2023 और सितंबर, 2024 के दौरान 12.05 करोड़ श्रमिकों को रोजगार दिया। यह संख्या 2022-23 अवधि में मिले 10.96 करोड़ रोजगार से एक करोड़ अधिक है जो मजबूत श्रम बाजार को दर्शाती है। व्यापक गतिविधियों में अर्थव्यवस्था के ‘अन्य सेवा’ क्षेत्र ने 17.86% की उच्चतम वार्षिक वृद्धि दिखाई जिसके बाद विनिर्माण क्षेत्र में 10.03% की वृद्धि हुई।

## दैनिक पंचांग

### ग्रह गोचर




श्री कालयुक्त संवत्सर-विक्रम संवत-2081
शक संवत- 1946 सूर्य - उत्तरायणे - ऋतु - शिशिर
महावीर निर्वाण संवत -2051, हिजरी सन् -1444
कलियुग अवधि-432000
भोग्य कलि वर्ष-426875
सूर्योदय - 06-47
सूर्यास्त. - 17-45
कलियुग संवत् -5125 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949125
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885125

| ग्रह स्थिति | | |
|---|---|---|
| सूर्य- | धनु | मे |
| चंद्र- | तुला | मे |
| मंगल | कर्क | मे |
| बुध- | वृश्चिक | मे |
| गुरु- | वृष | मे |
| शुक्र- | मकर | मे |
| शनि- | कुंभ | मे |
| राहु- | मीन | मे |
| केतु- | कन्या | मे |

| लग्नारंभ समय | | |
|---|---|---|
| धनु---- | 06-01 | बजे |
| मकर... | 08-07 | बजे |
| कुंभ - | 09-58 | बजे |
| मीन- | 11-36 | बजे |
| मेष--- | 13-12 | बजे |
| वृष--- | 14-57 | बजे |
| मिथुन | 16-58 | बजे |
| कर्क... | 19-10 | बजे |
| सिंह--- | 21-22 | बजे |
| कन्या--- | 23-29 | बजे |
| तुला---- | 01-34 | बजे |
| वृश्चिक... | 03-44 | बजे |

दिशाशूल - दक्षिण - जीरा खाकर घर से निकले
तिथि- एकादशी . 00-44 तक उपरान्त द्वादशी
मास - पौष कृष्ण , गुरुवार 26 December
नक्षत्र - स्वाति 18-09 तक उपरान्त विशाखा
योग - सुकर्मा 22-23 तक उप धृति
करण- बव 11-40 तक उप बालव
विशेष:- सफला एकादशी व्रत सर्वे
व्रत -त्योहार - पं मदनमोहन मालवीय ज.

विशेष:- राशिफल गृहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश क लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए ।

**राहुकाल 13:40 से 15:03 तक**

**पं महेशचन्द्र शर्मा मो.9247132654,8309517693**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शुभ. | 06:47 - 08:08 | शुभ | अमृत | 17:45 - 19:26 | शुभ |
| रोग. | 08:08 - 09:31 | अशुभ | चंचल | 19:26 - 21:03 | शुभ |
| उत्पात | 09:31 - 10:54 | अशुभ | रोग | 21:03 - 22:40 | अशुभ |
| चंचल | 10:54 - 12:17 | शुभ | काल | 22:40 - 00:17 | अशुभ |
| लाभ | 12:17 - 13:40 | शुभ | लाभ | 00:17 - 01:54 | शुभ |
| अमृत. | 13:40 - 15:03 | शुभ | उत्पात | 01:54 - 03:31 | अशुभ |
| काल. | 15:03 - 16:26 | अशुभ | शुभ | 03:31 - 05:09 | शुभ |
| शुभ. | 16:26 - 17:45 | शुभ | अमृत | 05:09 - 06:47 | शुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,
आज आप नम्र रहेंगे और दूसरों की स्वार्थरहित सेवा करेंगे । दूसरों को संतुष्ट करने के लिए अपना समय ,स्थान ,पैसा और यह तक कि अपना भोजन भी लगायेंगे । लोग आपकी इसके लिए तारीफ करेंगे ,लेकिन अपनी सीमायें निर्धारित करें । अपने बच्चों पर भी ध्यान दें,उन्हें कोई संकर्मण हो सकता है।

**वृष** ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,
आज आपके लिए गंभीरता से मेहनत करने का दिन है । आप काफी लम्बे समय से लटक रहा एक काम संतोषजनक ढंग से पूरा करने में सफल रहेंगे । इससे आपके अफसर प्रभावित होंगे । आज आप पर किसी प्रसिद्ध व्यक्ति की भी नजर पड़ेगी और इस बात का आपके भविष्य पर काफी प्रभाव पड़ेगा ।

**मिथुन** का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,
आज स्वयं को भौतिक चीजों के मोह में फंसा अनुभव करेंगे,लेकिन किसी भी वस्तु को इतना कसकर न पकड़ें । बहाव के साथ बहना ही उपयुक्त है,सहज बने रहें । जब तक आपको जवाब नही मिल जाते ,अपना नजरिया दृढ ही रखें । दुसरे स्थान पर शिफ्ट होने के बारे में भी सोच सकते हैं । इस बारे में दोस्तों और सहकर्मियों से बात करना सही रहेगा ।

**कर्क** ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,
आज आपके लिए बहुत सारा काम है ,व्यस्त रहेंगे । जल्दी के चक्कर में अपने किसी शुभचिन्तक को नाराज ना करें । नम्र बने रहें । आपकी सकारात्मकता के कारण नए अवसर मिलेंगे । धीरज रखें ,परिवर्तन ही शाश्वत नियम हैविसिलिये बदलाव तो आपके जीवन में भी होना ही है।

**सिंह** मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,
आज कोई अप्रत्याशित और काफी दबाव वाला काम मिलेगा लेकिन आप चिंता ना करें,आप आसानी से ओइसे पूरा कर लेंगे और आपको सबकी प्रशंसा भी मिलेगी । ऐसा हो सकता है कि घर पर अचानक बहुत सारे मेहमान आ जाएँ या बॉस आपको अंतिम समय पर कोई महत्वपूर्ण काम सौंप दें । स्थिति चाहे जो हो,आप बहुत अच्छे से संभल लेंगे ।

**कन्या** टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
आज आप जिद्दीपन के प्रति अपना स्वाभाविक झुकाव महसूस करेंगे । लेकिन जब आपको यह अनुभव होगा की ऐसा करना आपके हित में नही है तो आप पछतावा भी महसूस करेंगे । अच्छे से स्थिति समझें,आकस्मिक भावनाओं के बहाव में बहने के स्थान पर स्पष्ट सोच से काम लें । अगर आप थोड़ी सी समझदारी से काम लेंगे तो समाधान जल्दी निकलेगा और आपको जल्दी ख़ुशी मिलेगी ।

**तुला** रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,
आज आपके विचार उलझे और बिखरे हुए से हैं ।आप एक साथ बहुत सारी बातों के बारे में सोच रहे हैं । इसका परिणाम यह होगा की आज कोई भी काम पूरा नही कर पायेंगे । ध्यान को केन्द्रित रखने की जरुरत है । थोडा सा मानसिक अभ्यास करें और दूसरों से सलाह ना लें क्योंकि अलग-अलग सलाह से आप और भी उलझते जायेंगे।

**वृश्चिक** तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,
किसी भी काम को तुरंत तैयार होकर शुरू करने से पहले गंभीरता से तर्क की कसौटी पर परख लेना ही ठीक होगा । आपके लिए कल्पनात्मक सा समय है । इसीलिए रोमांस का आनंद लें | रोमांस में कल्पना लाने से आपके लिए अच्छा होगा लेकिन अगर आप ऑफिस में भी यही करने की कोशिश करेंगे तो परिणाम अच्छे नही होंगे ।

**धनु** ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे
आज दुविधा और उलझन की स्थिति बनी रहेगी । लेकिन यह बस उपरी आवरण है ,जैसे ही स्थिति साफ़ होगी ,आप वास्तविकता को देख पाएंगे । शुरुआत में सब कुछ उलझा हुआ सा लगेगा ,लेकिन समय के साथ साथ सब ठीक होगा,अपना समय लें और चलते रहें । आपको सफलता मिलेगी । परिवर्तन तो जरुर होंगे लेकिन आपके भविष्य के लिए शुभ साबित होंगें ।

**मकर** भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी
आप आज होने वाली घटनाओं के कारण और कई तरह की उलटी -सीधी सूचनाओं के कारण खुद को उलझन में फंसा हुआ अनुभव करेंगे । इस समय आपका सही मार्गदर्शन आपके मन की आवाज ही कर सकती है । जैसा आपका मन कहता है ,वैसा ही करें । इससे आपको काफी कुछ सीखने को भी मिलेगा और आप उस दिशा में आगे बढ़ पायेंगे जिस दिशा में आप बढ़ना चाहते हैं ।

**कुंभ** गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,
आप आज रियल एस्टेट से जुडा कोई लाभकारी लेनदेन पूरा करने वाले हैं । सकारात्मक सोच आपकी शक्ति है और आपको इसका लाभ उठाना है ,आपका कोई करीबी भी आपको इसके लिए प्रोत्साहित करेगा । आप आध्यात्मिक विकास के साथ साथ जीवन की भौतिक खुशियों का भी आनंद ले पायेंगे । नयी सोच से समृद्धि हासिल होगी ।

**मीन** दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची
आपको आज भावनात्मक और वित्तीय ,दोनों तरह का नुकसान हो सकता है । हालाँकि ,आप आसानी से इससे बच भी सकते हैं अगर आप उन लोगों से दूरी बना लें जो अपने फायदे के लिए आपको जबरदस्ती इन चीजों में घसीटना चाहते हैं । आज का दिन आराम से बिताएं और अपने उन घावों को भरने की कोशिश करें जों पिछली बातों से आपको मिले हैं ।

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र

# रघुवर दास ने ओडिशा के राज्यपाल पद से दिया इस्तीफा

## झारखंड की राजनीति में एक्टिव होने की अटकलें तेज



रांची, 25 दिसंबर (एजेंसियां)। ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास ने आज मंगलवार की देर रात इस्तीफा दे दिया है। उनकी जगह मिजोरम के राज्यपाल हरिबाबू गरडिया को ओडिशा का राज्पाल बनाया गया है। वहीं राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने रघुवर दास का इस्तीफा मंजूर कर लिया है। रघुवर दास के इस्तीफे ने झारखंड की राजनीति में नया मोड़ आ गया है। माना जा रहा है कि अब रघुवर दास एक झारखंड की पॉलिटिक्स में एक्टिव हो सकते हैं। रघुवर दास भाजपा के वरिष्ठ नेता होने के साथ झारखंड के पहले गैर-आदिवासी मुख्यमंत्री भी रह चुके हैं। उन्होंने 2014 से 2019 तक मुख्यमंत्री पद संभाला। इसके अलावा, वे जमशेदपुर ईस्ट विधानसभा सीट से पांच बार विधायक रह चुके हैं। उनकी सक्रियता और प्रशासनिक कार्यशैली ने उन्हें झारखंड की राजनीति में एक प्रभावशाली नेता के रूप में स्थापित किया है। 2024 के विधानसभा चुनाव में रघुवर दास की परंपरागत सीट जमशेदपुर पूर्वी पर उनकी बहू पूर्णिमा साहू ने जीत दर्ज की। उन्होंने कांग्रेस के प्रत्याशी अजय कुमार को 42,000 से अधिक वोटों के अंतर से हराया था। इस जीत ने रघुवर दास के राजनीतिक परिवार की मजबूत स्थिति को और पुख्ता किया है। माना जा रहा है कि रघुवर दास राज्य की सियासत में सक्रीय होंगे तो उनकी बहू पूर्णिया साहू उनके लिए अपनी सीट छोड़ सकती है। अटकलें इस बात की भी लगाई जा रही हैं कि रघुवर दास चुनाव नहीं लड़ें और बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बन जाएं। बता दें, अभी फरवरी में संगठन का चुनाव होना है। राजनीतिक हलकों में यह भी चर्चा है कि रघुवर दास को बीजेपी केंद्रीय संगठन में बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। रघुवर दास की गिनती केंद्रीय मंत्री अमित शाह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भी करीबी नेताओं में होती है। वो बीजेपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं। वहीं अभी जेपी नड्डा का कार्यकाल समाप्त होने जा रहे हैं, ऐसे में रघुवर दास को बीजेपी में भी कोई बड़ा पद मिल सकता है। 3 मई 1955 में जन्मे 69 वर्षीय रघुवर दास ने जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा सीट से 1995 में पहली बार जीत हासिल की थी। इसके बाद वर्ष 2000 में भी लगातार दूसरी बार जीत हासिल की। अलग झारखंड राज्य बनने के बाद रघुवर दास राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के कार्यकाल में मंत्री बने।

## दूसरी शादी करूंगा कहने पर पति को कुल्हाड़ी से काट डाला

सरगुजा, 25 दिसंबर (एजेंसियां)। सरगुजा जिले में पति ने दूसरी शादी करूंगा कहा तो पत्नी ने कुल्हाड़ी से वार कर मार डाला। बताया जा रहा है कि पत्नी के बच्चे नहीं हो रहे थे, जिससे पति-पत्नी में अक्सर विवाद होता था। झगड़े से परेशान होकर पत्नी ने वारदात को अंजाम दिया। मामला कमलेश्वरपुर थाना क्षेत्र के मैनपाट का है। मिली जानकारी के मुताबिक मृतक का नाम बलिराम माझी (28) है, जो नर्मदापुर के खालपारा का रहने वाला था। वह जेसीबी चलाता था। करीब 3 साल पहले बलिराम माझी (28) और नईहारो (26) की शादी हुई थी। वह पत्नी से अकसर कहता था कि, तुमसे बच्चे नहीं हो रहे हैं, उसे बच्चे चाहिए। परिजनों ने बताया कि बलिराम मांझी और उसकी पत्नी मंगलवार को दोनों नशे में थे। दोनों के बीच फिर बच्चे और शादी को लेकर विवाद हुआ। लड़ाई इतनी बढ़ गई कि नईहारो बाई ने घर में रखे कुल्हाड़ी से पति के कनपटी, चेहरे और सिर पर 3-4 बार हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर जान चली गई।

# जेएसएससी सीजीएल परीक्षा की सीआईडी जांच शुरू

## रांची से काठमांडू तक पेपर लीक के आरोप, बड़े वर्ग के अभ्यर्थियों को पहुंचाना था लाभ



रांची, 25 दिसंबर (एजेंसियां)। जेएसएससी सीजीएल परीक्षा की सीआईडी जांच शुरू कर दी गई है। इस जांच का आधार रातू थाने में हजारीबाग निवासी राजेश प्रसाद की शिकायत पर दर्ज प्राथमिकी है। दर्ज प्राथमिकी में कई तरह के आरोप लगाए गए हैं। वहीं कई अहम जानकारियां दी गई हैं। जिसमें शिकायतकर्ता ने बताया है कि जेएसएससी कार्यालय के सामने 26 सितंबर को कुछ छात्रों के बीच चर्चा हो रही थी। जहां कहा जा रहा था कि परीक्षा तिथि से दो-तीन दिन पूर्व आसनसोल के किसी होटल और नियामतपुर के एक विवाह भवन में छात्रों को इकट्ठा कर प्रश्न और उनके उत्तर बता दिए गए हैं। इसी तरह मुजफ्फरपुर, रांची, मांडू, दिल्ली और काठमांडू में भी प्रश्न पत्र लीक किए गए। आरोप है कि एक बड़े वर्ग के अभ्यर्थियों को परीक्षा के लिए प्रश्न पत्र उपलब्ध करा कर तैयारी कराई गई। उन्हें ही लाभ पहुंचाना था। रातू में दर्ज प्राथमिकी में तीन घटनाओं का जिक्र किया गया है। इन तीनों घटनाओं की मोबाइल से तस्वीर व वीडियो बनाने वाले अभ्यर्थियों से अब सीआईडी की टीम पूछताछ करेगी, ताकि अनुसंधान आगे बढ़े। हजारीबाग निवासी वादी राजेश प्रसाद की ओर से दर्ज प्राथमिकी में बताया गया है कि 21 व 22 सितंबर को राज्य के सभी जिलों में तीन पालियों में परीक्षा का आयोजन किया गया था। पहली पाली में सामान्य ज्ञान पेपर-3, दूसरी पाली में जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा पेपर-2 और तृतीय पाली में भाषा ज्ञान पेपर-1 की परीक्षा आयोजित की गई। इसी पेपर लीक से संबंधित एक और घटना मखमंदरो सेंटर रातू से सामने आई। जहां एक अभ्यर्थी अपने मोबाइल से बात करते हुए एक कागज पर कुछ लिख रहा था। हजारीबाग निवासी आशीष कुमार ने भी छात्र के लिखे हुए प्रश्न का उत्तर अखबार पर लिख लिया। साथ ही उस अखबार को भी सुरक्षित रख लिया। यह घटना भी परीक्षा शुरू होने से पहले की है।

दर्ज प्राथमिकी में यह भी बताया गया है कि पेपर लीक से संबंधित एक और घटना सामने आई। जो धनबाद के कुमार बीएड कॉलेज सेंटर की है, जिसमें एक वीडियो क्लिप बनाई गई है। यह वीडियो गिरिडीह निवासी प्रेम लाल ठाकुर ने रिकॉर्ड किया है। जिसे देखने से यह स्पष्ट होता है कि परीक्षा से पहले एक व्यक्ति, जो संभवतः छात्र था, सड़क किनारे पैदल चलते हुए मोबाइल पर किसी से बात करते हुए कुछ लिख रहा था। जब उससे पूछा गया कि वह क्या लिख रहा है और दिखाने के लिए बोला गया तो वह भागने लगा। भागते-भागते उसने कागज को फाड़कर फेंक दिया। बाद में सारे टुकड़ों को जोड़ने से परीक्षा में आए प्रश्नों के उत्तर जाहिर हुए।

22 सितंबर को गिरिडीह निवासी छात्र रामचंद्र मंडल ने उन्हें बताया कि सुबह अपने परीक्षा केंद्र (बलियापुर) पर वह पहुंचा। वहां देखा कि एक व्यक्ति अपने मोबाइल से बात कर रहा है। बात करते-करते वह कुछ शब्द कागज पर लिख रहा था। यह घटना परीक्षा शुरू होने से पहले की थी। छात्र रामचंद्र मंडल ने उस कागज का अपने मोबाइल में फोटो ले लिया, जो अब उसके मोबाइल में सुरक्षित है।

# साय कैबिनेट का विस्तार अभी नहीं

## पहले होगी मंडल-जिलाध्यक्षों की नियुक्ति, मंत्री की रेस में शामिल विधायकों को करना होगा इंतजार



रायपुर, 25 दिसंबर (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री साय ने कैबिनेट विस्तार की अटकलों को खत्म कर दिया है। साय ने कहा, कि छत्तीसगढ़ में पहले मंडल, जिला अध्यक्षों की नियुक्ति होगी। इन पदों की नियुक्तियों के बाद बाकी नियुक्तियों पर विचार किया जाएगा। इससे पहले दिल्ली में बड़े नेताओं की मीटिंग को कैबिनेट विस्तार से जोड़ा जा रहा था। बीजेपी के कई विधायकों का नाम भी मंत्री पद के लिए वायरल किया गया। इस बीच हरियाणा फॉर्मूला भी लागू होने की बात सामने आ रही है।

बीजेपी के सूत्रों के अनुसार, हरियाणा फॉर्मूला लागू करने पर विचार किया जा रहा है। यह फॉर्मूला अगर लागू होता है तो छत्तीसगढ़ में पहली बार सीएम सहित 14 मंत्री होंगे। बीजेपी के नेता दबी जुबान में इन बातों पर चर्चा कर रहे हैं, लेकिन ऑफिशियल जानकारी देने से बच रहे हैं। हरियाणा में भी छत्तीसगढ़ की तरह 90 विधानसभा सीटे हैं, लेकिन यहां कैबिनेट में सीएम के अलावा 13 मंत्रियों को शामिल किया गया है। छत्तीसगढ़ में अभी बृजमोहन के इस्तीफे के बाद सीएम के अलावा 10 मंत्री हैं। जबकि दो मंत्रियों का पद खाली है। दरअसल, प्रदेश की विधानसभा सीटों के 15 प्रतिशत विधायकों को मंत्री पद दिया जा सकता है। तो इस लिहाज से छत्तीसगढ़ में 13.5 का आंकड़ा आता है। ऐसे में 3 और मंत्री बनाए जा सकते हैं। सीएम के बयान के बाद मंडल और जिले में पदाधिकारियों की नियुक्तियों की कवायद तेज हो गई है।

# कांग्रेस बोली- सौरभ चंद्राकर से प्रदीप मिश्रा के क्या संबंध

## ईडी करे पूछताछ, बीजेपी ने कहा- संतों के कार्यक्रम से बेचैन क्यों होते हैं कांग्रेसी



प्रदीप मिश्रा

रायपुर, 25 दिसंबर (एजेंसियां)। रायपुर के सेजबहार में कचावाचक प्रदीप मिश्रा की शिव महापुराण कथा चल रही है। इस बीच कांग्रेस ने महादेव सट्टा ऐप मामले में प्रदीप मिश्रा से पूछताछ की मांग की है। कांग्रेस ने पूछा है कि, प्रदीप मिश्रा खुद बताएं कि वे ऐप प्रमोटर्स के सम्पर्क में कैसे आए? इस पर बीजेपी का कहना है कि, कांग्रेसी सनातन धर्म और संस्कृति की बातें तक सुनकर बौखलाने लगते हैं। संतों के कार्यक्रम होने पर कांग्रेस पता नहीं क्यों इतनी बेचैन होती है? दरअसल, दुबई में पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा में महादेव ऑनलाइन सट्टा ऐप के मुख्य प्रमोटर सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल नजर आए थे। पं. प्रदीप मिश्रा पर सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल फूल भी बरसाते दिखे थे। कथा के दौरान पंडित मिश्रा ने सौरभ चंद्राकर को भाई कहा था और आयोजन के लिए उनके परिवार का धन्यवाद भी किया। इसका वीडियो सोशल मीडिया परकाफी वायरल हुआ था। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि, पंडित प्रदीप मिश्रा रायपुर आए हुए हैं, उनका स्वागत है। उन पर श्रद्धा रखने वाले लोग कथा सुनने जाएंगे, लेकिन एक बड़ा सवाल यह है कि, महादेव ऐप के मामले में बीजेपी बड़ी-बड़ी बातें करती थी। अब प्रदीप मिश्रा महादेव ऐप के सरगना सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल के आमंत्रण पर दुबई भी गए थे। उनके साथ तस्वीरें भी आई। ऐसे में उनके महादेव ऐप के प्रमोटर्स के साथ क्या संबंध हैं? कैसे वे दुबई गए? इस बारे में उनसे पूछताछ की जानी चाहिए। इससे पुलिस को महादेव के अपराधी के बारे में क्लू मिलेगा। कांग्रेस के बयान पर बीजेपी प्रदेश प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता ने कहा कि, कांग्रेस की रग-रग में सनातन धर्म का विरोध करना है। वह सनातन धर्म और संस्कृति की बातें तक सुनकर बौखलाने लगती है। इसके प्रचार-प्रसार की जब बात होती है, तब कांग्रेस का सनातन विरोधी डीएनए जगजाहिर होने लगता है। हिन्दू समाज के लाखों लोग सनातनी संत की सभा में आते हैं, चाहे वे पं. प्रदीप मिश्रा हों, चाहे पं. धीरेंद्र शास्त्री हों, उनकी कथा और प्रवचन को सुनते हैं तो कांग्रेस की बेचैनी बढ़ जाती है। प्रदीप मिश्रा ने पहली बार भारत के बाहर जाकर कथा वाचन किया था। दुबई के ली मेरिडियन होटल एंड कॉन्फ्रेंस सेंटर रोड गरहौद में 9 दिसंबर से 11 दिसंबर तक इसका आयोजन किया गया।

# 219 का एनकाउंटर, 837 अरेस्ट

## सुरक्षाबलों ने आक्रामक रणनीति से लड़ी लड़ाई नक्सलियों के खिलाफ 1 साल में बड़ा एक्शन



रायपुर, 25 दिसंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में साल 2024 को नक्सलियों के खिलाफ आक्रामक रणनीति के साथ शुरू की गई लड़ाई के लिए जाना जाएगा। इस वर्ष सुरक्षाबलों ने कई बड़ी मुठभेड़ों में 219 नक्सलियों को मार गिराया, 837 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया तथा 802 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने घोषणा की है कि मार्च, 2026 तक देश से नक्सल समस्या को समाप्त कर दिया जाएगा।

छत्तीसगढ़ में वर्ष 2024 की शुरुआत सुरक्षाबलों के लिए झटके के साथ हुई। 30 जनवरी को सुकमा-बीजापुर सीमा पर नक्सली हमले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के तीन जवान शहीद हो गए तथा 15 अन्य घायल हो गए। लेकिन अगले कुछ महीनों में सुरक्षाबलों ने नक्सलियों को मुंहतोड़ जवाब दिया और धुर नक्सल प्रभावित अबूझमाड़ के भीतर तक अभियान चलाया। सुरक्षाबलों ने फरवरी में सुकमा जिले के पुवर्ती गांव में एक शिविर की भी स्थापना कर ली, जो खूंखार नक्सली नेता हिडमा का पैतृक गांव है। राज्य में सुरक्षाबलों को चार अक्टूबर को वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ चार दशक से चल रही लड़ाई में सबसे बड़ी जीत मिली। सुरक्षाबलों ने दंतेवाड़ा और नारायणपुर जिलों की सीमा पर मुठभेड़ में 31 नक्सलियों को मार गिराया। इससे पहले 16 अप्रैल को कांकेर जिले के छोटेबेठिया इलाके में कार्रवाई कर सुरक्षाबलों ने 29 नक्सलियों को मार गिराया था।

इस वर्ष सुरक्षाबलों ने 219 नक्सलियों को मार गिराया, जिनमें से 217 बस्तर क्षेत्र में मारे गए। बस्तर क्षेत्र में बस्तर, दंतेवाड़ा, कांकेर, बीजापुर, नारायणपुर, कोंडागांव और सुकमा जिले शामिल हैं। राज्य में पांच दिसंबर तक कुल 837 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया और 802 ने आत्मसमर्पण किया है। इस वर्ष नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में 18 सुरक्षाकर्मियों की जान चली गई, जबकि माओवादी हिंसा में 65 नागरिकों की मृत्यु हुई है। केंद्रीय मंत्री शाह ने दिसंबर में बस्तर का दौरा किया और दोहराया कि मार्च 2026 तक राज्य से नक्सलवाद का सफाया कर दिया जाएगा। विष्णु देव साय सरकार ने नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई में प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल किया तथा दुर्गम क्षेत्रों में शिविर स्थापित कर लोगों तक विकास योजनाओं का लाभ भी पहुंचाने की कोशिश की है। हालांकि इस दौरान राज्य सरकार को कांकेर, नारायणपुर और बीजापुर जिलों में फर्जी मुठभेड़ों के आरोपों का भी सामना करना पड़ा।

# रायपुर के जैन मंदिर में 15 लाख की चोरी

## मंदिर के माली ने बनाया था प्लान, भाई और मां ने दिया साथ, भोपाल से गिरफ्तार

रायपुर, 25 दिसंबर (एजेंसियां)। राजधानी रायपुर के जैन मंदिर में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस चोरी को मंदिर में काम करने वाले माली ने ही अंजाम दिया था। इसमें उसके भाई और मां ने मदद की थी।

आरोपियों ने मंदिर से करीब 15 लाख की चोरी की थी। इसके बाद सोने-चांदी का चुराया हुआ समान लेकर भोपाल चले गए। जांच के दौरान जब पुलिस ने माली से पूछताछ की तो वह सवालों के जवाब देते वक्त उलझ गया। पुलिस ने इसके बाद कड़ाई दिखाई तो माली ने पूरा सच बता दिया।

इस मामले में पुलिस ने भोपाल निवासी संदीप माली (27), सागर माली (25) और उनकी मां सुषमा माली(48) को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी हुए करीब 15 लाख का माल भी बरामद कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक, लाभाण्डी इलाके में 1008 पदम प्रभ दिगंबर जैन मंदिर स्थित है। 22 दिसंबर रात डेढ़ बजे के करीब चोर मंदिर के साइड वाले दरवाजे से भीतर घुसे। दरवाजे पर दो ताला लगा हुआ था जिसे उन्होंने आरी से काट दिया। अंदर घुसकर चोरों ने सबसे पहले चारों तरफ का मुआयना किया। फिर सीसीटीवी कैमरे के तारों को काट दिया।

चोरों ने जैन मंदिर से भगवान के ऊपर लगा हुआ गोल्ड पॉलिश तीन चांदी के छत्र, 5 पंचमेरू, 8 अष्ट प्रतिहार्य, 2 चांदी की बड़ी थाली, 1 सोने का कलश, 9 चांदी का अभिषेक कलश, 6 शांति धारा झारी, 4 छत्र चांदी, 2 चांदी की थाली, 3 आशिका, 5 छोटी चांदी की प्लेट, 1 चांदी का लोटा, एक चांदी की बड़ी गंजी, चांदी का चम्मच और अन्य सामान चोरी किया है। जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है।

इस मामले में पुलिस को सुबह 5-6 बजे के करीब शिकायत मिली थी। तेलीबांधा पुलिस के टीम मौके पर पहुंची। मंदिर प्रबंधन ने सुरक्षा के लिए सिक्योरिटी गार्ड भी तैनात किया है। गार्ड का कहना था कि वारदात के वक्त उसकी आंख लग गई थी। उसे किसी भी तरह की कोई आवाज नहीं आई थी। जबकि चोरों ने आरी से ताला को काटा था।

# रेप पीड़िता के लिए छुट्टी वाले दिन खुला हाईकोर्ट

बिलासपुर, 25 दिसंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में रेप पीड़िता प्रेग्नेंट युवती के लिए शीतकालीन अवकाश के दौरान हाईकोर्ट ने विशेष कोर्ट का गठन कर मंगलवार को मामले की सुनवाई की। रेप के बाद युवती प्रेग्नेंट हो गई है। वो 21-22 सप्ताह की गर्भवती है। इससे परेशान होकर उसने हाईकोर्ट की शरण ली है। युवती ने इसके लिए डॉक्टरों से भी राय ली। लेकिन, उन्होंने मेडिको लीगल केस बताकर अबॉर्शन करने से इनकार कर दिया। अब जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बिलासपुर कलेक्टर को मेडिकल बोर्ड गठित कर विशेषज्ञ डॉक्टरों से उसका मेडिकल कराने और कल (गुरुवार) यानी 26 दिसंबर तक रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया है। 23 दिसंबर को युवती ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर अबॉर्शन कराने की अनुमति मांगी है। हाईकोर्ट में युवती ने स्वयं गर्भपात के लिए सहमति दी है और चिकित्सीय गर्भपात की अनुमति के लिए शपथ-पत्र भी पेश किया है।

इस मामले में हाईकोर्ट ने गंभीरता दिखाई है। शीतकालीन अवकाश के दिन चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने विशेष कोर्ट का गठन कर जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल को केस की सुनवाई करने कहा। जस्टिस अग्रवाल ने मामले की सुनवाई के दौरान 7 जून 2024 को जारी अधिसूचना के अनुसार याचिकाकर्ता की मेडिकल जांच के लिए कलेक्टर को मेडिकल बोर्ड का गठन करने का आदेश दिया।

# थाने में महिला ने बच्ची के साथ खुद को जलाया

रायपुर, 25 दिसंबर (एजेंसियां)। रायपुर में एक महिला ने थाने के अंदर अपनी दो महीने की बच्ची के साथ खुद को आग लगा ली। इससे दोनों झुलस गए। बताया जा रहा है कि, महिला अपने गोद में दुधमुंही बच्ची को भी पकड़ी हुई थी। घटना तिल्दा नेवरा थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक, महिला नंदनी सावरा (25 साल) तिल्दा के देवार पारा की रहने वाली है। तिल्दा थाना प्रभारी एसएस सिंह ने बताया कि शुरुआती पूछताछ में पता चला है, महिला का अपने पति के साथ किसी बात पर विवाद हुआ था। इसके बाद महिला गुस्से में घर से बाहर निकली थी।

महिला ने अपने पास केरोसीन (मिट्टी तेल) भी रखा हुआ था। उसने पुलिस थाने के गेट पर मिट्टी तेल शरीर पर छिड़क लिया फिर खुद को आग लगा दी। थाने के भीतर तैनात स्टाफ ने जब चीखने चिल्लाने की आवाज सुनी तो फौरन बाहर दौड़कर आए। उन्होंने कपड़े से लपेटकर महिला के शरीर में लगी आग बुझाई। इसके अलावा बच्चे के शरीर में भी आग पकड़ ली थी उसे भी बुझाया गया। फिलहाल तिल्दा नेवरा सामुदायिक अस्पताल में प्रारंभिक इलाज के बाद दोनों को डीकेएस अस्पताल रायपुर रेफर कर दिया गया है। महिला 15-20 फीसदी झुलस गई है। वहीं बच्ची के पैरों के पास का निचला हिस्सा भी जल गया है। फिलहाल पुलिस ने महिला के पति नानकून देवार को पूछताछ के लिए थाने बुलाया है। इस मामले में पुलिस दोनों के बीच हुए विवाद को लेकर जांच पड़ताल कर रही है। इधर, छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में भी 24 साल की महिला ने अपनी 14 महीने के बेटी के साथ फांसी लगा ली। महिला ने लोधीडांड़ के महानपार जंगल में आत्महत्या की है। मामला राजपुर थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, मृतक महिला की पहचान कमला गोड़, पति परमेश्वर गोड़ के रूप में हुई है। ग्राम छिंदियाडांड़ निवासी कमला का रविवार को किसी बात पर पति के साथ विवाद हुआ था। इसके बाद वह बेटी बेबी गोड़ को लेकर घर से निकली थी।

कमला ने घर से करीब एक किलोमीटर दूर जंगल में एक पेड़ पर साड़ी का फंदा बनाया। इसके बाद उसने बेटी को फांसी पर लटकाया और फिर खुद भी आत्महत्या कर ली। थाना प्रभारी कुमार चंदन सिंह ने बताया कि मंगलवार को गांव के लोग जंगल में लकड़ी लेने गए हुए थे।

# बेटे ने चुराए मां के 20 लाख के गहने, गिरफ्तार

कोडरमा, 25 दिसंबर (एजेंसियां)। कोडरमा में बुधवार को बेटे ने अपनी ही मां के करीब 20 लाख रुपए के जेवर की चोरी कर ली। पुलिस ने उसे घटना के एक घंटे के अंदर ही पकड़ भी लिया। मामला तिलैया थाना क्षेत्र के बजरंग नगर की है। आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसका एक महिला के साथ अवैध संबंध है, जो उससे बार-बार पैसे मांग रही थी। इसी वजह से उसने चोरी की घटना को अंजाम दिया।

आरोपी रौशन कुमार की मां गीता देवी ने बताया कि दिन के 2 बजे के आसपास वे अपने घर के बाहर ही घूम रही थी। जैसे ही वे अपने घर में घुसी तो देखा कि कमरे का दरवाजा खुला पड़ा है। जब वे कमरे में गई उनके होश उड़ गए। घर में रखा आलमारी का ताला टूटा हुआ था और उसमें रखे जेवर 4 जोड़ी सोने की चेन, छह जोड़ी कान के झुमके व चार जोड़ी पायल गायब थे। उन्होंने शोर मचाया तो आसपास के लोग वहां इकठ्ठा हुए। इसी बीच पुलिस को सूचना दी गई। गीता देवी ने बताया कि जब वे बाहर टहल रही थीं, उस समय उनके घर में सिर्फ उनकी बहू थी, जो छत पर थी। बहू का कहना है कि वे रसोई में चावल चढ़ा कर सिर्फ 10 मिनट के लिए छत पर कपड़े उठाने गई थी, इसी बीच सारी घटना हो गई। गीता देवी ने बताया कि उनके पति पिछले 2 वर्षों से दुबई में काम कर रहे हैं। जबकि उनका बेटा रौशन कुमार शहर में ही फल गद्दी में काम करता है। इधर, जब पीड़िता के बेटे रौशन कुमार से पुलिस ने पूछताछ शुरू की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। उसने बताया कि उसका तिलैया थाना क्षेत्र के ही किसी महिला के साथ अवैध संबंध हैं।

# गुजरात में दुष्कर्म पीड़िता बच्ची की मौत मामले में झारखंड सरकार एक्शन में

रांची, 25 दिसंबर (एजेंसियां)। झारखंड की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने गुजरात के भरूच जिले में निर्भया की तरह बर्बरता और दरिंदगी का शिकार बनी 10 साल की मासूम की मौत पर दुःख व्यक्त किया है। वडोदरा के एक अस्पताल में सात दिनों तक जिंदी से संघर्ष करने के बाद पीड़िता की मौत हो गई।

दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि झारखंड सरकार पीड़ित परिवार से संपर्क करने की हर संभव कोशिश कर रही है, लेकिन उनका मोबाइल बंद आ रहा है। स्थानीय लोगों की मदद से भी परिवार से संपर्क साधने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन अस्पताल को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है और किसी को भी मिलने नहीं दिया जा रहा है।

मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि राज्य सरकार की पूरी कोशिश है कि मासूम बच्ची के पार्थिव शरीर को झारखंड लाया जाए, ताकि उसके पैतृक गांव पलामू में उसका अंतिम संस्कार किया जा सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन स्वयं इस पूरे मामले पर नजर बनाए हुए हैं और सुनिश्चित कर रहे हैं कि पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता पहुंचाई जाए। दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि यह एक कठिन समय है, लेकिन झारखंड सरकार पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और न्याय दिलाने के लिए हर कदम उठा रही है। उन्होंने कहा - 'इस मासूम के लिए न्याय सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। राज्य सरकार सुनिश्चित करेगी कि उसके हत्यारों को सख्त से सख्त सजा मिले। मुख्यमंत्री के निर्देश पर झारखंड सरकार ने गुजरात सरकार से अपील की है कि इस मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में हो और न्याय में देरी न हो। 11 दिन पहले हुए दुष्कर्म मामले की जानकारी मिलते ही सीएम हेमंत सोरेन के निर्देश पर मंत्री दीपिका सिंह, एडीजी सुमन गुप्ता और आईएएस किरण पासी गुजराज गई थीं। पीड़िता के परिजन से मिलकर पूरी घटना की जानकारी ली थी। स्थानीय प्रशासन से भी घटना की जानकारी ली गई। झारखंड से गई उच्चस्तरीय टीम ने उसके बेहतर इलाज की भी व्यवस्था की थी। टीम के सदस्यों ने गुजरात की समाज कल्याण मंत्री से भी मिलने का प्रयास किया था, लेकिन मुलाकात नहीं हो पाई थी।

# राजनांदगांव आरक्षक भर्ती प्रक्रिया रद्द

## एसआईटी करेगी जांच, सुसाइड और गिरफ्तारी के बाद साय सरकार का एक्शन, एक अभ्यर्थी और 4 कॉन्स्टेबल समेत 7 अरेस्ट

रायपुर, 25 दिसंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव पुलिस भर्ती में गड़बड़ी सामने आने के बाद सरकार ने भर्ती प्रक्रिया रद्द कर दी है। सीएम विष्णुदेव साय के निर्देश पर गृहमंत्री विजय शर्मा ने यह फैसला लिया है। दरअसल, इससे जुड़े एक आरक्षक ने सुसाइड कर लिया था। एक अभ्यर्थी, 4 कॉन्स्टेबल समेत अब तक 7 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। वहीं, जांच के लिए एसआईटी टीम भी बनाई गई है, जो 10 दिनों में अपनी जांच रिपोर्ट देगी। इस मुद्दों को कांग्रेस ने उठाया था। जिसके बाद सरकार ने एक्शन लिया है। राजनांदगांव जिले में 16 नवंबर 2024 से पुलिस भर्ती की प्रक्रिया शुरू हुई थी। जिसमें फिजिकल टेस्ट के दौरान नंबरों में गड़बड़ी की गई। पुलिस ने लालबाग थाने में भर्ती प्रक्रिया के 1 महीने बाद 16 दिसंबर 2024 को अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इस मामले से जुड़े आरक्षक अनिल रत्नाकर ने 21 दिसंबर को लालबाग थाना इलाके के रामपुर रोड से 1 किलोमीटर अंदर पेड़ पर फांसी लगा ली थी। आरक्षक का नाम अनिल रत्नाकर (25 साल) था। वो खैरागढ़ पुलिस में पदस्थ था और फिजिकल टेस्ट प्रक्रिया की निगरानी में शामिल था। अनिल सरायपाली बसना का रहने वाला था और उस पर भी भर्ती में लेन-देन के आरोप थे। आरक्षक अनिल रत्नाकर ने हथेली पर सुसाइड नोट में लिखा था कि, 'आरक्षक भर्ती में कर्मचारी को फंसाया जा रहा है, अधिकारी को बचाया जा रहा है। इसमें सभी इन्वॉल्व हैं।' इस मामले में पुलिस ने 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। जिसमें कवर्धा के पंडरिया ब्लॉक निवासी अभ्यर्थी मीना पात्रे भी शामिल है। वहीं, 4 कॉन्स्टेबल परिधि निषाद, पवन कुमार साहू, योगेश कुमार धुर्वे, नुतेश्वरी धुर्वे, धर्मराज मरकाम और पुष्पा चंद्रवशी हैं, जिन्हें अरेस्ट किया है। वहीं, जांच के लिए आईजी राजनांदगांव दीपक कुमार झा ने एसआईटी का गठन किया है। इसके साथ ही निष्पक्ष जांच कर 10 दिन में जांच रिपोर्ट सौंपने के आदेश दिए हैं। बता दें कि, राजनांदगांव में संभाग स्तर पर पुलिस भर्ती प्रक्रिया का फर्स्ट फेज यानी फिजिकल फिटनेस 16 दिसंबर से चल रही थी। भर्ती प्रक्रिया के लिए बाहर से टेक्निकल टीम बुलाई गई थी।

# देश-दुनिया में क्रिसमस सेलिब्रेशन

## चर्चों में विशेष प्रार्थनाएं हुईं, बेथलेहम में यीशु के जन्मस्थल चर्च ऑफ द नेटिविटी में सजावट तक नहीं



यरुशलम, 25 दिसंबर (एजेंसियां)। क्रिसमस के जश्न के लिए देश और दुनियाभर में चर्च सजाए गए हैं। गिरिजाघरों में आधी रात विशेष प्रार्थनाएं की गईं। भारत में भी गोवा, महाराष्ट्र, तमिलनाडु समेत कई राज्यों में क्रिसमस सेलिब्रेशन की तस्वीरें सामने आई हैं।

पुरी बीच पर सैंड आर्टिस्ट सुदर्शन पटनायक ने चॉकलेट और रेत से सेंटाक्लॉज बनाए। वहीं, बंगाल की मुख्य मंत्री ममता बनर्जी भी कोलकाता में मोस्ट होली रोजरी के कैथेड्रल में सामूहिक प्रार्थना में शामिल हुईं। इन सबके बीच गाजा-इजराइल वॉर के चलते लगातार दूसरे साल प्रभु यीशु के जन्मस्थल बेथलेहम में क्रिसमस पर साधारण रूप से मनाया जा रहा है।

जन्मस्थल पर बने चर्च ऑफ द नेटिविटी में सजावट तक नहीं की गई है।

# बांग्लादेश ने पाकिस्तान आर्मी को ट्रेनिंग के लिए बुलाया

## यह फरवरी में होगी, 53 साल बाद ढाका पहुंचेंगे पाक फौजी

ढाका, 25 दिसंबर (एजेंसियां)। बांग्लादेश ने अपने सैनिकों की ट्रेनिंग के लिए पाकिस्तान आर्मी की टीम को बुलाया है। 1971 के भारत-पाक युद्ध में करारी हार के 53 साल बाद एक बार फिर पाकिस्तानी आर्मी बांग्लादेश की जमीन पर कदम रखेगी। पाक आर्मी के एक मेजर जनरल रैंक के अफसर के नेतृत्व में एक स्पेशल टीम बांग्लादेशी आर्मी को ट्रेनिंग देगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक ये ट्रेनिंग अगले साल फरवरी में शुरू होगी। पहले चरण की ट्रेनिंग मेमनशाही कैंट में आर्मी ट्रेनिंग एंड डॉक्ट्रिन कमांड (एटीडीसी) मुख्यालय में होगी। ट्रेनिंग का ये पहला चरण एक साल तक चलेगा। इसके बाद पाक आर्मी बांग्लादेश आर्मी की सभी 10 कमांड में भी ट्रेनिंग देगी।

ट्रेनिंग के लिए पाकिस्तानी आर्मी के जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी के चेयरमैन जनरल साहिर शमशाद मिर्जा ने नवंबर में बांग्लादेश को ट्रेनिंग का प्रस्ताव भेजा था। इस प्रस्ताव को बांग्लादेश आर्मी चीफ जनरल वकार-उज-जमान ने स्वीकार कर लिया था। इसके बाद जनरल वकार ने पाक आर्मी को ट्रेनिंग के लिए औपचारिक निमंत्रण दिया है। बांग्लादेश ने पाकिस्तान से गोला- बारूद की दो खेप मंगाई हैं। सितंबर से दिसंबर के बीच बांग्लादेश ने 40 हजार राउंड एम्युनिशन मंगवाए हैं। ये पिछले साल की तुलना में तीन गुना है। पिछले साल ये 12 हजार राउंड थे। इसके अलावा 2 हजार राउंड टैंक एम्युनिशन और 40 टन आरडीएक्स भी मंगवाया है।



बांग्लादेश की नौसेना अगले साल फरवरी में पाकिस्तान के साथ कराची पोर्ट पर नौसेनिक युद्धाभ्यास करेगी। इस संयुक्त युद्धाभ्यास को अमन-2025 नाम दिया गया है। पाकिस्तान हर 2 साल बाद इस युद्धाभ्यास का आयोजन करता है। बांग्लादेश 15 साल बाद इस युद्धाभ्यास में शामिल हो रहा है। शेख हसीना के पूरे कार्यकाल में बांग्लादेश ने इसमें हिस्सा नहीं लिया था। 2022 में शेख हसीना ने पाकिस्तान के युद्धपोत तैमूर को चटगांव में रुकने की परमिशन तक नहीं दी थी। इसके चलते तैमूर को म्यांमार के क्यायुकफु पोर्ट पर लंगर डालकर फ्यूल लेना पड़ा था।

डिफेंस एक्सपर्ट, वेस्ट एशिया पॉलिसी सेंटर के डिफेंस एक्सपर्ट कमर आगा के मुताबिक बांग्लादेश और पाकिस्तान की बढ़ती करीबी से भारत के 80 किमी चौड़े सिलीगुड़ी कॉरिडोर (चिकन नेक) पर खतरा बढ़ सकता है। ये कॉरिडोर भारत के उत्तर पूर्वी राज्यों को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ता है। बांग्लादेश में पाक की एंट्री के बाद पूर्वोत्तर के कट्टरपंथी ग्रुप के और हावी होने की आशंका है। दूसरी तरफ बांग्लादेश की जियोपॉलिटिकल लोकेशन काफी अहम है। चिकन नेक कॉरिडोर के पास भूटान का डोकलाम भी है। इस पर चीन कब्जा चाहता है। बांग्लादेश में यूनुस सरकार और अब पाक सेना की एंट्री के बाद चीन के लिए अनुकूल हालात हैं।

# गाजा में यूएन राहत सामग्री के 100 ट्रक लूटे

## बच्चे कूड़े के ढेर में खाना ढूंढ रहे, 23 लाख लोग दर-दर भटकने को मजबूर

गाजा, 25 दिसंबर (एजेंसियां)। करीब 15 महीनों से जारी इजराइल-हमास युद्ध की वजह से गाजा के 23 लाख लोग दर-दर भटकने को मजबूर हैं। सबसे खराब हालात उत्तर गाजा की है, जहां इजराइल ने सबसे पहले हमला किया था। हालात इतने खराब है कि यूएन की तरफ से भेजी जा रही राहत सामग्री को रास्ते में ही लूट लिया जा रहा है। हाल ही में ऑक्सफैम की रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि उत्तर गाजा में पिछले ढाई महीने में राहत सामग्री के सिर्फ 12 ट्रक ही पहुंच पाए, जबकि 100 से ज्यादा ट्रकों को रास्ते में ही लूट लिया गया। हालात इतने खराब हैं कि लोगों के भूखे मरने की नौबत आ गई है। औरतें और बच्चे कचरे के ढेर से खाना बीनकर खाने को मजबूर हैं। ऑक्सफैम का आरोप है कि 6 अक्टूबर से इजराइल जानबूझकर जबालिया, बेत लाहिया और बेत हनून की सैन्य घेराबंदी बढ़ा रहा है। ऐसा करके वो उत्तरी गाजा में राहत सामग्री पहुंचाने से रोक रहा है।

गाजा में रहने वालों का कहना है कि परिवार के बड़े लोग बच्चों को खेलने से मना करते हैं, ताकि उन्हें चक्कर न आएं। 15 लोगों के परिवार में खाने के लिए सिर्फ एक पैकेट बिस्किट है। एक तिरपाल की कीमत 15 हजार रुपए है। एक तंबू बनाने के लिए 5 तिरपाल (76 हजार रुपए) चाहिए। बिजली की कोई संभावना नहीं है। एक कर्मचारी ने बताया कि एक पूरा परिवार एक अंडे के लिए देर अल-बला इलाके में खोज कर रहा था, ताकि टूटी हड्डी वाले एक रिश्तेदार की कैल्शियम की जरूरत पूरी हो सके।

अंडे की कीमत लगभग 500 रुपए थी। राहत ट्रकों के ट्रांसपोर्ट से जुड़े लोगों का कहना है कि गाजा में सबसे बड़ी लुटेरी गैंग यासर अबू शबाब की है। उसका गिरोह पूर्वी राफेह के नत्र इलाके पर हावी है। वह राफेह का माफिया है।

# ट्रम्प बोले- रेपिस्ट, हत्यारों को डेथ पेनाल्टी देना जारी रखेंगे

## कानून व्यवस्था फिर मजबूत करेंगे, बाइडेन ने मौत की सजा पर लगाई थी रोक

वॉशिंगटन, 25 दिसंबर (एजेंसियां)। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने सोमवार को 37 लोगों की मौत की सजा को उम्र कैद में बदल दिया था। उनका यह फैसला डोनाल्ड ट्रम्प को रास नहीं आया। उन्होंने इस फैसले का विरोध करते हुए कहा कि जैसे ही मैं शपथ लूंगा जस्टिस डिपार्टमेंट को आदेश दूंगा कि रेपिस्ट, हत्यारों और हैवानों से अमेरिकी परिवारों की रक्षा के लिए डेथ पेनल्टी को देना जारी रखें। हम देश में फिर से कानून व्यवस्था मजबूत करेंगे। बता दें कि राष्ट्रपति जो बाइडेन ने मौत की सजा पर रोक लगा दी थी। हालांकि, ट्रम्प फिर से इस सजा को शुरू करने की बात कही है। अमेरिका में अक्सर राष्ट्रपति अपने कार्यकाल की समाप्ति से पहले स्पेशल पावर का इस्तेमाल करके कुछ लोगों की सजा को कम या माफ कर देते हैं। बाइडेन ने भी इन्हीं शक्तियों का इस्तेमाल कर 37 लोगों की सजा को कम किया था। अगर राष्ट्रपति एक बार किसी की सजा को कम या माफ कर देते हैं तो उसे बदला नहीं जा सकता है।

**मृतकों के परिजन बाइडेन के फैसले से दुखी- ट्रम्प**

ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा कि इन दोषियों के कारनामे सुनने पर यकीन नहीं होगा कि इन्होंने ऐसा किया है। मृतकों के परिजन बाइडेन प्रशासन के फैसले से दुखी हैं। उन्हें विश्वास ही नहीं हो रहा है। वहीं व्हाइट हाउस ने इस मामले को लेकर कहा था कि राष्ट्रपति बाइडेन सिर्फ आतंकवाद और नफरत से जुड़ी सामूहिक हत्या के लिए मौत की सजा का समर्थन करते हैं।

बाइडेन की तरफ से जारी बयान में भी कहा गया था कि हम पीड़ित परिवारों के लिए संवेदना व्यक्त करते हैं जिन्हें नुकसान उठाना पड़ा, लेकिन अब इस फैसले से पीछे नहीं हटा जा सकता।

जस्टिस डिपार्टमेंट के अनुसार 13 दिसंबर तक जो बाइडेन ने राष्ट्रपति के तौर पर अपने कार्यकाल में 65 लोगों की सजा माफ की है, जबकि 1,634 कैदियों की सजा कम की है। सिविल सोसाइटी के कई लोगों ने इस फैसले के लिए बाइडेन की तारीफ करते हुए उन्हें हिम्मती बताया है।

इससे दो हफ्ते पहले बाइडेन ने 1500 कैदियों की सजा घटाने का ऐलान किया था। ये सभी कैदी कोरोना महामारी के दौरान जेल से रिहा किए गए थे और घर में नजरबंद थे। इनके अलावा उन्होंने ऐसे 39 अपराधियों की सजा माफ कर दी थी, जो हिंसक अपराध में शामिल नहीं थे।




**बाइडेन ने अपने बेटे हंटर की सजा भी माफ कर दी थी**

इससे पहले जो बाइडेन ने अपने बेटे हंटर बाइडेन की सजा को भी माफ कर दिया था। हंटर बाइडेन अवैध तरीके से बंदूक रखने और टैक्स चोरी के मामले में सजा का सामना कर रहे थे। अपने बेटे की सजा माफ करने को लेकर जो बाइडेन का कहना था कि मुझे कानून व्यवस्था पर पूरा यकीन है, लेकिन राजनीति ने इसे गंदा कर दिया है। यह न्याय व्यवस्था की नाकामी है। हंटर के मामले को देखने वाला कोई भी समझदार शख्स यह जानता होगा कि उसे सिर्फ इसलिए निशाना बनाया गया क्योंकि वह मेरा बेटा है।

# अनंदिता अंडर 19 टी-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप में शामिल




धनबाद, 25 दिसंबर (एजेंसियां)। धनबाद की अनंदिता किशोर अब अंडर-19 टी-20 विश्व कप में टीम इंडिया का प्रतिनिधित्व करेंगी। मलेशिया में 18 जनवरी से होने वाली प्रतियोगिता के लिए मंगलवार को टीम की घोषणा की गई। इसमें अनंदिता को भी शामिल किया गया है। भारतीय टीम का ग्रुप स्टेज में पहला मुकाबला 19 जनवरी को वेस्टइंडीज से होगा। फिर 21 जनवरी को मलेशिया और 23 जनवरी को श्रीलंका से भिड़ंत होगी। अनंदिता हाल ही में एशिया कप अंडर-19 टूर्नामेंट में खेलकर धनबाद लौटी हैं।

# पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में एयरस्ट्राइक की, 15 की मौत

## पाकिस्तानी तालिबान के ठिकानों पर हमला अफगानिस्तान ने पलटवार की धमकी दी

इस्लामाबाद/काबुल, 25 दिसंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान ने मंगलवार देर रात अफगानिस्तान में एयरस्ट्राइक कर पाकिस्तानी तालिबान के संदिग्ध ठिकानों को निशाना बनाया। ये हमले पाकिस्तानी सीमा से लगे अफगानिस्तान के पकटिका प्रांत के पहाड़ी इलाकों में किए गए। इस एयरस्ट्राइक में कम से कम 15 लोग मारे गए हैं। पाकिस्तानी अधिकारियों के हवाले से बताया कि हमले में पाकिस्तानी तालिबान यानी तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के ट्रेनिंग सेंटर को तबाह किया गया है। अधिकारियों ने कई आतंकियों के मरने का दावा किया।

हालांकि, ये साफ नहीं है कि पाकिस्तानी विमान अफगानिस्तान में कितने भीतर गए और हमले कैसे किए। मार्च के बाद दूसरी बार पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में एयरस्ट्राइक की है।

अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने पाकिस्तानी एयरस्ट्राइक की निंदा की है। काबुल ने आरोप लगाया कि बमबारी में महिलाओं और बच्चों समेत आम नागरिकों को निशाना बनाया गया है। अफगानिस्तान ने इसे अंतरराष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन बताया।



अफगानी रक्षा मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर पोस्ट कर नाराजगी जताई। मंत्रालय ने लिखा कि इस तरह के एकतरफा कदम किसी समस्या का समाधान नहीं हैं। अफगानिस्तान ने एयरस्ट्राइक का जवाब देने की बात कही।

मंत्रालय ने लिखा, 'अपनी मातृभूमि की रक्षा करना हमारा अधिकार है, हम इस कायरतापूर्ण हमले का जवाब जरूर देंगे।'

**2022 से टीटीपी ने पाकिस्तान पर हमले तेज किए**

पाकिस्तान अक्सर आरोप लगाता है कि पाकिस्तानी तालिबान अफगानिस्तान के जमीन का इस्तेमाल करके उस पर आतंकी हमले करता है। हालांकि पाकिस्तान के इन आरोपों को अफगानिस्तान ने खारिज करता रहा है।

अफगानिस्तान में 2021 के तालिबान की वापसी के साथ ही पाकिस्तानी तालिबान (टीटीपी) मजबूत हुआ है।

टीटीपी ने नवंबर 2022 में पाकिस्तान के साथ सीजफायर को एकतरफा तौर पर खत्म कर दिया था। इसके बाद उसने पाकिस्तान पर हमले तेज कर दिए हैं। पिछले कुछ महीनों में टीटीपी ने पाकिस्तान के कई सैनिकों और पुलिसकर्मियों की हत्या की है।

# यूनुस सरकार बनी आतंकियों की हमदर्द

## बांग्लादेश हिज्ब-उत-तहरीर के संस्थापक को दी अहम जिम्मेदारी, बनाया गृह सचिव

ढाका, 25 दिसंबर (एजेंसियां)। आतंकवादियों को जेल से रिहा करने के बाद अब बांग्लादेश की मोहम्मद यूनुस सरकार ने आतंकवादी संगठनों के सदस्यों को शासन में अहम जिम्मेदारी भी देने लगी है। अंतरिम सरकार ने आतंकवादी संगठन हिज्ब-उत-तहरीर (एचयूटी) बांग्लादेश के संस्थापक सदस्य रहे नसीमुल गनी को गृह सचिव नियुक्त किया है। गनी इससे पहले बीएनपी नेता जमीर उद्दीन सरकार के निजी सचिव रह चुके हैं। हालांकि, नसीमुल गनी हिज्ब-उत-तहरीर से जुड़े अकेले नहीं है, जिन्हें यूनुस सरकार ने अहम जिम्मेदारी सौंपी है।

अंतरिम सलाहकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के प्रमुख सहयोगियों में से एक महफूज आलम भी हिज्ब-उत-तहरीर से जुड़े रहे हैं। अंतरिम सरकार में सलाहकार बनाए गए महफूज आलम को शेख हसीना की सरकार गिराने वाले हिंसक आंदोलन का मास्टरमाइंड माना जाता है। हाल ही में आलम ने सोशल मीडिया पोस्ट की थी, जिसमें भारत के कुछ हिस्सों को मिलाकर ग्रेटर बांग्लादेश बनाने की वकालत की थी। बाद में इसे हटा दिया गया था। भारत ने इस पोस्ट पर विरोध जताया था।

बांग्लादेश में शेख हसीना के खिलाफ शुरू हुए छात्र आंदोलन को हिज्ब-उत-तहरीर ने जमात-ए-इस्लामी, इस्लामी आंदोलन और अंसारुल्लाह बांग्ला टीम के साथ मिलकर हाईजैक कर लिया था। जुलाई में हिंसक आंदोलन के बाद 5 अगस्त को प्रधानमंत्री को शेख हसीना को सत्ता से बेदखल होना पड़ा था। उन्होंने देश से भागकर भारत में शरण ली है।

**क्या है हिज्ब-उत-तहरीर?**

हिज्ब-उत-तहरीर की बांग्लादेश शाखा की स्थापना साल 2000 में की गई थी। कथित तौर पर ढाका यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर सैयद गुलाम मौला के निर्देशन में नसीमुल गनी और कावसर शाहनवाज ने इसकी नींव रखी थी। उस दौरान बीएनपी और जमात-ए-इस्लामी का गठबंधन सत्ता में था। साल 2009 में शेख हसीना की अवामी लीग सरकार ने हिज्ब-उत-तहरीर पर प्रतिबंध लगा दिया था। साल 2013 से इस समूह के कई नेताओं पर आतंकी हमलों में शामिल होने का आरोप लगा है, जिनमें दर्जनों लोग मारे गए हैं।

# गजनवी लुटेरा या मुस्लिमों का हीरो

## पाकिस्तानी रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ के बयान से मचा बवाल, मोदी और आरएसएस का क्यों हो रहा जिक्र?



इस्लामाबाद, 25 दिसंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के शहबाज शरीफ सरकार में रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के महमूद गजनवी को दिए एक बयान के बाद पाकिस्तान में बवाल मचा हुआ है। आसिफ ने एक इंटरव्यू में महमूद गजनवी को एक आक्रमणकारी और डाकू-लुटेरा कह दिया था। आसिफ के इस बयान के बाद गजनवी को अपना हीरो बताने वाले पाकिस्तान की राजनीति में खलबली मच गई है। आसिफ के बयान पर अब पाकिस्तान के पूर्व मंत्री मशाहिद हुसैन ने पलटवार किया है। उन्होंने गजनवी को लुटेरा बताने पर आसिफ पर जमकर हमला बोला। आइए पहले ख्वाजा आसिफ का वो बयान जानते हैं, जिस पर बवाल मचा हुआ है। आसिफ ने कहा था कि 'महमूद गजनवी आता था और लूटमार करके वापस चला जाता था। हालांकि, हमारे यहां उसे हीरो के तौर पर चित्रित किया जाता है, लेकिन मैं उसे हीरो नहीं मानता।' जिस पाकिस्तान में मिसाइलों के नाम गजनी रखे गए हैं, वहां इस बयान पर बवाल मचना ही था। ख्वाजा आसिफ के बयान को लेकर जब पूर्व मंत्री मशाहिद हुसैन से एक टीवी कार्यक्रम में पूछा गया तो उन्हें इस बयान पर हैरानी जताई और कहा कि इस तरह का बयान तो भारत से आना चाहिए था। उन्होंने आसिफ के बयान को एंटी पाकिस्तानी बताया। हुसैन ने कहा, 'महमूद गजनवी तो मुसलमानों का हीरो है। विद्रोह का प्रतीक है। ये बयान मोदी की तरफ से तो समझ आता है। हिंदुत्व वाले और आरएसएस वाले यही कहते हैं कि वह लुटेरा था।' पाकिस्तान के हथियारों का जिक्र करते हुए मशाहिद हुसैन ने कहा कि पाकिस्तान के डीएनए में गजनवी है। आपकी गजनवी मिसाइल है। वह किसके नाम पर है? हुसैन ने मुसलमानों के लिए अलग देश का सिद्धांत रखने वाले मोहम्मद इकबाल का उदाहरण दिया और कहा कि इकबाल जब 1937 में काबुल के दौरे पर गए थे।

# चीन किससे लड़ने जा रहा युद्ध?

## ड्रैगन सेना ने दिया 10 लाख विस्फोटक आत्मघाती ड्रोन का ऑर्डर, भारत बहुत पीछे

बीजिंग, 25 दिसंबर (एजेंसियां)। चीन की सरकार ने सेना पीएलए के लिए 10 लाख आत्मघाती ड्रोन खरीदने का ऑर्डर दिया है। चीनी सेना को इन ड्रोन की सप्लाई साल 2026 तक हो जाएगी। चीनी सेना के इस महाऑर्डर की दुनियाभर में चर्चा हो रही है। आत्मघाती ड्रोन विमानों ने आर्मीनिया-अजरबैजान से लेकर यूक्रेन युद्ध तक में अपनी ताकत का लोहा मनवाया है। दुनिया ने पहली बार नगर्नो कराबाख की लड़ाई में कामीकाजी ड्रोन युद्ध को देखा था जिसमें अजरबैजान को जीत मिली थी। अब चीन ने भी इसके लिए कमर कस ली है। इस ऑर्डर से साफ हो गया है कि चीन अब आधुनिक युद्ध में इसका जमकर इस्तेमाल करने जा रहा है। एक तरफ जहां चीन बड़े पैमाने पर युद्धक तैयारी में जुटा हुआ है, वहीं भारत अभी संख्या और तकनीक के मामले में बहुत पिछड़ा हुआ है।

विशेषज्ञों का कहना है कि यूक्रेन युद्ध से साफ हो गया है कि आने वाले समय में आत्मघाती हमलावर ड्रोन जंग में बड़ी भूमिका निभाएंगे। भारत के पास पहले से ही हारूप ड्रोन है जिसे उसने आयात किया है और इसके लिए काफी पैसा देना पड़ा है। उन्होंने कहा कि जिस पैमाने पर अब ड्रोन युद्ध लड़े जा रहे हैं, आने वाले समय में इसे आयात करना बहुत ही महंगा हो जाएगा। ये ड्रोन अब दुनिया में जंग का नक्शा बदलने की ताकत रखते हैं। हाल के दिनों में हूती, हिज्बुल्लाह और ईरान ने इजरायल के खिलाफ जमकर ड्रोन हमले किए हैं। इससे इजरायल को जमकर नुकसान उठाना पड़ा है।

# म्यांमार में सेना की हार से मिला मौका

## बांग्लादेशी रोहिंग्या मुस्लिमों ने अराकान आर्मी पर बोला हमला, आईएसआई का भी साथ

नेपीडा, 25 दिसंबर (एजेंसियां)। म्यांमार में बांग्लादेश सीमा पर जुंटा की सरकारी सेना की हार के बाद अराकान आर्मी का इस इलाके पर कब्जा हो गया है। अब बांग्लादेशी मीडिया ने दावा किया है कि इस बदलाव का फायदा उठाकर रोहिंग्या मुस्लिमों की द अराकान रोहिंग्या स्लावेशन आर्मी या एआरएसए ने म्यांमार में हमला किया है। यही नहीं एआरसा को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई से हथियार और विस्फोटक मिले हैं। बताया जा रहा है कि रोहिंग्या मुस्लिमों ने म्यांमार में बांग्लादेश सीमा के पास नगा यांट गांव में अराकान आर्मी पर 23 दिसंबर की रात को बड़ा हमला किया है। बांग्लादेशी पत्रकार सलाउद्दीन शोएब चौधरी के मुताबिक रोहिंग्या गुट एआरएसए को पाकिस्तानी आईएसआई और बांग्लादेश की मोहम्मद यूनुस सरकार का पूरा समर्थन हासिल है। शोएब के मुताबिक एआरएसए को रोहिंग्या कैंप में आईएसआई से विस्फोटक और हथियार मिले हैं।

एआरएसए उत्तरी म्यांमार के रखाइन प्रांत में काफी सक्रिय है। यहां पर रोहिंग्या मुस्लिम रहते हैं। इनमें से लाखों की तादाद में रोहिंग्या मुस्लिमों को बांग्लादेश में शरण लेनी पड़ी है। बड़ी संख्या रोहिंग्या मुस्लिम भारत भी भागकर आ गए हैं। म्यांमार की सरकार का कहना है कि रोहिंग्या बांग्लादेश के अवैध प्रवासी हैं। द अराकान रोहिंग्या स्लावेशन आर्मी को पहले हरकाह अल यकिन के नाम से जाना जाता था। इस पर रखाइन प्रांत के म्यांमार के कई पुलिसकर्मियों की हत्या का आरोप है। रोहिंग्या के एआरएसए को म्यांमार की सरकार ने आतंकी संगठन घोषित कर रखा है। म्यांमार की सरकार का कहना है कि एआरएसए के कमांडरों को विदेश में ट्रेनिंग मिलती है।

# पुतिन ने जानबूझकर क्रिसमस का दिन चुना

## रूस के ड्रोन और मिसाइल हमले की जेलेंस्की ने की आलोचना

कीव, 25 दिसंबर (एजेंसियां)। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने क्रिसमस के मौके पर यूक्रेन के ऊर्जा ढांचे को निशाना बनाकर बड़े पैमाने पर मिसाइल और ड्रोन हमला करने के लिए रूस की निंदा की और हमले को 'अमानवीय' बताया। उन्होंने आगे जोर दिया कि इस तरह के हमलों के लिए सोची-समझी योजना और समय की आवश्यकता होती है और ये कभी भी 'स्वतःस्फूर्त निर्णय' नहीं होते। अपने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए जेलेंस्की ने लिखा, 'हर बड़े रूसी हमले के लिए तैयारी के लिए समय की आवश्यकता होती है। यह कभी भी स्वतःस्फूर्त निर्णय नहीं होता। यह एक जानबूझकर किया गया फैसला होता है - न केवल लक्ष्यों का बल्कि समय और तारीख का भी।' 'आज, पुतिन ने जानबूझकर हमले के लिए क्रिसमस को चुना। इससे अधिक अमानवीय क्या हो सकता है? बैलिस्टिक मिसाइलों समेत 70 से अधिक मिसाइलें और सौ से अधिक हमलावर ड्रोन। उनका लक्ष्य हमारा ऊर्जा ढांचा है। ये यूक्रेन में ब्लैकआउट के लिए संघर्ष जारी रखे हुए हैं। जेलेंस्की ने 50 से अधिक मिसाइलों और कई ड्रोन को रोकने वाले यूक्रेनी रक्षकों के प्रयासों की प्रशंसा की, उन्होंने कसम खाई कि रूस की आक्रामकता यूक्रेन को नहीं तोड़ेगी या क्रिसमस को खराब नहीं करेगी। उन्होंने लिखा, 'प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, हमारे रक्षकों ने 50 से अधिक मिसाइलों और बड़ी संख्या में ड्रोन को मार गिराने में कामयाबी हासिल की। दुर्भाग्य से, हमले हुए हैं। अभी तक, कई क्षेत्रों में बिजली गुल है। बिजली इंजीनियर जल्द से जल्द बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए काम कर रहे हैं।'



पोस्ट में आगे कहा गया, मैं उन सभी का शुक्रिया अदा करता हूं जो देश के लिए काम कर रहे हैं, जो युद्ध ड्यूटी पर हैं, जो हमारे आसमान की रक्षा कर रहे हैं। रूसी बुराई यूक्रेन को नहीं तोड़ पाएगी और क्रिसमस को खराब नहीं करेगी। इससे पहले 22 दिसंबर को, यूक्रेनी वायु सेना ने रूसी सेना की तरफ से किए गए हमले की सूचना दी थी, जिसमें 103 शाहेड ड्रोन और अन्य मानव रहित हवाई वाहन (यूएवी) शामिल थे, जिन्हें ब्रांस्क, मिलरोवो और बर्डियांस्क समेत कई स्थानों से लॉन्च किया गया था।

# पाकिस्तान सरकार से वार्ता के लिए पीटीआई तैयार

## इमरान खान ने हामिद रजा को बनाया समिति का प्रवक्ता

इस्लामाबाद, 25 दिसंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख इमरान खान ने भी सरकार से होने वाली वार्ता के लिए तैयारी कर ली है। उन्होंने अपनी पार्टी की ओर से वार्ता करने के लिए गठबंधन के सहयोगी दल सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) के प्रमुख साहिबजादा मोहम्मद हामिद रजा को समिति का प्रवक्ता नामित किया है। पूर्व पीएम ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि समिति सरकार के साथ सार्थक वार्ता करेगी। पूर्व पीएम ने यह भी कहा कि अगर सरकार उनकी पार्टी पीटीआई की मांगें मान लेती है तो हम सविनय अवज्ञा आंदोलन को स्थगित कर देंगे। मंगलवार को अदियाला जेल में अपने वकीलों के साथ बैठक के दौरान पूर्व पीएम इमरान खान ने एसआईसी प्रमुख को पार्टी की समिति का प्रवक्ता बनाने का ऐलान किया। रजा नेशनल असेंबली के सदस्य हैं। इसके अलावा वह मानवाधिकारों पर नेशनल असेंबली की स्थायी समिति के अध्यक्ष भी हैं। वकीलों के साथ बैठक के बाद पूर्व पीएम ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि पार्टी की वार्ता समिति के प्रयास सराहनीय हैं। वार्ता प्रक्रिया सार्थक हो इसलिए जरूरी है कि वार्ता टीम से मेरी मुलाकात हो ताकि मैं मुद्दों को समझ सकूं। पूर्व पीएम ने लिखा कि अगर सरकार सार्थक वार्ता चाहती है तो हमारी दो मांगें हैं। पहली कि विचाराधीन राजनीतिक कैदियों की रिहाई और दूसरी यह कि नौ मई और 26 नवंबर की घटनाओं की जांच के लिए वरिष्ठ न्यायाधीशों वाले एक न्यायिक आयोग का गठन किया जाए। अगर ये मांगें पूरी हो जाती हैं तो हम अपना सविनय अवज्ञा आंदोलन स्थगित कर देंगे। हालांकि मुझे डर है कि सरकार नौ मई और 26 नवंबर की घटनाओं की जांच की हमारी मांग को दरकिनार करने की कोशिश करेगी। हम ऐसा नहीं होने देंगे।

पूर्व पीएम इमरान खान ने सैन्य अदालतों की ओर से 25 लोगों को सुनाई गई सजा के फैसलों को भी असंविधानिक करार दिया। पूर्व पीएम ने लिखा कि मैं सैन्य अदालतों के असंविधानिक फैसलों को खारिज करता हूं। ये फैसले पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा को धूमिल कर रहे हैं। इस तरह की अमानवीय हरकतें देश को आर्थिक प्रतिबंधों के अधीन कर सकती हैं। ऐसे फैसले तथाकथित सांविधानिक पीठ के मुंह पर तमाचा हैं। यहां तक कि न्यायपालिका ने भी अब मान लिया है कि देश में राजनीतिक इंजीनियरिंग हो रही है। इसका साफ मतलब है कि पीटीआई को कुचला जा रहा है।



# मंत्रिमंडल विस्तार : सीएम सहित कुल 24 मंत्री, 6 सीटें खाली

जयपुर, 25 दिसंबर (एजेंसियां)। राजस्थान की भाजपा सरकार का एक साल का कार्यकाल पूरा हो चुका है। अब सियासी गलियारों में सबसे ज्यादा चर्चा यही है कि मंत्रिमंडल विस्तार, फेरबदल या फिर विभाग बदले जाएंगे। पार्टी के अंदर यह चर्चा पीएम मोदी के प्रदेश दौरे के बाद ही शुरू हो गई थी। जिसे बल सीएम भजनलाल शर्मा और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह की दिल्ली में हुई मुलाकात से और मिला है। सीएम जयपुर लौट आए।



सूत्रों का कहना है कि मंत्रिमंडल विस्तार पर जो भी निर्णय होगा, वह जनवरी में विधानसभा का बजट सत्र शुरू होने से पहले ही होगा। पार्टी में चर्चा है कि मंत्रिमंडल फेरबदल होगा या मंत्रिमंडल विस्तार और दोनों ही नहीं हुए तो फिर कुछ मंत्रियों के विभागों में बदलाव किया जा सकता है। विभागों में फेरबदल की संभावनाएं सबसे ज्यादा हैं।

**कामकाज को लेकर असंतुष्टि की जाहिर**

दरअसल, एक साल के कम समय में मंत्रियों के कामकाज का आंकलन कर उन्हें हटाना ठीक नहीं होगा, ऐसे में उनके विभागों के कामकाज की समीक्षा की संभावनाएं ज्यादा हैं। बताया जा रहा है कि सीएम ने चार-पांच मंत्रियों के कामकाज को लेकर असंतुष्टि जाहिर की थी। इसकी जानकारी उन्होंने दिल्ली में बड़े नेताओं को भी दे दी है। दिल्ली दौरे के दौरान अमित शाह से हुई मुलाकात में इन मंत्रियों पर भी चर्चा होना बताया जा रहा है।

**मंत्रिमंडल में 6 सीटें रिक्त**

राजस्थान में नियमानुसार 30 मंत्री बनाए जा सकते हैं। सरकार गठन के बाद सीएम सहित कुल 25 मंत्री थे।

सुरेन्द्र पाल सिंह टीटी को विधायक चुने जाने से पहले ही मंत्री बना दिया गया था। इसके बाद विधानसभा चुनाव में उनकी हार हो गई और उन्होंने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। अब सीएम सहित 24 मंत्री हैं। 6 सीटें रिक्त है। मंत्रिमंडल कोटे में कुछ जातियों का प्रतिनिधित्व भी नहीं है। ऐसे में सरकार चाहती है कि जल्द मंत्रिमंडल विस्तार या फेरबदल किया जाए।

# दिशा समिति की बैठक में सांसद ने अधिकारियों को लगाई फटकार

## ठेकेदारों पर कार्रवाई के निर्देश

जालौर, 25 दिसंबर (एजेंसियां)। जालौर जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में सांसद लुंबाराम चौधरी ने जल जीवन मिशन और अन्य विकास योजनाओं के तहत हो रहे कार्यों में लापरवाही पर अधिकारियों और ठेकेदारों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि अधूरी योजनाएं और ठेकेदारों की लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सांसद चौधरी ने स्पष्ट किया कि समय पर काम पूरा न करने वाले ठेकेदारों को तुरंत ब्लैकलिस्ट किया जाए और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने अधिकारियों पर नाराजगी जताते हुए कहा कि अगर ठेकेदारों पर कार्रवाई नहीं की जाती है तो



इसे अधिकारियों की मिलीभगत माना जाएगा। काम नहीं करने वाले किसी भी ठेकेदार को हटाया जाए, चाहे किसी की सिफारिश क्यों न हो।

नर्मदा पानी की समस्या पर सवाल

बैठक के दौरान सांचौर क्षेत्र में नर्मदा योजना का मुद्दा भी उठा। सांसद ने सवाल किया कि नर्मदा का पानी नदी में बह रहा है लेकिन लोगों को पीने के लिए उपलब्ध क्यों नहीं हो रहा। उन्होंने जलदाय विभाग के अधिकारियों को तत्काल समाधान निकालने और पाइप लाइनों की समस्या को हल करने के लिए कदम उठाने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, जिला प्रमुख राजेश राणा, आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित, रानीवाड़ा विधायक रतन देवासी, जिला कलेक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे, पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद्र यादव सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।

सांसद ने कहा कि जनता की सेवा में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और विकास कार्यों को समय पर पूरा करना अधिकारियों की जिम्मेदारी है।

# बाबा साहब के अंत्योदय सिद्धांत पर चल रही है भाजपा

## बोले सीएम, विपक्ष को दिया नाकामी का तमगा

जयपुर, 25 दिसंबर (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपनी प्रेस वार्ता में कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए विपक्ष को अपनी जिम्मेदारी निभाने में विफल बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के अंत्योदय सिद्धांत को लेकर चल रही है, जबकि कांग्रेस ने हमेशा बाबा साहब का अपमान किया और देश के प्रति उनके योगदान को नजरअंदाज किया है।

मुख्यमंत्री शर्मा ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा, बाबा साहब को पहला कानून मंत्री होने के बावजूद कांग्रेस ने इस्तीफा देने पर मजबूर किया। 1952 में उन्हें टिकट नहीं दिया गया और जब वे चुनाव लड़े, तो कांग्रेस ने उनका विरोध किया। इतना ही नहीं सदन में भी उनके विचारों को गंभीरता से नहीं लिया गया।

उन्होंने सवाल उठाया कि आजादी के बाद लंबे समय तक सत्ता में रहने के बावजूद कांग्रेस ने बाबा साहब को भारत रत्न क्यों नहीं दिया। मुख्यमंत्री ने कहा, ₹कांग्रेस ने न तो बाबा साहब का कोई स्मारक बनाया और न ही पंचतीर्थ की स्थापना की। बाबा साहब को जो भी सम्मान मिला, वह भाजपा और अन्य पार्टी नेताओं के प्रयासों से मिला है।

मुख्यमंत्री शर्मा ने राहुल गांधी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि संसद में उनका व्यवहार बुजुर्गों और महिलाओं का अपमान है। उन्होंने कहा, ₹कांग्रेस सत्ता के बिना नहीं रह सकती और सत्ता पाने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। उनकी राजनीति झूठ और लूट पर आधारित है।

उन्होंने जोर देकर कहा कि भाजपा बाबा साहब के दिखाए मार्ग पर चल रही है और हमेशा चलेगी। उन्होंने कहा, ₹हम बाबा साहब के अंत्योदय के विचारों को लागू कर रहे हैं और समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए काम कर रहे हैं। देश की जनता कांग्रेस की नीतियों और झूठी राजनीति को समझ चुकी है। उन्होंने कहा, ₹आने वाले समय में जनता कांग्रेस को उसकी सही जगह दिखाएगी। भाजपा केंद्र और राज्य में जनता के विश्वास पर खरी उतरी है और बाबा साहब के सिद्धांतों पर चलने के लिए प्रतिबद्ध है।

# आईटी रेड में पहली बार मिले क्रिप्टो करंसी के खाते

## वेडिंग प्लानर्स के ठिकानों पर कार्रवाई पूरी

जयपुर, 25 दिसंबर (एजेंसियां)। राजस्थान में तालुका टेंट ग्रुप, वेडिंग प्लानर्स, कैटरर्स के ठिकानों पर 5 दिन तक चली आयकर विभाग की कार्रवाई में करोड़ों रुपये की नकदी और ज्वेलरी बरामद की गई लेकिन एक बात जो सबसे खास बात रही वो यह कि राजस्थान के इतिहास में पहली बार आयकर की कार्रवाई में अघोषित क्रिप्टो करंसी के खातों की भी जानकारी मिली है।




आयकर विभाग की टीम ने पांच दिन पहले प्रदेश के तालुका टेंट ग्रुप, वेडिंग प्लानर्स, कैटरर्स के 22 ठिकानों पर सर्वे की कार्रवाई शुरू की थी। इनमें से 16 ठिकानों पर सर्च की कार्रवाई पूरी हो गई।

आयकर विभाग ने कार्रवाई में बेहिसाब 9.66 करोड़ रुपये की नकदी, 12.966 किलोग्राम की अघोषित ज्वेलरी, जिसकी बाजार में कीमत 10.63 करोड़ रुपये है, जब्त की है। आयकर सर्च कार्रवाई में कुल 20.29 करोड़ जब्त किए गए हैं।

विभाग की कार्रवाई के दौरान राजस्थान के इतिहास में पहली बार अघोषित क्रिप्टो करंसी के खाते पाए गए। इनके अलावा बेहिसाब नकदी लेनदेन के सबूत ईमेल के रूप में कार्रवाई में मिले हैं। कार्रवाई में 20 लॉकर्स समेत कई अहम दस्तावेज जब्त किए गए।

गौरतलब है कि आयकर टीम को प्रदेश के रिसॉर्ट और होटल मालिकों, विवाह कार्यक्रम नियोजकों, कैटरर्स, फूल विक्रेताओं, डेकोरेटर्स के बीच सांठगांठ का पता चला था। इसके बाद यह बड़ी कार्रवाई की गई। जब्त किए गए दस्तावेजों की जांच के बाद प्रदेश में कुछ और बड़ी कार्रवाई भी हो सकती है।

# पूर्व सीएम अशोक गहलोत के बेटे वैभव ने सरकार पर लगाया बड़ा आरोप

## आश्वासन पूरा करने में वह विफल रही



सिरोही, 25 दिसंबर (एजेंसियां)। भारत सरकार के गृहमंत्री अमित शाह की ओर से संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के खिलाफ की गई टिप्पणी के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में सिरोही शहर के अंबेडकर सर्किल से जिला कलक्ट्रेट तक अंबेडकर सम्मान मार्च निकाला। इससे पहले एक होटल में प्रेसवार्ता की गई, जिसमें कहा कि बाबा साहब का अपमान किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा।

प्रेसवार्ता में सांसद प्रत्याशी रहे कांग्रेस नेता वैभव गहलोत ने कहा कि भाजपा ने सत्ता में आने से पहले बड़े-बड़े आश्वासन दिए थे, लेकिन उन्हें पूरा करने में वह विफल रही। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति बहुत खराब हो गई है। पूर्व सीएम अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत ने कहा कि सिरोही बस स्टैंड के जीर्णोद्धार की बात लंबे समय से चल रही थी, जिसका कार्य बजट 2023-24 में स्वीकृत हो गया था, लेकिन रोडवेज के पास अपना तंत्र नहीं होने के कारण निविदा बनने में समय लग गया। अब दिखावे के लिए भाजपा के लोग वाह-वाही लूट रहे हैं।

उन्होंने कहा कि माउंट आबू में सालगांव सिंचाई परियोजना को पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने स्वीकृत किया था, लेकिन भाजपा ने इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया। कांग्रेस राज में जो काम स्वीकृत हुए थे, वो भाजपा की सरकार पूरा नहीं कर रही है।

प्रभारी संगीता बेनीवाल ने कहा कि वर्तमान सरकार ने हर गांव में 24 घंटे बिजली देने का वादा किया था, लेकिन हालात यह कि इनसे एक ट्रांसफॉर्मर तक नहीं बदला जा रहा है। युवाओं से नौकरियां के किए वादे झूठे साबित हुए हैं। किसानों को डीएपी व यूरिया खाद नहीं मिल रहा।

जिला प्रभारी अंजना मेघवाल ने कहा कि प्रदेश के किसान 12000 रुपए सम्मान निधि का इंतजार कर रहे हैं। गेहूं की 2700 क्विंटल व बाजरे को एमएसपी पर खरीद नहीं हो रही। धर्मेन्द्र राठौड़ ने कहा कि पर्ची से बने मुख्यमंत्री स्वतंत्र रूप से निर्णय ही नहीं ले पा रहे। एक मंत्री तो कभी अपने को मंत्री बताते हैं तथा कभी कह देते हैं कि मैं केवल विधायक हूं।

# दुर्लभ बीमारियों से पीड़ित बच्चों का फ्री में इलाज करेगी सरकार

जयपुर, 25 दिसंबर (एजेंसियां)। राज्य सरकार ने दुर्लभ बीमारियों से पीड़ित बच्चों और उनके परिवारों को राहत देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री आयुष्मान बाल संबल योजना लागू की है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के निर्देशन में शुरू हुई इस योजना में 56 प्रकार की दुर्लभ बीमारियों से पीड़ित बच्चों को आर्थिक सहायता, चिकित्सा सेवाएं व देखभाल की सुविधा प्रदान की जाएगी।

राजस्थान में अनेक बच्चे ऐसे हैं जो दुर्लभ बीमारियों की जकड़ में हैं, लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर एवं सरकारी सहायता नहीं मिलने से उनका इलाज सम्भव नहीं था। इस योजना के लागू होने से उन्हें उपचार में सुविधा होगी। बच्चों को समय पर इलाज और उनके परिवारों को आर्थिक राहत प्रदान करना योजना का मुख्य उद्देश्य है।

आवेदक का राजस्थान का मूल निवासी होना अनिवार्य

विभाग के निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव बचनेश कुमार अग्रवाल ने जारी परिपत्र में बताया कि इस योजना में उन्हीं बच्चों को लाभ मिलेगा, जिनकी आयु 18 वर्ष से कम होगी। आवेदक राजस्थान का मूल निवासी हो या कम से कम तीन वर्ष से राज्य में निवासरत हो। दुर्लभ बीमारी से पीड़ित होने का प्रमाण पत्र सक्षम चिकित्सा अधिकारी से प्राप्त करना होगा। बीमारी वही दुर्लभ मानी जाएगी जो राष्ट्रीय नीति 2021 में सूचीबद्ध है। बीमारी के प्रमाणन का अधिकार एम्स जोधपुर और जे.के. लोन अस्पताल जयपुर के अधिकृत अधिकारियों को सौंपा है। इन संस्थानों की ओर से जारी प्रमाणन को अंतिम निर्णय माना जाएगा।

**50 लाख रुपए तक का मिलेगा निशुल्क इलाज**

मुख्यमंत्री आयुष्मान बाल संबल योजना के तहत दुर्लभ बीमारियों से ग्रासित बच्चों को हर महीने 5 हजार रुपए की आर्थिक सहायता और 50 लाख रुपए तक का निशुल्क इलाज प्रदान किया जाएगा। योजना के तहत 0-18 वर्ष तक की आयु के बच्चों को शामिल किया जाएगा। चिन्हित बच्चों के लिए एसएसओ पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

# महाराजा गंगासिंह यूनिवर्सिटी में एसीबी का छापा

## 7 लाख की रिश्वत राशि बरामद

बीकानेर, 25 दिसंबर (एजेंसियां)। महाराजा गंगासिंह यूनिवर्सिटी में आज एंटी करप्शन ब्यूरो की बड़ी कार्रवाई से हड़कंप मच गया। यूनिवर्सिटी में परीक्षा से संबंधित भुगतान में कथित भ्रष्टाचार की शिकायत पर एसीबी की टीम ने छापा मारते हुए 7 लाख रुपये की रिश्वत राशि बरामद की है।



एसीबी के एडीशनल एसपी आशीष कुमार के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में आरोपी मनोज सांखला को गिरफ्तार किया गया है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि यह रिश्वत परीक्षा टेंडर देने के एवज में ली जा रही थी। माइक्रो लिंक इंफोटेक कंपनी अपने प्रतिनिधि के माध्यम से रिश्वत देने की तैयारी में थी।

एएसपी आशीष कुमार ने बताया कि रिश्वत की 7 लाख रुपये की राशि जब्त की गई है। आगे की जांच में पता लगाया जा रहा है कि इस राशि का भुगतान और किसे किया जाना था। प्रारंभिक जांच में परीक्षा विंग के कई अधिकारी संदेह के घेरे में हैं।

एसीबी की इस छापेमारी ने यूनिवर्सिटी प्रशासन में खलबली मचा दी है। रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार के इस प्रकरण ने परीक्षा प्रक्रिया और अधिकारियों की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

आरोपी मनोज सांखला से पूछताछ जारी है। एसीबी अधिकारियों ने संकेत दिए हैं कि आने वाले दिनों में और भी अधिकारियों पर कार्रवाई हो सकती है। वहीं यूनिवर्सिटी प्रशासन ने इस मामले में पूरी जानकारी मिलने तक कोई टिप्पणी करने से इंकार कर दिया है।

# भीषण सड़क हादसा, कार के परखच्चे उड़े, पांच की मौत

## पंद्रह घायल, कैलादेवी से लौट रहा था परिवार

करौली, 25 दिसंबर (एजेंसियां)। राजस्थान के करौली जिले के करौली-गंगापुर मार्ग पर कल रात एक भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। घटना सलेमपुर गांव के पास हुई, जहां तेज रफ्तार से आ रही एक निजी बस ने कार को टक्कर मार दी। यह दुर्घटना इतनी गंभीर थी कि कार में सवार सभी पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। 15 लोगों की हालत गंभीर है।

**गंगापुर से करौली की ओर आ रही थी कार**

जानकारी के अनुसार, यह हादसा उस समय हुआ जब कार गंगापुर से करौली की ओर जा रही थी। विपरीत दिशा से आ रही बस की तेज रफ्तार और लापरवाही के चलते बस ने कार को सीधी टक्कर मारी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी।

**इंदौर का रहने वाला था परिवार, अधिकतर लोगों की मौत**

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य शुरू किया। मृतकों की पहचान नयन देशमुख, प्रीति भट्ट, मनस्वी देशमुख, खुश देशमुख और अनीता देशमुख के रूप में हुई है। ये सभी मूल रूप से इंदौर, मध्य प्रदेश के निवासी थे और वर्तमान में बड़ोदरा, गुजरात में रह रहे थे। पुलिस ने बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया यह दुर्घटना बस चालक की लापरवाही और तेज रफ्तार के कारण हुई प्रतीत होती है। पुलिस ने मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# 24 घंटे में किया बैंक में हुई चोरी का पर्दाफाश

## पांच लाख लेकर भागे आरोपियों में से तीन गिरफ्तार

नागौर, 25 दिसंबर (एजेंसियां)। कल शहर में एसबीआई बैंक से रुपये निकालने पहुंचे एक व्यक्ति के बैग से दिनदहाड़े 5 लाख रुपये की चोरी के मामले में शामिल पांच में से तीन नाबालिग आरोपियों को पुलिस ने जोधपुर से गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 3 लाख रुपये बरामद किए गए हैं, जबकि दो अन्य आरोपी 2 लाख रुपये लेकर फरार हैं। पुलिस का दावा है कि जल्द ही फरार आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

गौरतलब है कि कल अपने बेटे की शादी के लिए बैंक से रुपये निकालने पहुंचे पीड़ित भेराराम के बैग से आरोपियों ने 5 लाख रुपये चोरी कर लिए थे। उन्होंने इस बारे में बैंक प्रबंधक को जानकारी दी और पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सीसीटीवी फुटेज खंगाले और जिले भर में नाकाबंदी करवाई। सीसीटीवी फुटेज में आरोपी एक टेंपो में बैठकर रेलवे स्टेशन की ओर जाते दिखे, जिसके बाद पुलिस ने रेलवे स्टेशन और जोधपुर में ट्रेनों की चेकिंग की। देर रात सोशल मीडिया पर वायरल हुई तस्वीर के आधार पर पुलिस को इनपुट मिला और पुलिस ने तीन नाबालिग आरोपियों को पाली रोड के पास से गिरफ्तार कर लिया।

जांच में पता चला है कि यह गिरोह भीड़भाड़ वाले इलाकों में रेकी करता है और नाबालिग बच्चों को आगे कर चोरी और लूट की वारदातें की जाती हैं। गिरोह के सदस्य पास ही अलग-अलग जगहों पर नजर रखते हैं और चोरी के बाद पैसे आपस में बांट लेते हैं।

नागौर पुलिस अधीक्षक नारायण टोगस ने बताया कि गिरफ्तार तीनों नाबालिगों से 3 लाख रुपये बरामद कर लिए गए हैं। अन्य दो आरोपी, जो 2 लाख रुपये लेकर फरार हैं, जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

# बॉर्डर पर पाकिस्तानी घुसपैठिए को बीएसएफ ने किया ढेर

श्री गंगानगर, 25 दिसंबर (एजेंसियां)। राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में बीएसएफ के जवानों ने एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को ढेर कर दिया।

बीएसएफ के अधिकारिक हैंडल की ओर से दी गई जानकारी में बताया गया है कि एक पाकिस्तानी घुसपैठिया भारतीय सीमा में प्रवेश करने का प्रयास कर रहा था। जब उसे जवानों ने रोकने का कोशिश की तो वह आगे बढ़ने लगा। इस दौरान बीएसएफ जवानों ने उसे ढेर कर दिया। उसके पास कुछ पाकिस्तानी मुद्रा, सिगरेट का पैकेट और कुछ अन्य सामान मिला है।

**पाकिस्तानी नागरिक काले रंग के पठानी सूट में**

बताया जा रहा है कि यह घटना केसरीसिंहपुर क्षेत्र के गांव 1एक्स की है। जहां रात के समय जवान गश्त कर रहे थे। इसी समय एक काले रंग के पठानी सूट में एक व्यक्ति अंतर्राष्ट्रीय सीमा पार कर भारतीय सीमा में घुसने की कोशिश करने लगा। जब उसे रोका तो उसने अनसुना कर दिया। जिससे जवानों को फायरिंग करना पड़ा। वहीं मामले को लेकर केसरीसिंहपुर पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई गई है।

# पैंथर का हमला, खेत में काम कर रही किशोरी पर झपट्टा मारकर घायल किया



उदयपुर, 25 दिसंबर (एजेंसियां)। उदयपुर के गोगुन्दा क्षेत्र में खेत पर काम कर रही लड़की पर पैंथर ने अचानक से हमला बोल दिया। हमले के दौरान किशोरी की मां उसके साथ थी, मां के चिल्लाने के बाद पैंथर वहां से भाग छूटा। घटना गोगुंदा पंचायत समिति मुख्यालय से करीब 8 किलोमीटर दूर भूताला पंचायत के गांव पाचावतो की भागल की है।

गांव में रहने वाली घीसीबाई और उसकी बेटी अनिता कुंवर खेत में घास काट रही थी। इस दौरान अचानक आए पैंथर ने अनिता पर झपट्टा मार दिया। ये देखकर मां चीखने लगी। चिल्लाने की आवाज सुनकर पैंथर युवती को छोड़कर भाग गया। चीख सुनकर आसपास के ग्रामीण एकत्रित हो गए। युवती के पिता उसे बाइक पर गोगुंदा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए, जहां से उसे उदयपुर जिला हॉस्पिटल रैफर कर दिया गया।

घटना के बाद ग्रामीणों ने पैंथर के मूवमेंट को देखते हुए पिंजरा लगाकर जल्द से जल्द पैंथर को पकड़ने की मांग की है ताकि वह किसी और पर हमला न करे।

गौरतलब है कि गोगुंदा क्षेत्र में करीब ढाई महीने पूर्व भी आदमखोर पैंथर सक्रिय हुआ था, जिसने करीब नौ लोगों को अपना शिकार बनाया था। उस समय वन विभाग के साथ ही आर्मी और कई रेस्क्यू टीमें पैंथर को पकड़ने में लगी थीं और आदमखोर पैंथर को देखते ही गोली मारने के आदेश दिए गए थे। बाद में पैंथर को मार दिया था लेकिन यह दावे से नहीं कहा गया था कि यह वही आदमखोर पैंथर था। ऐसे में अब फिर से पैंथर के हमले ने ग्रामीणों को दहशत में डाल दिया है।

# हुक्का बार पर छापा

## पुलिस की कारवाई से मचा हड़कंप 12 युवकों को लिया हिरासत में

चूरू, 25 दिसंबर (एजेंसियां)। कोतवाली थाना पुलिस व कालिका यूनिट ने लोहिया कॉलेज के पास टी स्टॉल पर चल रहे हुक्का बार पर कार्रवाई की। कार्रवाई के बाद आसपास की टी स्टॉल में हड़कंप मच गया। पुलिस ने हुक्का बार से एक दर्जन से अधिक युवाओं को राउंड अप किया है। डीएसपी सुनील झाझड़िया ने बताया कि अभय कमांड से सूचना मिली कि लोहिया कॉलेज के पास एक टी स्टॉल पर कुछ युवक बैठे हैं, जो कॉलेज में आने जाने वाली लड़कियों से छेड़छाड़ की हरकत करते हैं। कोतवाली थाना के एसआई रामशरण और कालिका यूनिट की टीम ने मिलकर कार्रवाई की हैं। पुलिस ने मौके से एक दर्जन से अधिक युवकों को राउंड अप किया है। वहीं पुलिस ने कार्रवाई वाले स्थान के पास में चल रही चाय की स्टॉल से हुक्का व तबांकू भी जब्त की है। डीएसपी झाझड़िया ने बताया कि पुलिस की ओर से इस तरह की कार्रवाई लगातार की जाएगी।

# क्रिसमस का त्यौहार हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया





हैदराबाद, 25 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। बुधवार को तेलंगाना राज्य भर में क्रिसमस का त्यौहार हर्षोल्लास और धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। क्रिसमस का त्यौहार उत्सवी और हर्षोल्लासपूर्ण माहौल में मनाया गया और राज्य भर के चर्चों में विशेष प्रार्थना, कैरोल गायन और धर्मोपदेश आयोजित किए गए। ईसाई समुदाय के लोग विभिन्न स्थानों पर चर्चों में विशेष क्रिसमस सेवाओं में भाग लेते देखे गए। घरों और चर्चों को क्रिसमस ट्री और रोशनी सहित क्रिसमस की सजावट से सजाया गया था। मेदक कैथेड्रल चर्च में क्रिसमस का जश्न चल रहा है। क्रिसमस का जश्न सुबह 4.30 बजे सुबह की पूजा के साथ शुरू हुआ। चर्च की परंपरा के अनुसार, क्रॉस को जुलूस के रूप में लाया गया और पवित्र किया गया। प्रभारी बिशप, राइट रेवरेंड रूबेन मार्क ने भक्तों को एक दिव्य संदेश दिया। रेवरेंड रूबेन मार्क ने कहा कि वह एशिया के दूसरे सबसे बड़े ऐतिहासिक चर्च में क्रिसमस मनाकर खुश हैं।खम्मम जिले में क्रिसमस का जश्न बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। त्योहार के लिए चर्चों को खूबसूरती से सजाया गया था। इस अवसर पर, कृषि मंत्री तुम्मला नागेश्वर राव ने समारोह में भाग



लिया और खम्मम शहर में सीएसआई चर्च में प्रार्थना की। इस अवसर पर, मंत्री ने सभी ईसाइयों को क्रिसमस की शुभकामनाएं दीं। इस बीच, हैदराबाद में लोगों ने क्रिसमस का जश्न खुशी और उल्लास के साथ मनाया। चर्च खचाखच भरे हुए थे और गायक समूहों द्वारा गाए गए कैरोल से गूंज रहे थे।क्रिसमस के अवसर पर विशेष प्रार्थना में भाग लेने और एक-दूसरे को बधाई देने के लिए ईसाई समुदाय के लोग जुड़वां शहरों के चर्चों में उमड़ पड़े।

## तेलंगाना 3 जनवरी को हरित और नवीकरणीय ऊर्जा नीति पर चर्चा करेगा

हैदराबाद, 25 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तीन जनवरी, 2025 को हैदराबाद इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (एचआईसीसी), हैदराबाद में तेलंगाना हरित और नवीकरणीय ऊर्जा नीति पर चर्चा करने के लिए सभी हितधारकों के साथ एक बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में देश और विदेश के प्रमुख उद्योगपति और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। तेलंगाना देश के सबसे तेजी से बढ़ते राज्यों में से एक है और विभिन्न क्षेत्रों में फैली एक विविध अर्थव्यवस्था का दावा करता है।

